फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 214 प्रभात जयपुर, मंगलवार 5 मार्च, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Value for Time and Again**

Then, she turned and walked away with 'elephantine dignity' that only elephants can muster. No aggression, no posturing.

**Vaping Increases Asthma Risk**

The study identified an association between *e-cigarette use* and asthma in adolescents, who had never smoked conventional tobacco products.

भारत सरकार

मोदी सरकार की गारंटी

मतलब गरीबों का हित सुनिश्चित

हमारा संकल्प विकसित भारत

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

4 करोड़ से अधिक आवासों का निर्माण



cbc 22201/13/0327/2324



*शोधकर्ताओं ने हाल ही में, घाना के सबसे बड़े संरक्षित क्षेत्र, मोल नैशनल पार्क में गंभीर रुप से संकटग्रस्त वल्चर (गिद्ध) की तीन प्रजातियों की खोज की है, जिन्होंने पार्क में घोंसला बनाया हुआ है। पार्क में हुडेड वल्चर्स (नैक्रोसिटीस मॉनैकस) को पहली बार वैज्ञानिकों ने घोंसले के साथ देखा है। तथापि, बाकी दो प्रजातियाँ, वाइट बैक्ड वल्चर्स (जिप्स ऐफ्रिकैन) और वाइट हैडेड वल्चर्स (ट्राइगोनोसैप्स ऑक्सिपिटालिस) देश में कहीं भी, पहली बार घोंसले के साथ नज़र आई हैं। द जर्नल ऑफ रैप्टर रिसर्च में प्रकाशित इस खोज के सह लेखक, निको आर्सीजा ने कहा, ''मोल नैशनल पार्क में, गंभीर रुप से संकटग्रस्त अफ्रीकी वल्चर प्रजाति की चार में से तीन प्रजातियों का मिलना यह दर्शाता है कि, इन संरक्षण क्षेत्रों को सपोर्ट करना कितना महत्वपूर्ण है।'' शोधकर्ताओं का कहना है कि, घाना में मोल नैशनल पार्क इन प्रजातियों के लिए अंतिम संरक्षित क्षेत्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि, ''हमारे पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि, घाना में और कहीं भी इनकी उपस्थिति है। उम्मीद है कि, घाना में कुछ और क्षेत्र होंगे जहाँ ये पक्षी रहते हैं, परंतु ये नज़र नहीं आए हैं।'' वर्ष 2020 और 2022 के बीच शोधकर्ताओं ने 31 दिनों तक ट्रकों में और पैदल चलकर पार्क के 761 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वल्चरों को ढूंढने की कवायद की। शोधकर्ताओं का आकलन था कि, पार्क में 29-36 हुडेड वल्चर, 25-73 वाइट बैक्ड वल्चर तथा केवल 3 या 4 वाइट हैडेड वल्चर होंगे। तथापि, खोज में उन्हें हुडेड वल्चर के 6 घोंसले, वाइट बैक्ड वल्चर के 10 घोंसले और वाइट हैडेड वल्चर का 1 घोंसला मिला। हालांकि, शोधकर्ताओं को अफ्रीका की चौथी, गंभीर रुप से संकटग्रस्त प्रजाति, रुपैल्स वल्चर नज़र नहीं आई, लेकिन, उनका कहना है कि, सूखे के मौसम में यह प्रजाति कभी कभार ही पार्क में आती होगी, जैसा कि, अन्य वैज्ञानिकों द्वारा ली गई तस्वीरों में सामने आया है।*

# तीसरी बार संसद का चुनाव लड़ने से पूर्व मोदी अपनी छवि में परिवर्तन के प्रयास में?

## इस प्रयास का प्रथम संकेत है, जिस प्रकार के टिकट बांटे हैं उन्होंने इस बार

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। प्रधानमंत्री मोदी, जो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के प्रयास में लगे हैं, अपनी छवि परिवर्तन करना चाहते हैं, और इसके लिए उन्होंने अपने लिए ''स्टेट्समैन'' की भूमिका चुनी है।

एक रोचक घटनाक्रम में, मोदी ने प्रत्याशियों की जारी हुई पहली लिस्ट में कुछ ऐसे वर्तमान सांसदों के टिकट काटे हैं, जो मुसलमानों के संदर्भ में असमाजिक, अपमानजनक तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करते थे। इस प्रयोग के तहत, दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी और पश्चिम दिल्ली के परवेश वर्मा को टिकट नहीं दिया गया है, जिन्होंने पूर्व में मुसलमानों के संदर्भ में कठोर शब्दों का प्रयोग किया है।

भोपाल से साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को भी इसी कारण टिकट से वंचित रखा गया है और उत्तर प्रदेश व राजस्थान के कुछ वर्तमान सांसदों पर भी यह बात लागू होती है। कई अन्य राज्यों में अभी टिकटों की घोषणा होनी बाकी है। कठोर भाषा का प्रयोग वाले कई सांसदों ने सोचा था कि, अल्पसंख्यकों के लिए भद्दी भाषा का उपयोग करने से मोदी की निगाह में उनकी स्थिति मजबूत होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। मीनाक्षी लेखी सहित दिल्ली के अधिकतर वर्तमान सांसदों को बदलने के निर्णय से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि, जमीनी स्तर से जो फीडबैक मिल रहा है वो उतना अच्छा नहीं है, जैसा कि भारी जीत का वातावरण पैदा करने के लिए भाजपा 400 सीट का नारा दे रही है।

इसी कारण कुश्ती संघ के महारथी नेता बृजभूषण सिंह का पहली लिस्ट में नाम नहीं है, इससे यह बात साफ नज़र आती है कि, टिकट वितरण में मोदी उम्मीदवार की छवि पर गहराई से ध्यान दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल से एक सांसद का नाम तब वापस ले लिया गया जब उनके महिला विरोधी सोच व आचरण की खबरें सामने आईं और यह बात भी सामने आई कि, वो बहुत नापसंद किए

- **उन सांसदों को उम्मीदवार नहीं बनाया गया है, जो मुसलमानों के लिये अभद्र व गाली गलोच की भाषा का प्रयोग करते थे।**
- **इस प्रयोग के तहत दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी, भोपाल से प्रज्ञा ठाकुर तथा उत्तर प्रदेश व राजस्थान में कई वर्तमान सांसदों को टिकट नहीं देने का निर्णय हुआ है।**
- **अब तक, सांसद व टिकटार्थी मानते थे कि, अल्पसंख्यकों के लिए भद्दी भाषा का उपयोग करने से मोदी के निगाह में उनकी स्थिति मजबूत होगी, पर हो रहा कुछ उल्टा ही है।**
- **दूसरे शब्दों में टिकट वितरण में टिकटार्थी की छवि भी गहराई से आंकी जा रही है। इसी कारण कुश्ती संघ के महारथी नेता ब्रजभूषण सिंह का नाम प्रथम सूची में नहीं है तथा बंगाल में एक उम्मीदवार का नाम वापस लिया गया, उनके महिला विरोधी सोच व आचरण के कारण।**
- **इसी प्रकार पहली बार केरल व यू.पी. में एक मुसलमान को टिकट दिया गया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बैंगलोर में बम विस्फोट ने भाजपा को तुष्टीकरण के नारे को दोहराने का मौका दिया

**-लक्ष्मण वेंकट कूची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। लोकसभा के आम चुनावों से पहले भाजपा कड़े प्रयास कर रही है, कांग्रेस को एक ऐसी अल्पसंख्यक मित्र पार्टी दर्शाने के लिये, जो अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण में लिप्त रहती है। ना केवल हाल ही में बंगलोर के एक लोकप्रिय कैफे में हुए बम विस्फोट का कारण, कांग्रेस प्रशासन में कमज़ोरी बताया जा रहा है, बल्कि भाजपा ने आरोपों की बौछार कर दी है, अल्पसंख्यक समुदाय को विलेन के रुप में पेश करने के लिये और कांग्रेस को आरोपों में लपेटा गया है, क्योंकि इस पार्टी के अल्पसंख्यकों से विशेष सम्बंध रहते हैं।

बम विस्फोट भाजपा तथा इसके संगठनों के बहुत काम आया, जो पहले ही, कुछ दिन पूर्व विधानसभा परिसर के बाहर हुई ''पाकिस्तान जिन्दाबाद'' की कथित नारेबाजी को जनता में मुद्दा बनाने में जुटी थी। संयोग की बात है कि, घटना दिखाने का दावा करने वाला विडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तथा भाजपा ने नारेबाजी के लिये कांग्रेस समर्थकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी।

इस बीच पुलिस ने 27 फरवरी को विधानसभा के बाहर नारेबाजी के सम्बंध में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है तथा कर्नाटक सरकार ने कहा है कि वह सरकारी लैब से फॉरेन्सिक रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा कर रही है।

भाजपा एक निजी लैब रिपोर्ट का उल्लेख कर रही है, जिसमें यह राय व्यक्त की गयी बताते हैं कि, विडियो सही नजर आता है, तथा विडियो में नारे वाकई लगाये गये थे, इसलिये उपयुक्त कार्यवाही की मांग जायज है।

दूसरी ओर सरकार धीरे चल रही है और वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि विश्वसनीय सरकारी फॉरेन्सिक लैब की रिपोर्ट आ जाये बजाय प्राइवेट लैब रिपोर्ट पर निर्भर होने के, जैसा कर्नाटक का विपक्ष इस समय कर रहा है। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वरा ने यह घोषणा की है कि, गृह विभाग की फॉरेन्सिक रिपोर्ट आने के बाद ही कथित दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।

भाजपा के आरोप, कि सरकार इस मुद्दे को दबाने का प्रयास कर रही है, का स्पष्टतया खंडन करते हुए मंत्री ने कहा, ''भाजपा के, प्राइवेट संस्था की रिपोर्ट के दावे पर कार्यवाही नहीं की जा सकती। सरकार की एफ.एस.एल. रिपोर्ट आयेगी तथा हम गृह विभाग की फॉरेन्सिक रिपोर्ट पर कार्यवाही करेंगे। छुपाने की कोई बात नहीं है, हम रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही करेंगे।'' गृह मंत्री ने प्राइवेट लैब ''क्लू 4'' के सबूत की विश्वसनीयता पर सवाल उठाये। परमेश्वरा ने कहा, ''वो प्राइवेट फर्म कौन

- **भाजपा ने बम विस्फोट को कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रेम व तुष्टीकरण की नीति का परिणाम बताया।**
- **भाजपा अपने इस आरोप के समर्थन में यह भी गिना रही है कि, कर्नाटक के विधानसभा परिसर में कांग्रेस समर्थकों ने ''पाकिस्तान जिंदाबाद'' के नारे भी लगाये थे, जब कांग्रेस के नेता नसीर हुसैन राज्यसभा चुनाव जीते थे, मतगणना के बाद।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मायावती इण्डिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगी?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। अटकलें तेज हैं कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति के बाद इंडिया गठबंधन (इंडियन नैशनल डवलपमैंटल इन्क्लूसिव अलायंस) में बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती

- **समझा जाता है कि, राहुल गांधी के समझाने पर अखिलेश मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल करने के लिए सहमत हो गए हैं और सोनिया 9 मार्च को मायावती को प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित कर सकती हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लालू यादव का मोदी पर कटाक्ष उल्टा पड़ा

## लालू ने कहा, मोदी राम मंदिर बनाने का ढिंढोरा पीटते हैं पर वास्तव में वे हिन्दू ही नहीं हैं

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया, जिसका कोई परिवार नहीं है और जो सच्चा हिन्दू नहीं है। लालू की इस टिप्पणी से भाजपा और विपक्ष के बीच विवाद छिड़ गया है।

लालू यादव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के आदिलाबाद में आज कहा कि ''मैं उनकी वंशवादी राजनीति पर सवाल उठाता हूँ और वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मेरा जीवन एक खुली किताब है। मैं मेरे देश के लिए जीऊंगा।'' भाजपा ने लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज सोशल मीडिया पर ''मोदी का परिवार'' अभियान शुरू किया। अमित शाह और जे.पी. नड्डा सहित पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री के प्रति अपना समर्थन प्रदर्शित करते हुए अपने सोशल मीडिया हैण्डिल्स पर ''मैं हूँ मोदी का परिवार'' वाक्य और जोड़ दिया।पटना में रविवार को जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए यादव ने दावा किया कि प्रधानमंत्री सच्चे हिन्दू नहीं है क्योंकि जब उनकी मां का स्वर्गवास हुआ था तब उन्होंने अपना सिर नहीं मुंडवाया था।'' यादव ने कहा

- **लालू का तर्क था कि, हिन्दू अपने मां-बाप के निधन पर अपना सिर मुंडवाते हैं, पर मोदी ने हाल में अपनी मां का देहान्त होने पर इस हिन्दू परम्परा व धर्म की अनुपालना नहीं की।**
- **भाजपा नेता व सोशल मीडिया टीम ने भारी पलटवार किया और हल्ला मचा दिया सोशल मीडिया में कि, पूरा देश मोदी का परिवार है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव के बाद चुनावी बॉण्ड की जानकारी देगा एस.बी.आई.

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने राजनैतिक दलों के इलैक्टोरल बॉन्ड की जानकारी का ब्यौरा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और समय सीमा बढ़ाकर 30 जून 2024 करने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट ने

- **बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलैक्टोरल बॉण्ड की जानकारी के लिए 30 जून तक का समय मांगा है, तब तक लोकसभा चुनाव नतीजे घोषित होकर नई सरकार भी बन चुकी होगी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''भद्रलोक'' की बगावत का संकेत है, न्यायाधीश गांगुली का ''जुडिशिएरी'' तथा तापस राय का तृणमूल से इस्तीफा?

## न्यायाधीश ने जज के पद से इस्तीफा देते हुए कहा, हम मौर्य साम्राज्य की चर्चा सुनते थे और अब हमारे बच्चे चोरों के साम्राज्य की बातें सुनेंगे

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। कलकत्ता हाई कोर्ट के एक निवर्तमान जज अभिषेक गंगोपाध्याय के इस्तीफा देने के बाद बंगाल का राजनीतिक परिदृश्य एकाएक बदल गया है। गंगोपाध्याय ने घोषणा की है कि वह राजनीति में आएंगे। पद से इस्तीफा देने और राजनीति में शामिल होने की घोषणा के साथ ही जस्टिस गंगोपाध्याय ने एक दिलचस्प टिप्पणी की, ''हमने प्राचीन भारत के इतिहास में मौर्य साम्राज्य के बारे में पढ़ा है। अब हम चौर्य (चोरों के) साम्राज्य के चश्मदीद गवाह बन रहे हैं।

संक्षेप में यह बंगाल की राजनीति के बैरिस्टोक्रेसी से चोर तंत्र का संक्रमण काल है। इस घोषणा ने बंगाल को स्पष्ट रूप से वहां ला खड़ा किया है, जैसा कि वह 1950 के दशक में था। स्वतंत्रता आंदोलन ने जब अपने शुरुआती रूझान दिए थे तब बंगाल की राजनीति को ''बैरिस्टोक्रेसी'' के रूप में जाना जाता था। फिर एक समय ऐसा आया जब जमींदार वर्ग के कुलीनों, शिक्षित और कानून के जाने-माने विद्वानों ने राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना शुरु किया। वामंपथियों के उत्थान से पहले राजनीति के सभी बड़े नाम कुलीन सामाजिक पृष्ठभूमि और सुस्थापित परिवारों से थे। यह एक तरीके की परम्परागत विधारधारा थी जिसमें हर कोई एक दूसरे को और उनके परिवारों को जानता था।

इस शानदार सूची में से कुछ नाम हैं- वोमेश चन्द्र बनर्जी, रोमेश चन्द्र दत्त, चितरंजन दास, अरविंद घोष और यहां तक कि रविन्द्रनाथ टैगोर, बिपिन चन्द्र पाल और बाद में सुभाष चन्द्र बोस। इसलिए यह एक सहज चयन था कि स्वतंत्र बंगाल के पहले मुख्यमंत्री प्रसिद्ध चिकित्सक बिधान चन्द्र रॉय बने। यहां तक कि वामपंथी आंदोलन के शीर्ष नेताओं की पृष्ठभूमि भी ऐसी ही थी। उसमें समृद्ध परिवारों के वंशज, कानूनी पेशे के स्थापित लोग या जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोग अग्रिम मोर्चे पर थे।

इनमें से अधिकांश इंग्लैंड में पढ़े हुए थे। यहां वे हैरल्ड लास्की और रजनी पामे दत्त जैसे के विचारकों से प्रभावित हुए। हीरेन मुखर्जी, सोमनाथ चटर्जी, मोहित सेन, इंद्रजीत गुप्त, स्नेहाणु (बैरिस्टर) आदि कुछ नाम हैं जो कैम्ब्रिज में पढ़े थे। इन्हीं में मानवेन्द्रनाथ रॉय का नाम भी है जिन्हें वामपंथी आंदोलन के लिए दुनियाभर में सम्मानित किया गया था। इसका एक फायदा यह हुआ कि राजनीति में आने वाले ये नेता असल में अपने राजनैतिक सम्पर्कों स ''लूट'' की कोशिश में नहीं जुटे थे। इनमें से किसी ने भी राजनीति से अनाप-शनाप पैसा नहीं कमाया था। यही नहीं ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जब गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर ये नेता अपनी ही पार्टी के खिलाफ हो जाते थे।

- **तापस राय तृणमूल के प्रारंभिक दिनों से पार्टी से जुड़े हुए थे, पर, अब पार्टी में पनप रही चोरी-चकारी, गुंडागर्दी, हिंसा ने इस ''हार्ड कोर'' समर्थक की अन्तरआत्मा को हिला दिया तथा उनका पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा आया।**
- **आज़ादी के बाद, बंगाल की राजनीति में ''बैरिस्टर युग'' था। इंग्लैण्ड में लॉ पढ़े, संभ्रांत, जमींदारी पृष्ठभूमि के युवा राजनीति में छाये हुए थे, कांग्रेस पार्टी हो या वामपंथी दल।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '15 जून तक मुख्यालय खाली करे आम आदमी पार्टी'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को एक बड़ा झटका देते हुए आदेश दिया कि वह 15 जून तक कोर्ट परिसर विस्तार के लिए आवंटित जगह से अपने दिल्ली मुख्यालय को खाली कर दे। इस समय आम आदमी पार्टी का मुख्यालय दिल्ली हाई कोर्ट के विस्तार हेतु आवंटित परियोजना भूमि पर है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने आदेश इसलिए दिया है, क्योंकि, आप मुख्यालय उस भूखंड पर है, जो दिल्ली हाई कोर्ट को आवंटित किया गया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अपना नाम सदा कायम रखने के लिए मनुष्य बड़े से बड़ा जोखिम उठाने, धन खर्च करने, हर तरह के कष्ट सहने, यहाँ तक कि मरने के लिए भी तैयार हो जाता है। –सुकरात

# खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ता रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950–51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरको का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर आंख मींच कर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए 'सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उम्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा है पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जल स्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देश में कैंसर के सर्वाधिक मामलें पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण किसी से अनजाने नहीं हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के खेती में सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**दरअसल औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हांलाकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है।**


रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के समूचे देश भुगत रहे है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़ें सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है। रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा–हवाई नहीं होकर 'सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरमेंट' की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों में कैंसर आम होता जा रहा है।

दरअसल औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हांलाकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। भारत में भी जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है और 20 राज्यों में जैविक नीति लागू करने की पहल की है। खासतौर से उत्तर पूर्वी राज्यों को तो शत प्रतिशत जैविक खेती वाले प्रदेश बनाया जा रहा है। दुनिया के देशों में जहां भूटान जैविक खेती प्रदान देश है वहीं दुनिया में हमारा सिक्किम जैविक खेती के मामलें में अव्वल नंबर पर है। यह भी साफ होता जा रहा है कि जैविक और परंपरागत खेती की और बढ़ना ही होगा पर इसमें कोई दो राय नहीं कि यह सब एक दिन में नहीं हो सकता इसके लिए चरणवद्ध प्रयास करने होंगे।

रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों से बचने के लिए दोहरी और दूरगामी नीति बनाकर आगे बढ़ना होगा। एक और जहां योजनावद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को आवश्यकता के अनुसार ही प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करना होगा वहीं दूसरी और ओरगनिक व परंपरागत खेती को प्रोत्साहित करना होगा। इसके लिए आवश्यक हो तो बजटरी प्रोविजन अधिक करना पड़े तो सरकार को इसे दीर्घावधि निवेश मानकर ही किसी तरह का संकोच नहीं करना होगा। इसके लिए सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को भी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती आबादी और देश में खाद्यान्नों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार को पूरी तरह से उर्वरकों के उपयोग को नकारने की गलती नहीं करनी होगी। बांग्लादेश की पिछले दिनों की गलती से भी सबक लेना होगा। कहने का अर्थ है कि एक और चरणवद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग बढ़ाना होगा वहीं वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# राजस्थान में मोदी की गारंटी ही मुख्य मुद्दा



विनोद पाठक

पिछले दो लोकसभा चुनावों में राजस्थान की 25 की 25 सीटें जीतने वाली भाजपा एक बार फिर क्लीन स्वीप का लक्ष्य लेकर मैदान में उतर चुकी है। हालांकि, अभी चुनाव की तिथियों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन भाजपा ने राजस्थान में 15 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल चार मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी और भूपेंद्र यादव को टिकट दिया गया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव 'मोदी की गारंटी' पर ही लड़ा जाएगा, यह शीशे की तरह साफ दिख रहा है। इसके अलावा, पानी, विकास जैसे कई मुद्दे ऐसे भी हैं, जो वोटरों को प्रभावित कर सकते हैं।

पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा ने एक तरीके से विपक्षी दल कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली है। कांग्रेस अभी प्रत्याशियों के नाम और गठबंधन के उधेड़बुन में ही उलझी हुई है। कांग्रेस आदिवासी बेल्ट में भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) से गठबंधन के लिए लालयित नजर आ रही है। यूं भी लग रहा है कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल इंडि अलायंस के साथ जाकर कांग्रेस से गठबंधन कर सकते हैं। फिलहाल, कांग्रेस का प्रयास अपने बड़े चेहरों को चुनाव में टिकट देने का है, लेकिन बड़े नेता चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा भी राजस्थान में पहुंची है। उसका कितना असर चुनावों पर पड़ने वाला है, यह देखने वाला होगा, क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के कई जिलों से गुजरी थी, लेकिन वोटों में भीड़ बदली नहीं थी। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही भाजपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और वोट मांगेंगे, यह स्पष्ट है। खासकर पिछले पांच साल में मोदी सरकार के जनहित में कराए विकास कार्यों को जनता को बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी खुद राजस्थान में पिछले कुछ महीनो में कई रैलियां कर चुके हैं। विकास की कई योजनाओं की उन्होंने सौगात दी है। फिर भी मरुभूमि में पानी, रोजगार, अपराध, सामाजिक सौहार्द, भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दे प्रमुख रूप से चुनाव में प्रभावी ढंग से उठाए जाने हैं।

राजस्थान में पानी को लेकर पहले भी चुनाव लड़े जाते रहे हैं। पिछले 5 साल से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पानी के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस में जमकर राजनीति हो रही थी। ईस्टर्न राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) पर कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वादा–खिलाफी का आरोप लगाते आ रहे थे। खासकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे थे कि प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वादा किया था। इस मुद्दे पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस से मोर्चा लिया हुआ था। यह मुद्दा कहीं न कहीं लोकसभा चुनावों में भी असर डालने वाला था, लेकिन जोधपुर से तीसरी बार प्रत्याशी बनाए गए शेखावत ने इस मुद्दे को कांग्रेस से छीन लिया है। उनकी पहल पर पार्वती–कालीसिंध–चंबल इंटर लिंकेज रिवर प्रोजेक्ट के साथ ईआरसीपी को जोड़ दिया गया है, जिसमें 90 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार वहन करने वाली है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के 3 जिलों चूरू, झुंझुनूं और सीकर तक यमुना जल लाने के तीन दशक पुराने गतिरोध को भी शेखावत की पहल पर दूर किया जा चुका है। इसका प्रभाव शेखावटी क्षेत्र में देखने को मिलेगा।

राजस्थान में राम मंदिर एक बड़ा मुद्दा बनेगा। भाजपा इस मुद्दे को भुनाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ रही है। राज्य के सभी क्षेत्रों से अयोध्या में रामलला के दर्शनों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। बसों से भक्तों को भेजा जा रहा है। दरअसल, राजस्थान उन राज्यों में शामिल है, जहां वर्ष 1991 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिरने के बाद भाजपा की सरकार कांग्रेस नीत केंद्र सरकार द्वारा बर्खास्त कर दी गई थी।राजस्थान की जनता भावनात्मक रूप से अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ी रही है और बड़ी संख्या में अयोध्या में कारसेवा के लिए यहां से लोग गए थे। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा हुई थी, तब राज्य में लोगों ने उत्सव मनाया था।

हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के कुराज, भ्रष्टाचार और कानून–व्यवस्था को लेकर बड़ा मुद्दा बनाया था। लोकसभा चुनाव में भी इन्हीं मुद्दों को लेकर भाजपा नेता कांग्रेस पर प्रहार कर रहे हैं। पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपयों की लागत वाली विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था, तब भी उन्होंने कांग्रेस पर इन्हीं मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने यहां तक कहा था कि कांग्रेस के पास भविष्य का कोई भी रोडमैप नहीं है। दरअसल, राजस्थान में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है तो कांग्रेस के पिछले 5 साल के शासन की नाकामियों को उठाते हुए भी भाजपा जनता के बीच जा रही है।

चुनाव में मोदी सरकार के चार मंत्रियों की भी अग्निपरीक्षा है। खासकर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लोकसभा क्षेत्र जोधपुर पर सबकी निगाहें रहने वाली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी फ्लैगशिप योजना जल जीवन मिशन का जिम्मा शेखावत के कंधों पर है। राजस्थान में जिस तरह से पानी के मुद्दे पर शेखावत ने पहल कर राजस्थान का मध्य प्रदेश और हरियाणा से समझौता कराया है, वो कितना वोटों में तब्दील होगा, यह भी देखने वाला होगा।

भाजपा ने जिन 15 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसमें कुछ नए चेहरे भी हैं। कुछ पुराने चेहरों के टिकट काट दिए गए हैं। खासकर चूरू से राहुल कस्वां का टिकट काटना बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। कस्वां एक राजनीतिक परिवार से आते हैं और तीन दशकों से उनके परिवार का चूरू सीट पर दावा चला आ रहा था। यहां पार्टी ने पैरा ओलंपिक पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया को मौका दिया है। जालोर–सिरोही सीट से जमीनी नेता लुंबाराम चौधरी को टिकट दिया गया है, जबकि बांसवाड़ा से कांग्रेस से आए महेंद्रजीत सिंह मालवीय को चुनाव मैदान में उतारा है। नागौर में ज्योति मिर्धा को टिकट दिया गया है, जो पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर हार गई थीं। वो भी कांग्रेस से भाजपा में आई हैं। उदयपुर में पार्टी ने नए प्रत्याशी मन्नालाल रावत को मौका दिया है। अलवर से कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव को पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है। यादव बहुल अलवर सीट पर भूपेंद्र यादव की अग्नि परीक्षा होनी है।

राजस्थान में भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज लग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन–400 के लक्ष्य के लिए पार्टी को राजस्थान में वर्ष 2014 और 2019 जैसा प्रदर्शन दोहराने की जरूरत है। साफ है कि राजस्थान में चुनाव मोदी की गारंटी और भावनात्मक मुद्दे पर अधिक लड़ा जाएगा।

**–विनोद पाठक,**
**वरिष्ठ पत्रकार।**

# 'टाको' ने रणथंभौर नेशनल पार्क में वन्यजीव संरक्षण में सहायता के लिए सात पैट्रोलिंग वाहन लगाए

**सवाई माधोपुर।** वेदांता समूह की सामाजिक प्रभाव शाखा, एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) के सहयोग से एक प्रमुख एनिमल वेलफेयर पहल के तहत रणथंभौर नेशनल पार्क में सात पैट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की है।

**■ वेदांता समूह की सामाजिक प्रभाव शाखा, एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) ने पैट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की है**

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में टाको एंकर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की नॉन–एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने आईएफएस के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) और राजस्थान सरकार के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू), पवन कुमार उपाध्याय व अन्य फॉरेस्ट अधिकारियों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रणथंभौर नेशनल पार्क ने टाको द्वारा पहले दिए गए 1 करोड़ रुपये के अनुदान का उपयोग, इन सात वाहनों की खरीददारी में किया है। इस पहल के साथ, टाको खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा करने में संरक्षणवादियों तथा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट्स के प्रयासों में योगदान दे रहा है। वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कार्यक्रम में रणथंभौर नेशनल पार्क के 6 वन अधिकारियों को भी सम्मानित किया।



प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने रणथंभौर नेशनल पार्क के वन अधिकारियों को सम्मानित किया।

इस दौरान प्रिया अग्रवाल हेब्बर (एंकर, टाको, चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और निदेशक, वेदांता लिमिटेड), अनूप के आर (मुख्य वन संरक्षक, रणथंभौर नेशनल पार्क), आकर्ष हेब्बर (ग्लोबल एमडी, वेदांता सेमीकंडक्टर्स एंड डिस्प्ले), पवन कुमार उपाध्याय (आईएफएस, पीसीसीएफ और सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, राजस्थान सरकार), रामानंद भक्कर (उप वन संरक्षक, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान), प्रमोद कुमार धाकड़ (उप वन संरक्षक, पर्यटन रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान) आदि मौजूद रहे।

# सैन्य अभ्यास "धर्मागार्डियन" में बाज ने खोजे आतंकी और श्वानों ने छीने हथियार

**बीकानेर, (निसं)।** धोरों के बीच महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य अभ्यास के लिए बनाया यह काल्पनिक गांव चिड़ासर है। गांव के एक मकान में तीन आतंकियों ने ठिकाना बना रखा है। एक आतंकी इस मकान की तरफ जाने के रास्ते पर राइफल लिए पहरा दे रहा है। भारत और जापान की सैन्य टुकड़ी आतंकियों के खात्मे को आगे बढ़ रही है। दरअसल, यह दोनों देश की सेनाओं के चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास "धर्मागार्डियन" का दृश्य था। इस सैन्य ऑपरेशन में तकनीक के साथ ह्यूमन रिसोर्स की उपयोगिता को भी रेखांकित किया गया। मसलन, ड्रोन की जगह कैमरे लगा सेना का बाज, सैनिकों का आतंकी से सीधा सामना करने से पहले प्रशिक्षित डॉग से सामना करवाना।

जापानी सेना के कमांडर ने आतंकियों को सर्विलांस करने के लिए ड्रोन से पूरे क्षेत्र की रेकी करने का सुझाव दिया। लेकिन भारतीय कमांडर ने ड्रोन की आवाज से आतंकियों के अलर्ट होने का खतरा जताते हुए भारतीय सेना के प्रशिक्षित बाज "अर्जुन" को भेजने का सुझाव दिया। इसके बाद सिर पर कैमरा और पीठ पर जीपीएस चिप लगे बाज ने गांव का चक्कर लगाया और आतंकियों की सटीक पॉजिशन का पता चला। इसके बाद अगले आधे घंटे में क्रॉस फायरिंग,

**■ संयुक्त सैन्य अभ्यास में जापान की 34वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा भारत की 19वीं राजपूताना राइफल्स बटालियन भाग ले रही है**

विस्फोट और सैनिकों के घायल होने से लेकर आतंकियों को ढेर करने के दृश्य देखने को मिले। सबसे पहले गांव के पास मैदान पर स्मॉक बम से धुंआ कर हेलीकॉप्टर से रस्सी के सहारे 9 सैनिक उतरे। इनमें एक सैनिक की पीठ पर श्वान भी बंधा था। सैनिकों ने श्वान को खुला छोड़ा तो वह गांव का पहरा दे रहे आतंकी पर टूट पड़ा। उसे बुरी तरह घायल कर राइफल भी छीन लाया। दूसरी तरफ एक और हेलीकॉप्टर 9 सैनिकों को बैकअप देने के लिए पहुंचा। सैनिक 6–6 के समूह टारगेट वाले मकान की तरफ बढ़े। मकान के एक दरवाजे को विस्फोटक से उड़ा दिया। आतंकी ने मकान से फायर कर एक सैनिक को घायल कर दिया। तुरंत सेना की मेडिकल टीम पहुंची। फिर चारों तरफ से सैनिकों ने एक साथ आतंकियों पर हमला कर चारों को मार गिराया।

जानकारी के अनुसार 25 फरवरी से शुरू हुआ यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 9 मार्च तक चलेगा। इसमें जापान की 34वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा भारत की 19वीं राजपूताना राइफल्स बटालियन भाग ले रही है। चेतक कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह भी इस दौरे में उपस्थित थे।

जापान आर्मी के लेफ्टिनेंट जनरल तोगासी यूईचव ने कहा कि सैनिक एक दूसरे के सैन्य ऑपरेशनल और रणनीतिक अनुभव साझा कर रहे हैं। ऐसे अभ्यासों से दोनों देशों के डिप्लोमेटिक रिश्तों में भी मजबूती आती है। धर्मागार्डियन संयुक्त अभ्यास का 5वां संस्करण है, जो संयुक्त राष्ट्र के अनुरूप अर्ध–शहरी वातावरण में संयुक्त क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# हाईटेंशन लाइन से टकराकर दुर्लभ गिद्ध घायल


**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जिले के फतेहसर में बिजली की हाइटेंशन लाइन से टकराकर एक दुर्लभ प्रजाति का प्रवासी गिद्ध घायल हो गया। पर्यावरण प्रेमियों ने घायल गिद्ध को देखकर वन विभाग की टीम को सूचना दी। शहर से आई वन विभाग की टीम दुर्लभ गिद्ध को अपने साथ ले गई और उसका इलाज करवाएगी। पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह ने बताया कि देवीकोट के फतेहसर इलाके में हाइटेंशन लाइनों से टकराकर दुर्लभ गिद्ध घायल हुआ है। वहां ग्रामीण सोने खां और प्रवीणकुमार ने पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह भाटी को सूचना दी। जिस पर भाटी ने घायल गिद्ध की सुध ली और वन विभाग को सूचना दी।

सुमेर सिंह ने बताया कि उसकी गर्दन और पंखों में चोट आई है। हमने उसको वन विभाग को सौंपा है। अब

**■ पर्यावरण प्रेमियों ने घायल गिद्ध को देख वन विभाग की टीम को सूचना दी**

वन विभाग उसका बेहतर इलाज करवा कर उसे सही करेगा। पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह ने बताया कि यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ गिद्ध प्रवासी पक्षी है और सर्दियों में यहां प्रवास करता है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। इनका प्रवास का रास्ता मध्य–पूर्व से दक्षिणी एशिया की ओर है। इस मार्ग को यूरेशियन ग्रिफॉन के अलावा अन्य प्रजातियां भी इस्तेमाल करती हैं। वहां ज्यादा ठंड होने पर ये प्रवास करके गर्म जगहों पर आते हैं। जैसलमेर में ये फतेहगढ़, लाठी आदि इलाकों में जहां पशु विचरण का इलाका ज्यादा है वहां ये ज्यादा पाए जाते हैं। जैसलमेर में बिजली की हाईटेंशन लाइनों से टकराकर इनके साथ लगातार हादसे हो रहे हैं। कई बार दुर्लभ पक्षियों ने अपनी जान भी गंवाई है। भाटी ने सरकार से मांग की है कि इस इलाके में चल रही हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत किया जाए ताकि इन पक्षियों को दर्दनाक हादसों से न गुजरना पड़े।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 5 मार्च, 2024**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र सांय 4:00 तक, सिद्धि योग दिन 2:08 तक, गर करण प्रातः 8:05 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मेष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज कुमार योग प्रातः 8:05 से सांय 4:00 तक है। भद्रा रात्रि 7:18 असाम्भ होगी। आज श्री रामदास नवमी है। आज दशमी तिथि का क्षय हुआ है। आज स्वामी दयानन्द सरस्वती जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:45 से 11:11 तक, लाभ–अमृत 11:11 से 2:05 तक, शुभ 3:32 से 4:59 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:50, सूर्यास्त 6:26

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। मानसिक तनाव दूर होने लगेगा।। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**तुला**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार




## डबल इंजन सरकार का संकल्प

"हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार के प्रति हमारी जीरो टोलरेंस की नीति है। भ्रष्ट आचरण किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान, खुशहाल राजस्थान।"

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री राजस्थान

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# मोदी की गारंटी

## भजनलाल सरकार कर रही साकार

# भ्रष्टाचार मुक्त हो रहा राजस्थान

# पारदर्शिता एवं सुशासन के प्रति संकल्पित राज्य सरकार

**सजगता से आमजन भी करें पहल**
**आइए मिलकर भ्रष्टाचार पर लगाएं नकेल**

## कोई रिश्वत मांगे तो भयमुक्त करें शिकायत

**1064** 24X7 हेल्पलाइन

**9413502834** व्हाट्सएप नं.

राजस्थान संवाद

**रिश्वत लेना और देना दोनों ही अपराध है**

## आपणो अग्रणी राजस्थान

# भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान

# निजी के समान सरकारी स्कूलों में भी हो बेहतरीन शैक्षणिक सुविधाएं : भजनलाल शर्मा

## 'जहां आवश्यक हों वहां प्राथमिकता से हो शिक्षकों की नियुक्ति'

- **शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, ''राजस्थान बने उत्कृष्ट शिक्षा का मॉडल''**
- **'राज्य सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये संकल्पबद्ध'**

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य गांव, कस्बे से लेकर शहर तक शिक्षा का ऐसा वातावरण विकसित करना है, जिससे हर वर्ग का विद्यार्थी सुंदर भविष्य का सपना देख सके और उसे पूरा भी कर सके।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में स्कूल, उच्च, तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निजी क्षेत्र के विद्यालयों के समान राजकीय विद्यालयों में भी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने की योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थी को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक कठिन परीक्षा को पास कर नियोजित होते हैं। उनमें विद्यार्थियों के भविष्य को बनाने की पूर्ण क्षमता होती है। मुख्यमंत्री ने राजकीय विद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए मानव संसाधनों के सामंजस्य पूर्वक उपयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। इससे जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां विद्यार्थियों को प्राथमिकता से एवं समय पर शिक्षक मिल सकेंगे।

शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के अनियमित स्थानान्तरण के कारण विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके समाधान के लिए शिक्षा विभाग को पारदर्शी स्थानान्तरण नीति तैयार करनी चाहिए। इससे शिक्षकों का योग्यता के आधार पर एवं सही समय पर स्थानान्तरण सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा के सुधार के लिए कुछ जिलों में नवाचार करने के निर्देश भी दिए। जिन्हें निकट भविष्य में पूरे प्रदेश में लागू किया जा सके और राजस्थान पूरे देश में उत्कृष्ट शिक्षा का मॉडल बनकर उभरे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत भाषा के ज्ञान से व्यक्ति के आचार, विचार और संस्कार में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा विभाग को शिविर एवं गोष्ठियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय वार्षिक कलेण्डर प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सुबीर कुमार, स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, संस्कृत शिक्षा सचिव पूनम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को राजभवन पहुंच कर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# कांग्रेस ने बदली रणनीति, कई सीटों पर नए लोगों को मौका देगी

- **भाजपा से नाराज तबके को साथ लाने में जुटे स्थानीय नेता**
- **जाट और बिश्नोई समाज की नाराजगी भुनाने की तैयारी**
- **कई सीटों पर नेताओं के परिजन भी उम्मीदवारी की दौड़ में**

**जयपुर**, (का.प्र.)। भाजपा की लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद अब कांग्रेस भी अपनी सूची की तैयारी में है, लेकिन राजस्थान में भाजपा की ओर से पांच सांसदों के टिकट काटने और दो कांग्रेस से गए नेताओं को टिकट देने के बाद पार्टी ने अब अपनी रणनीति बदल ली है और इस बदली रणनीति में भाजपा से नाराज नेताओं को अपने पाले में करने के साथ ही कुछ सीटों पर पहले से तय किए गए नाम में बदलाव की तैयारी की जा रही है। इस तैयारी में इस बार कांग्रेस नए चेहरों को ज्यादा सामने लाने की सोच रही है।

इससे पहले पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल राजस्थान के दौरे पर आई थी,तो सभी नेताओं से चर्चा हो चुकी थी। उसके बाद सभी नेताओं से दिल्ली में अलग से भी चर्चा करके राजस्थान के नाम को लेकर पार्टी में अंतिम रूप से पैनल तैयार कर लिया था। उम्मीदवारों के नामों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का भी यही कहना है कि कांग्रेस ने सभी 25 सीटों पर उम्मीदवारों के नामो का फैसला कर लिया है, लेकिन अब कुछ सीटों पर रणनीतिक बदलाव पार्टी करने जा रही है और भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे नेताओं को घेरने के लिए कांग्रेस अब नए चेहरों पर दाव लगाने जा रही है।

हालांकि कांग्रेस में कई नेताओं के परिवारजन लोकसभा उम्मीदवारी की लाइन में लगे हैं। इनमें जालौर सिरोही से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, झालावाड़ बारां से जिला प्रमुख और मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी उर्मिला जैन भाया, बांसवाड़ा डूंगरपुर से पूर्व मंत्री अर्जुन बामनिया के पुत्र विकास बामनिया, नागौर से नाथूराम मिर्धा के पौत्र मनीष मिर्धा और विधायक हरेन्द्र मिर्धा के बेटे राघवेंद्र मिर्धा के अलावा श्री गंगानगर से पूर्व मंत्री हीरालाल इंदौरा के बेटे और वर्तमान जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा का नाम प्रमुख रूप से सामने आया है।

इधर कांग्रेस का मानना है कि जिस तरह से चूरू में भाजपा ने राहुल कसवां का टिकट काटा है, उसके बाद पूरी शेखावाटी में चर्चा है कि यह टिकट राजेंद्र राठौड़ की वजह से काटा है। खुद राहुल कसवां भी जिस तरह से सोशल मीडिया पर बगावती तेवर अपना रहे हैं,उसमे कांग्रेस नेता तो इस मामले में कुछ नहीं बोल रहे, लेकिन आम कार्यकर्ताओं के जरिए लोगों में भाजपा को जाट विरोधी पार्टी घोषित के प्रयास किया जा रहे हैं। वही इस बार भी किसी बिश्नोई को राजस्थान से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने को लेकर भी कांग्रेस इस बात को प्रचारित करने में जुट गई है कि बीजेपी इन जातियों को तवज्जो नहीं दे रही है।

कुल मिलाकर अब तक कांग्रेस में जिन नामों को लेकर कवायद हुई है। अब कुछ सीटों जिनमें चुरु, झुन्झनू ,सीकर के अलावा करौली धौलपुर, भरतपुर, टोंक-सवाई माधोपुर, कोटा बूंदी और जोधपुर तथा नागौर में नए नाम की कवायद की जा रही है, ताकि इन सीटों पर भाजपा को पटकनी दी जा सके। कुल मिलाकर कांग्रेस आने वाले एक सप्ताह के अंदर इन तमाम सीटों पर चर्चा करने के बाद उम्मीदवारों के नाम तय कर लेगी, लेकिन घोषणा 15 मार्च के आसपास ही संभावित है।

# जल संसाधन विभाग के चार अभियंता ए.पी.ओ.

**जयपुर**,( का.सं.)। जल संसाधन विभाग ने गोगुन्दा में हुई अव्यवस्था के चलते एक अधिशाषी अभियंता को एपीओ किया है। वहीं एक अतिरिक्त मुख्य अभियंता को हटाया गया है। इसके साथ ही तीन अन्य अभियंताओं को भी एपीओ किया गया है।

आदेशानुसार देवास में मोहनलाल सुखाड़िया जल अपवर्तन खंड देवास में अधिशाषी अभियंता महेन्द्र चारण को एपीओ किया है, वहीं अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश टेपण का अतिरिक्त कार्यभार हटाया गया है।

इसके साथ ही इस आदेश में धौलपुर के अधीक्षण अभियंता डी.के.अग्रवाल, जयपुर के अधीक्षण अभियंता सुरेश मीणा, बागीदौरा के सहायक अभियंता विजश कुमार बालेसा को एपीओ किया गया है। वहीं सहायक अभियंता अनिल कलसुआ का तबादला निरस्त किया गया है।

गौलतलब है कि एक मार्च को गोगुन्दा (उदयपुर) में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा उचित योजना/प्रबंधन के अभाव में अव्यवस्था उत्पन्न हो गई थी। जनसभा के दौरान टेन्ट व्यवस्था सही प्रकार से नहीं थी। मुख्यमंत्री के मंच पर रहते हुए ही टेंट आंशिक रुप से हवा में उड़ गया जिससे कोई दुघर्टना हो सकती थी।

# ईडी ने जयपुर एयरपोर्ट से विदेश भाग रहे एक शातिर ठग को पकड़ा

## आरोपी रफीक खान कॉल सेंटर चलाकर विदेशों में ठगी करता था

- **अपना व्यापार समेट कर विदेश भागने की तैयारी कर रहा था**

**जयपुर**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए विदेश भाग रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर से शारजाह (यूएई) निकलने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी रफीक खान कॉल सेंटर चलाकर विदेशों में ठगी करता था। ईडी कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी। ईडी के अनुसार सोमवार सुबह जानकारी मिली की आरोपी रफीक खान अपना व्यापार समेट कर विदेश भागने की तैयारी कर रहा है।

इस पर ईडी की टीम एयरपोर्ट पर तैनात थी। आरोपी पौने आठ बजे एयरपोर्ट पर पहुंचा। इस दौरान वहां तैनात ईडी की टीम ने उसे पकड़ लिया और ईडी कार्यालय लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रफीक खान ने पुलिस से बचने के लिए लोकल युवती और युवकों को कॉल सेंटर में नौकरी पर लगा रखा था। जिनका काम केवल विदेशियों को कम ब्याज पर पैसा लेने के लिए तैयार करना था। जैसे ही विदेशी तैयार होता कॉल सेंटर में काम करने वाले लोग उनके ऊपर बैठे लोगों को जानकारी देते। इसके बाद ये लोग उनसे ठगी किया करते थे।

गौरतलब है कि एक माह पहले विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के बाद ईडी ने राजस्थान में अलग-अलग जगहों से ऑपरेट हो रहे कॉल सेंटर के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इन सेंटर पर विदेशी लोगों के साथ ठगी की शिकायत दर्ज की गई थी।

इसके बाद ईडी ने राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में पुलिस की मदद से रेड की थी। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को फर्जी कॉल सेंटर चलाने के मामले में गिरफ्तार किया था। जयपुर में श्याम नगर, सोडाला और मुहाना में ये फर्जी कॉल सेंटर चल रहे थे। इन कॉल सेंटर को संचालित करने वाले मुख्य आरोपी रफीक खान की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। साथ ही वह ईडी के भी रडार पर था। यह लोग कॉल सेंटर खोल कर उसमें अच्छी अंग्रेजी बोलने वाले युवक और युवतियों को भर्ती करते थे। उनसे विदेश में फोन कॉल करवाते और अपना कम ब्याज का प्लान उन लोगों को बताया करते थे। जो लोग इन के झांसे में फंसते। उनसे लोन पास करने के बदले अच्छी रकम ठग लिया करते थे।

उधर दूसरी ओर ईडी ने जल जीवन मिशन मामले में 29 फरवरी को पीयूष जैन को गिरफ्तार किया है। ईडी ने उसे विशेष न्यायालय जयपुर में पेश किया जहां से उसे पीयूष जैन को चार दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रौनिक प्रपत्र पर ऑन-लाईन खुली ई-निविदा सिस्टम (द्वि चरण रिवर्स ऑक्शन) आमंत्रित करते हैं। **1. निविदा संख्या:** उपरे-नि-तरंगाहिल-आबू रोड़-एनएल-टी-12; **2. कार्य का नाम एवं स्थान:** सुरंगो का निर्माण , ब्लैकेटिंग सहित बैंक/कटिंग में मिट्टी का काम् बडे/छोटे पुलों, रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी ) का निर्माण, सुपर पासेज का निर्माण किमी 78.060 से किमी 85.000 & किमी 39.160 से 39.360 के बीच अन्य सहायक कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में तरंगा हिल-आबू रोड वाया अम्बाजी नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में; **3. निविदा का प्रकार:** दो पैकेट प्रणाली; **4. अनुमानित लागत:** रूपये 2007500372.99; **5. बिड सिक्योरिटी/धरोहर राशि:** 1000000.00; **6. कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 30 month; **7. निविदा का अन्तिम दिनांक एवं समय:** 03.04.2024; **8. वैबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in 283-AN/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

# राज्यपाल मिश्र से सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राज्यसभा सांसद और प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री घनश्याम तिवाड़ी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से तिवाड़ी की यह शिष्टाचार भेंट थी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे.जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता:** http//www.ireps.gov.in ; **2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 28.03.2024 को 15.00 बजे तक; **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 28.03.2023 को 15.00 बजे के बाद; **निविदा संख्या:** 21TRD-JU-ETENDER-23-24; **कार्य का नाम:** TRD work in connection with CTR of 25.386 km over MTD-JU-Luni section of Jodhpur division. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये):** रू 3422332.00; विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें। 287-AN/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 62/2024
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्रीमती अंजना शर्मा पत्नी श्री जय गोपाल निवासी 250 महात्मा गांधी नगर डीसीएम अजमेर रोड, जयपुर राज. 302021 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत समर्पण 250 महात्मा गांधी नगर डीसीएम अजमेर रोड, जयपुर राज.302021 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.04.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**संख्यांक 2**
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**नाम न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश क्रम 18 आमेर जयपुर**
**श्रीमती मांगी देवी विरूद्ध राजस्थान सरकार व अन्य**
**वाद बाबत घोषण**
**वाद सं. 13सन् 24**
नाम हर आम व खास पुत्र.....जाति...स्थान ....वादिया ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 28 माह 03 सन् 2024 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 22 माह 02 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
रीडर शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर सिविल न्यायालय एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18
जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय, आमेर

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( प्रथम ) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**
**मुकदमा नम्बर 100/2024**
चूंकि श्रीमती लता कुमावत पत्नी श्री जसवन्त कुमावत निवासी 1792, खेजड़ों का रास्ता, वार्ड न. 61, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत **मंदिर सीताराम जी ट्रस्ट (पंचायती आलूकान/हालूके)** 1793, खेजड़ो का रास्ता, भैरूजी का चौराहा, चांदपोल बाजार, जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
**आइदा तारीख पेशी 14.05.2024**
गोल मोहर
आकाश रंजन (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**संख्यांक 2**
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**नाम न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश क्रम-2, जयपुर महानगर (प्रथम)**
**महेश नारायण विरूद्ध कैलाश नाथ**
**वाद बाबत दावा**
**वाद सं. 364सन् 82**
नाम (1) ममता सक्सेना पत्नि स्व. संजय करोलीवाल (2) मनस्वी पुत्री संजय करोलीवाल स्थान म.नं. 365/4 राई जी का घेर, चाँदी की टकसाल, मोती कटला रोड, जयपुर ...ने आपके विरूद्ध...के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 06.03.2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादकी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 02 माह 03 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम

# एस.आई.भर्ती परीक्षा मामले में एस.ओ.जी. ने 15 एसआई को गिरफ्तार किया

## एसओजी ने आरपीए से बारह और किशनगढ़, भीनमाल और गुढ़ामलानी से एक-एक प्रक्षिशु एसआई को हिरासत में लिया

- **इन आरोपियों में बैच का टॉपर भी शामिल हैं।**
- **सूत्रों के अनुसार आरपीए में ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षु एसआई में करीब 25 फर्जी तरीके से पास हुए हैं।**

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 मामले में सोमवार सुबह राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) पहुंची और वहां ट्रेनिंग ले रहे बारह एसआई को पकड़ा। साथ ही एक एसआई को किशनगढ़ ट्रेनिंग सेंटर तो एक-एक को भीनमाल और गुढ़ामलानी से हिरासत में लिया। पन्द्रह एसआई को टीमें जयपुर एसओजी मुख्यालय में लेकर आई है। अब इनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार इनमें इस बैच का टॉपर भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि एसओजी ने 29 फरवरी को गिरफ्तार जेईएन भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई (41) से हुई पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की। जगदीश ने एसआई भर्ती 2021 में भी तमाम कैंडिडेट्स को पेपर उपलब्ध कराए थे। आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे एसआई संदिग्ध पाए गए। उनके दस्तावेजों की जांच शुरू की गई। जांच एजेंसी का मानना है कि पेपर लीक कर या डमी कैंडिडेट बैठाकर ऐसे कैंडिडेट परीक्षा में पास हुए थे। आरपीए डायरेक्टर से परमिशन के बाद एसओजी की टीम आरपीए ट्रेनिंग सेंटर पहुंची थी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी-एटीएस वीके सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को डालूराम को आरपीए से गिरफ्तार किया गया था। डालूराम ने एसआई भर्ती-2021 परीक्षा में अपनी जगह हरचंद उर्फ हरीश को बैठाया था। पुलिस ने हरचंद को सांचैर से गिरफ्तार किया था। डालूराम से हुई पूछताछ में कई अहम जानकारी सामने आई है। बाद में डालूराम फिजिकल में पास हो गया था। वह आरपीए में ट्रेनिंग ले रहा था। डालूराम से मिले इनपुट के आधार पर एक्शन शुरू हो चुका है। इससे ट्रेनिंग कर रहे तमाम कैंडिडेट परेशानी में आएंगे। एसओजी की टीम संदिग्धों से पूछताछ करने आरपीए पहुंची। जहां 13 लोगों को पकड़ा है। पुलिस मुख्यालय को भी इस विषय को लेकर अवगत कराया गया है। आने वाले दो दिन में एसओजी इस विषय पर बड़ा खुलासा करेगी।

गिरफ्तारी के बाद डालूराम से हुई पूछताछ में सामने आया है कि आरपीए में ट्रेनिंग ले रहे 670 प्रशिक्षु एसआई में से करीब 25 फर्जी तरीके से परीक्षा में पास हुए हैं। डालूराम और पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई से मिले इनपुट के बाद एसओजी ने कार्रवाई की है। एसओजी से मिली जानकारी के अनुसार मौजूदा समय में पेपर लीक से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े आरोपियों ने देश छोड़ कर नेपाल का रुख कर लिया है। एसओजी ने इन बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस मुख्यालय को सूची दी है। ये ऐसे बदमाश हैं जो जेल जाने से बचने के लिए विदेश भाग गए हैं। इन लोगों का लुकआउट नोटिस भी जारी कराने की तैयारी हो रही है।

# यूनियन बैंक ने किया पिंकाथोन का आयोजन




**जयपुर**, (का.सं.)। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया जयपुर क्षेत्र की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कैरियर काऊंसलिंग, स्किलिंग, ग्रूमिंग और उनके समग्र विकास हेतु एमपावर-हर के तहत समय-समय पर आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यकर्मों की श्रृंखला में पिन्काथोन का आयोजन किया। पिंकाथोन की शुरूआत क्षेत्र प्रमुख प्रांजल बाजपाई एवं उपअंचल प्रमुख कविता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर की। बैंक की महिला स्टाफ सदस्यों द्वारा यह महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम जवाहर सर्किल जे एल एन मार्ग जयपुर में प्रात 7.30 से आयोजित किया जिसमें सैकड़ों अधिकारियों ने 3 किलोमीटर दौड़ लगाकर नारी शक्ति की ताकत का सन्देश दिया। महिला विंग की कमान सम्भाल रही एचआर अधिकारी मोनिका बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं देश के विकास में उनकी भागेदारी सुनिश्चित करना है। इस तरह के कार्यक्रम आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे हैं जो लगातार आयोजित होते रहेंगे। महिलाओं को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

**खोया पाया**

मेरे मकान नंबर 75/109, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान के Allotment Letter और Possession Letter कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-7725976406

मेरे प्लाट संख्या 94 व 95 योजना पार्वती नगर विस्तार की सोसायटी भांटरोटा गृह निर्माण सहकारी समिति लि. से जारी साईट प्लान एवं मूल रसीद (ओरिजनल) रास्ते में गुम हो गई मिलने पर सूचित करें।- निलम शर्मा-9001530142

दी जयपुर बाल्मीकि गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना-दधिची नगर सीकर रोड के प्लाट नं. सी-49 का सोसाइटी से जारी साईट प्लान जयपुर में खो गया है सूचित करें-सुशीला देवी मो.नं. 9664097318

भूखंड संख्या 59, शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति की योजना-ग्रीन पार्क-बी नांगल जैसा बोहरा जयपुर का सोसाइटी से जारी असल रसीद कहीं गुम हो गयी मिलने पर सूचित करें-देवेन्द्र जैसवाल-7014373681

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम दिलीप सिंह से बदलकर दिलीप सिंह राठौड निवासी 12-13 श्याम नगर, खातीपुरा रोड, झोटवाडा, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे दिलीप सिंह राठौड के नाम से जाना जावें।

मैं छाया जगन्नाथ गायकवाड M/O आर्मी नं. 15221903F लान्स/नायक गायकवाड रमेश जगन्नाथ यूनिट 199 मीडियम रेजिमेन्ट मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में छाया है जो कि गलत है मेरा वास्तविक नाम छाया जगन्नाथ गायकवाड है। जो सही है।

मैं छाया जगन्नाथ गायकवाड M/O आर्मी नं. 15221903F लान्स/नायक गायकवाड रमेश जगन्नाथ यूनिट 199 मीडियम रेजिमेन्ट मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्म तिथि 05/07/1973 है। जो कि गलत है। मेरा सही जन्म तिथि 01/01/1973 है।

I Army No. 2896251M Rank Hav Narpat Singh Sisodia Rajput S/o Bhawar Singh R/o Holpur Khurd, Jodhpur, Rajasthan-342605. In army service record my Father's name Bhanwer Singh wrongly recored. Correct Name is Bhanwar Singh, Vide Affidavit Dated 29.02.2024 Jaipur.

I Am Girija V. W/o Army No. JC 249544H NB/RIS Vijayendiran. D Unit 5 Armed. REGT In My Husband Military Documents My Name Is V. Girija Which Is Wrong My Real Name Girija .V

**fincare** Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **12 March 2024 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**CHITTORGARH** - 23660000872967 | **JAIPUR** - 23660000897510 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 23660000888037 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 23660000888237 23660001123541 23660001129480 23660002236661 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000871759 23660000923043 | **LAXMANGARH** - 23660000911235 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank

# हरमाड़ा में कॉस्मेटिक सामान के गोदाम में आग लगने से पांच मजदूर झुलसे

**जयपुर।** हरमाड़ा इलाके में बड़पीपली के पीछे एक कॉस्मेटिक सामान के गोदाम में सोमवार दोपहर को अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर आधा दर्जन दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से मौके पर काम कर रहे पांच मजदूर झुलस गए। इनमें चार मजदूरों की हालात नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एक मजदूर सैनेटाइजर से हाथ साफ करने के बाद बीड़ी जला रहा था इससे आग लग गई।

- **सूचना पर आधा दर्जन दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया।**

आग लगने से वहां पर काम कर रहे पांच मजदूर फंस गए। सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग में फंसे सभी मजदूरों को बाहर निकाला और दमकल की मदद से अस्पताल पहुंचाया। आग के कारण सभी मजदूर 30 से 40 प्रतिशत झुलस गए।

पुलिस के अनुसार बड़पीपली के पीछे एक्सपाईरी कॉस्मेटिक सहित अन्य सामान का गोदाम बना हुआ है। यह गोदाम संसाद खान का बताया जा रहा है। दमकल को सूचना मिली थी कि बड़ पीपली के पीछे स्थित एक पुराने सामान के गोदाम में आग लगी है। इस सूचना पर पांच दमकल वीकेआई और एक चौमूं से मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया है। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

थानाधिकारी दिलीप का कहना है कि यहां पर पुराने कॉस्मेटिक सामान के साथ कुरकुरे सहित अन्य खाने का पुराना सामान रखा गया था। इस सामान का यहां पर क्या उपयोग किया जा रहा था इसकी जांच की जा रही है। खाने के सामान का उपयोग कैटल फूड में करने भी बात सामने आ रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गोदाम में पुराना स्क्रैप का माल रखा हुआ था। जो अवैध तरीके से चल रहा था। इसकी शिकायत कई बार हरमाड़ा थाना पुलिस की गई, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। यहां काम करने वाले एक मजदूर ने सैनेटाइजर से हाथ धोए और इसके बाद बीडी जलाई। इससे सैनेटाइजर ने आग पकड़ ली। लोगों का कहना है कि यहां पर एक्साईरी मॉल को जमा किया गया था। गोदाम में पुराने माल को नए रैपर में पैक कर सस्ते दामों पर बाजार में भेज दिया जाता है। फिलहाल पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। थानाधिकारी दिलीप ने बताया कि देखते ही देखते आग अन्य मजदूरों तक भी फैल गई। शोर शुरू हो गया। आग से बचने के लिए ये मजदूर फैक्ट्री के अंदर चले गए। आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। आग लगने की जानकारी मिलने पर टीमें मौके पर पहुंची।

इस दौरान पता चला कि कुछ मजदूर आग की चपेट में हैं। इस पर सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पांच मजदूरों को आग से बाहर निकला।

जिन्हें थानाधिकारी हरमाड़ा अपनी गाड़ी से कांवटिया अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मजदूरों को एसएमएस रैफर कर दिया। ये सभी मजदूर 30 से 40 प्रतिशत झुलस गए हैं। आग से यूपी में 22 वर्षीय सादन बेर पुत्र फयाद बेर, 19 वर्षीय निजामुद्दीन पुत्र सलीम दीन, 18 वर्षीय सन्नी पुत्र नरेश मौर्य, 37 वर्षीय संतोष पुत्र रामसेवक और 27 वर्षीय हीरालाल पुत्र मुन्शी मौर्य झुलसे गए।

## सिंथेटिक रुई बनाने की फैक्ट्री में लगी आग

### विद्याधर नगर इलाके में द्रव्यवती नदी के पास सुंदर नगर की घटना

**जयपुर।** राजधानी के विद्याधर नगर इलाके में द्रव्यवती नदी के पास सुंदर नगर में सोमवार शाम एक सिंथेटिक रुई बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। आग की सूचना पर झोटवाड़ा, वीकेआई, बनीपार्क, घाटगेट और 22 गोदाम स्थित फायर स्टेशन से करीब एक दर्जन से ज्यादा दमकल मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का सामान और मशीनरी जल कर राख हो गई। आग का प्राथमिक कारण मशीन के गर्माने से निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में पांच मजदूर काम रहे थे, लेकिन आग के विकराल रुप लेने से पहले सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया। आग की सूचना तीन थानाधिकारी, डीसीपी सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

- **करीब एक दर्जन से ज्यादा दमकलों ने मौके पर पहुंच कर करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया।**
- **आग लगने के दौरान फैक्ट्री में पांच मजदूर काम रहे थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।**

पुलिस के अनुसार द्रव्यवती नदी के किनारे बसे सुंदर नगर में स्थित फैक्ट्री में कपड़ों की कतरन से सिंथेटिक रुई बनाने का काम होता है। मशीन से निकली चिंगारी से रुई ने आग पकड़ ली और आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया। आग की सूचना पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से दमकलों को बुलाया गया। थानाधिकारी राकेश खेलिया ने बताया कि दो भवनों को मिलाकर एक गोदामनुमा फैक्ट्री बनाई गई है। आवासीय कॉलोनी में यह कारखाना चल रहा था। आग मशीन के गर्माने से निकली चिंगारी के कारण लगी है। आग से हुए नुकसान को लेकर फैक्ट्री मालिक से जानकारी ली जा रही है। फैक्ट्री मालिक ने पुलिस को बताया कि आग लगने के दौरान यहां पर पांच मजदूर काम रहे थे। सभी को बाहर निकाल लिया गया है।

## पांच महीने से फरार इनामी बदमाश दबोचा

**जयपुर।** जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी) के दो पुलिस कांस्टेबलों ने लाखों रुपए की धोखाधडी के मामले में पिछले पांच महीने से फरार एक इनामी बदमाश को पकड़ा है। जानकरी के अनुसार दोनों पुलिस कांस्टेबलों के पकड़ने के दौरान इनामी बदमाश ने धक्का देकर भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करते हुए उसे पकड लिया गया। बनीपार्क थाना पुलिस आरोपी इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम के कास्टेबल कोमल सिंह और रामेश्वर को सूचना मिली थी कि बनीपार्क थाने में पिछले पांच महीने पहले दर्ज लाखों रुपए की धोखाधडी के मामले में एक हजार का इनामी बदमाश मुकेश कुमार को हरमाड़ा इलाके में घूमता दिखाई दिया है।

फरारी काट रहे इनामी बदमाश को ढूंढते हुए स्पेशल टीम के दोनों कांस्टेबल हरमाड़ा पहुंचे। टोडी मोड़ पर इनामी बदमाश मुकेश के दिखाई देने दोनों कांस्टेबल ने पकड़ लिया। पुलिस के पकड में आने का पता चलने पर आरोपी मुकेश ने धक्का देकर भागने का प्रयास किया। कांस्टेबल कोमल सिंह और रामेश्वर ने इनामी बदमाश मुकेश कुमार को छुड़ाकर भागने नहीं दिया। बनीपार्क थाना पुलिस ने इनामी बदमाश मुकेश कुमार गुर्जर (44) पुत्र श्रवण कुमार निवासी सीकर रोड हरमाड़ा को गिरफ्तार कर बनीपार्क थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया।

इस संबंध में बनीपार्क थाने में चिडावा झुंझुनूं निवासी भूपेन्द्र कुमार ने 31 अक्टूबर को मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी मुकेश कुमार के परिचित होने के कारण वह जानते है। 7 अक्टूबर को आरोपित मुकेश ने खाने-पीने का सामान लेकर आने की कहकर उससे स्कॉर्पियो गाड़ी की चाबी मांगी। काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर काफी कॉल करने के बाद आरोपी मुकेश ने मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया। काफी दिनों के इंतजार के दौरान मुकेश न एक इकरारनामे की फोटो भेजी। जिसमें स्कॉर्पियो गाडी का सौदा 14.51 लाख में कर मुकेश के नाम बेचान करना मिला। इकरारनामे में उसके फर्जी डॉक्यूमेंट और साइन किए गए थे। एडवोकेट राजेन्द्र यादव के नाम की सील और साइन किया था। एडवोकेट के बारे में पता करने पर उनका देहांत काफी समय पहले होने का पता चला। धोखे का पता चलने पर थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया।

## मिट्टी ढहने से दो भाइयों समेत तीन की मौत

### जयपुर के रामनगरिया इलाके में अक्षयपात्र फाउंडेशन के पास की घटना

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया इलाके में अक्षयपात्र फाउंडेशन के पास सोमवार दोपहर को मॉल के बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सिविल डिफेंस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी को जयपुरिया हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया।

- **दो महीने पहले आए थे जयपुर, मॉल के बेसमेंट का चल रहा था काम**

रामनगरिया थाना सीआई अरुण कुमार ने बताया कि अक्षयपात्रा फाउंडेशन के पास बन रहे एक मॉल के बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था। खुदाई के बाद लेंटर डालने के दौरान अचानक मिट्टी खिसक गई। इसी दौरान मिट्टी गिरने से तीन मजदूर बिहार के कटिहार निवासी इरशाद (22), झारखंड के लतेहार निवासी प्रेमचंद (23) और रामजनम (31) दब गए। वहां काम कर रहे मजदूरों ने पुलिस को सूचना देकर तुरंत तीनों को निकालने में जुट गए। थोड़ी देर में सिविल डिफेंस और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया।

एम्बुलेंस से तीनों मजदूरों को जयपुरिया हॉस्पिटल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनहें मृत घोषित कर दिया। शवों को जयपुरिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मृतक प्रेमचंद और रामजनक सगे भाई थे। दोनों मजदूरी के लिए झारखंड से जयपुर आए थे। घटना को लेकर जांच की जा रही हैं। हालांकि अभी किसी ने लापरवाही की कोई शिकायत नहीं दी है। जानकारी के अनुसार जगतपुरा क्षेत्र में एक मॉल बन रहा है। इसके लिए बेसमैंट की खुदाई हो रही थी। बेसमैंट का एक सिरा, जिसमें मजदूर रहते हैं। उसे पक्का नहीं कराया गया था। वहीं खुदाई का काम चल रहा था, इसी दौरान मिट्टी ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे तीन मजदूर दब गए। तीनों ही मजदूर दो महीने पहले काम करने जयपुर आए थे।

## पीआरएन में सोसायटी पट्टे के मकानों पर बिजली कनेक्शन क्यों नहीं दिया : हाईकोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पृथ्वीराज नगर योजना में सोसायटी पट्टों के मकानों पर बिजली कनेक्शन नहीं देने से जुडे मामले में जेडीए, जेवीवीएनएल और यूडीएच से जवाब तलब किया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश शकुंतला व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में हाईकोर्ट की एकलपीठ के गत 3 नवंबर के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें एकलपीठ ने सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन देने से इनकार करते हुए याचिकाएं खारिज कर दी थी।

अपील में अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने अदालत को बताया की याचिकाकर्ताओं ने पृथ्वीराज नगर योजना में सोसायटी पट्टों की जमीन खरीद कर मकान बनाए थे। सोसायटी पट्टा होने के कारण वे कब्जाधारी की श्रेणी में आते हैं। वहीं विद्युत अधिनियम की धारा 43 के तहत कब्जाधारी को बिजली कनेक्शन दिया जा सकता है। वहीं पूर्व में एकलपीठ में सुगन सिंह के मामले में अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ताओं को जेडीए का पट्टा जारी करने तक सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जाए। अब उस याचिका के पक्षकारों को पट्टे जारी हो चुके हैं। ऐसे में एकलपीठ के गत 3 नवंबर के आदेश को रद्द कर याचिकाकर्ताओं को सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन जारी किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि एकलपीठ के समक्ष जेवीवीएनएल ने भी प्रार्थना पत्र पेश कर बिजली कनेक्शन जारी करने की छूट मांगी थी, लेकिन एकलपीठ ने जेवीवीएनएल के इस प्रार्थना पत्र को भी खारिज कर दिया था।

## स्वयं सहायता समूहों के रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करेंगे : बालकृष्ण

**जयपुर, (का.सं.)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के रिकाड्र्स को डिजिटाइज़ किये जाने के लिये तैयार किये गए लोकओएस एप से सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में किया गया।



**स्वयं सहायता समूहों के रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज़ किये जाने के लिये तैयार किये गए लोकओएस एप से सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।**

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण, के साथ उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनुज गोयल, वित्त नियंत्रक भूपेंद्र प्रसाद कांडपाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक प्रभात द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार की संयुक्त सचिव स्मृति सरन, उप-सचिव निवेदिता प्रसाद द्वारा वर्चुअली सम्बोधित करते हुए इस एप की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला का आयोजन उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में देश के 10 राज्यों उत्तर प्रदेश, अरुणांचल प्रदेश, लद्दाख, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, अंडमान-निकोबार, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए पतंजलि योगपीठ सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण द्वारा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए पतंजलि को एनआरओ के रूप में चयनित करने हेतु धन्यवाद् व्यक्त किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि पतंजलि द्वारा भी 10 लाख महिला शक्ति के साथ योग शिक्षिकाओं के रूप में देश के विभिन्न राज्यों में कार्य किया जा रहा है।

## अपराधियों के ठिकानों पर दबिश मारी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने जयपुर शहर में दहशतगर्दी एवं आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ गिरफ्तारी व तलाशी अभियान चलाया। जिसमें आपराधिकं गतिविधियों में लिप्त रहे अपराधियों को चिन्हित कर उनके ठिकानों एवं निवास स्थानों पर दबिश दी गई। इस विशेष अभियान में 503 अपराधियों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया।

जिनमें से 485 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसमें एनडीपीएस एक्ट में 02, आबकारी अधिनियम में 30, आर्म्स एक्ट में 3, अन्य एक्ट में 10 प्रकरण दर्ज, धारा 151 सीआरपीसी में 213, धारा 110 सीआरपीसी में 16, धारा 107/116 सीआरपीसी में 9, स्थाई व गिरफ्तारी वारंटों में 168 एवं पूर्व के प्रकरणों में 34 अपराधियों को गिरफ्तार किया एवं 16 संदिग्ध वाहन जब्त किये गये। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में ऐसे अपराधी जो इलाके में दहशतगर्दी एवं आपराधिक गतिविधियां कारित कर वारदातों को अंजाम देते है। इस प्रकार के अपराधी गली, मोहल्लों, आस-पास के क्षेत्र तथा शहर में भय का माहौल व्याप्त करते है। जो गंभीर अपराध करते है उनकी आपराधिक गतिविधियों में लगाम लगाने के लिये एवं उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिए अपराधियों की सघन तलाशी एवं दबिश की कार्यवाही जयपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा सभी 1 हजार 370 ठिकानों पर एक साथ की गयी। यह कार्यवाही अति गोपनीय और व्यवस्थित तरीके से की गयी जिससे अपराधी एक दूसरे को सतर्क न कर सकें।

## गोली लगने से घायल हुए नरेंद्र सिंह डिस्चार्ज

**जयपुर।** मणिपाल अस्पताल से डिस्चार्ज से कर दिया गया है। 50 वर्षीय नरेन्द्र को 23 फरवरी को गंभीर घायल अवस्था में हॉस्पिटल मे लाया गया था।

लेप्रोस्कॉपिक सर्जन डॉ प्रशांत गर्ग ने बताया की मरीज के आने बाद हमने देखा की उनके पेट व छॉती में गोलियॉ लगी है और बहुत ज्यादा खून निकल रहा है व उनको सांस लेने में भी काफी दिक्कत हो रही है। इन सबको देखकर हॉस्पिटल की ईमरजेंसी टीम ने उनके लाईफ सेविंग मेजर्स पर लिया व सीटी स्केन के साथ कुछ जरुरी जॉचें करवाई व उनको खूंन चढाया गया। सीटी स्केन से पता चला की उनकी बडी ऑत व किडनी डेमेंज हो गई व साथ ही में डायफ्रम फेफडे की झिल्ली भी फट गई है।

## जनता में जागरूकता से ही कम होगा भ्रष्टाचार : राजीव शर्मा

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो-टोलरेन्स की नीति को सुचारू रूप से लागू करने की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने की जरूरत है।



**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रचार-प्रसार अभियान आयोजित किया गया।**

शर्मा ने बताया कि ब्यूरो द्वारा आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष प्रचार-प्रसार अभियान आयोजित किया गया। इसके तहत प्रदेश में सोमवार को आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसीबी की सभी शाखाओं के माध्यम से विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने बताया कि एक ही दिन में सभी शाखा प्रभारी अपने क्षेत्र के सरकारी, अद्धर्सरकारी एवं सार्वजनिक स्थानों पर एसीबी के जागरूकता पोस्टर चस्पा किये गए। साथ ही एसीबी टीम द्वारा उक्त कार्यालय कर्मियों एवं आमजन से भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता विषय पर संवाद भी किया गया। उन्होंने बताया की इस अभियान के तहत एसीबी के टोल फ्री नम्बर एवं व्हाट्सएप नम्बर को ज्यादा से ज्यादा आमजन में प्रचारित किया जा रहा है। जिससे आमजन निर्भय होकर एसीबी के पास भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश भर के उक्त चिह्नित कार्यालयों में लगाए गए पोस्टर्स पर एसीबी के हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9413502834 प्रदर्शित किये गए हैं।

## सार-समाचार

### सराफ ने किया जिम का उद्घाटन



**जयपुर।** वॉर्ड 131 में सेक्टर 4 स्थित डा. हेडगेवार रंगमंच गार्डन में विधायक काली चरण सराफ ने आज ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सराफ ने जन सुनवाई करते हुए तत्काल कई समस्याओं का निपटारा भी किया। पार्षद गोविंद छीपा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को लेकर लम्बे समय से एक ओपन जिम की आवश्यकता थी। इस अवसर पर एसएमएस हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.बलराम शर्मा, राम कृपाल, सुनील, गंगा राम सैनी, नीरजा सक्सेना सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

### जोशी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर



**जयपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र जोशी के जन्मदिन पर राजधानी के मानव सेवा ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व पुलिस महानिरीक्षक लक्ष्मण गौड़, लेखक और वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा तथा जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर कौशल भरद्वाज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए बताया कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा के लिए महान कार्य है। युवाओं को इस प्रकार के पुनीत कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । रक्तदान महादान कहलाता है क्योंकि हमारा रक्त मुसीबत में किसी के काम आता है और हम एक अनजान से खून का रिश्ता बना लेते हैं। शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। गौरतलब है देवेंद्र जोशी स्वयं भी 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके है।

### नेशनल सिक्योरिटी मॉड्यूल प्रशिक्षण शुरू

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तहत केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर की ओर से इंडियन रेवेन्यू सर्विस (इन्कम टैक्स) के 77वें बैच के 91 अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय नेशनल सिक्योरिटी मॉड्यूल प्रशिक्षण सोमवार को शुरू हुआ।सीडीटीआई के निदेशक एवं डीआईजी डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल एम.एल. कुमावत एवं विशिष्ट अतिथि प्रिसिंपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स (अन्वेषण) सुधांशु शेखर झा रहे। उद्घाटन सत्र के अवसर पर कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आईआरएस अधिकारियों की महत्ती भूमिका है। इन अधिकारियों का कार्यक्षेत्र केवल आयकर संग्रहण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि टैरर फण्डिंग, मनी लॉन्ड्रिंग, क्रिप्टो करेन्सी जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में प्रयुक्त होने वाले धन पर निगाह रखना भी है। विशिष्ट अतिथि झा ने पुलिस प्रशासन एवं रेवेन्यू सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने पर बल दिया।

## 43 दिन के बच्चे पर जानलेवा हमला

**जयपुर।** जयपुर में 43 दिन के बच्चे पर सोते वक्त किसी ने हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर मां कमरे में पहुंची तो गर्दन से खून निकल रहा था। इसके बाद परिवार बच्चे को लेकर तुरंत जेके लोन अस्पताल पहुंचा। बच्चे अभी आईसीयू में भर्ती है। दो दिन में बच्चे को दो यूनिट ब्लड चढ़ाया जा चुका है। घटना रामगंज इलाके की है।

घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा सहित पुलिस के अधिकारी क्राइम सीन पर पहुंचे। जांच शुरू की। पुलिस ने बच्चे के चाचा की ओर से दी गई शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने रिपोर्ट में बताया कि एक माह 13 दिन का अजेफ अपने कमरे में सो रहा था। दोपहर साढे 12 बजे बच्चे के कमरे से रोने की आवाज आई। उसकी मां कमरे में गई। देखा की अजेफ के गर्दन से खून निकल रहा है। इस पर अजेफ की मां ने शोर करना शुरू किया। परिवार के अन्य लोग भी कमरे में पहुंचे। बच्चे को लेकर जेके लोन अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। बच्चे की स्थित अभी सामान्य बनी हुई है। उसे आईसीयू में रखा गया है। बच्चे के चाचा जावेद खान की ओर से रामगंज थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया हैं। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने सबसे पहले मौका देखा। उस के बाद पीड़ित परिवार से रिपोर्ट लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। परिवार में करीब 30 से 40 लोग रहते है। उस दौरान भी बड़ी संख्या में घर में लोग मौजूद थे। ऐसे में बाहर के व्यक्ति के आने को लेकर जांच की जा रही है। जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## इलेक्ट्रॉनिक्स-सेनेटरी के शोरूम में चोरी

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में इलेक्ट्रिक-सैनिटरी शोरूम में चोरी का मामला सामने आया है। शटर का लॉक तोड़कर अंदर घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। शोरुम से करीब 2 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर बदमाश फरार हो गए। शोरुम में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि करधनी निवासी प्रदीप अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि बेनाड रोड पर उनका इलेक्ट्रिक-सैनिटरी का शोरूम है। शनिवार रात रोज की तरह वह शोरूम लॉक कर घर चले गए। देर रात शोरुम को निशाना बनाते हुए शटर का लॉक तोड़कर नकाबपोश दो बदमाशों ने वारदात की। शोरुम में घुसकर बदमाश करीब 2 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए।

## कार सवार बदमाश ने किया युवती का अपहरण

**जयपुर।** कार सवार बदमाश एक युवती का अपहरण कर ले गया। घटना के सम्बंध में पीडिता के पिता ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिहार निवासी कालीचरण ने मामला दर्ज करवाया कि वह सिवार मोड डी मार्ट के सामने चाय की थड़ी चलाता है। कुछ समय पहले हनुमान चौधरी कार में सवार होकर आया और उसकी 18 वर्षीय बेटी प्रियंका उर्फ सकीना का अपहरण कर ले गया। पीड़ित ने बदमाश का पीछा किया,लेकिन वह तेज गति से गाड़ी चलाकर फरार हो गया। थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि फिलहाल अपहृत युवती का पता नहीं चल पाया है। युवती की खोजबीन जारी है।

- **पीड़ित ने बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह तेज गति से गाड़ी चलाकर फरार हो गया**

## प्लाटों को हड़पने का षड्यंत्र

**जयपुर, (का.सं.)।** राजधानी के सांगानेर स्थित वाटिका में हसनपुरा ए गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों व काश्तकारों और भूमाफिया की मिलीभगत से सोसाइटी द्वारा काटी गई स्कीम में सभी भूखण्ड धारियों के प्लाटों को खुर्द बुर्द कर हड़प लेने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

इस समस्या से परेशान होकर लगभग 275 भूखण्ड धारियों ने इस मामले में जेडीए और पुलिस प्रशासन को शिकायत देकर इस समस्या से राहत देने की मांग की है। यह जानकारी पीड़ित भूखण्ड धारियों ने सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में सोसाइटी के पदाधिकारियों और काश्तकारों ने किसी भूमाफिया के साथ मिलकर भूखण्ड धारियों के अधिकारों पर कुठाराघात करते हुए उस पूरी जमीन पर अतिक्रमण करने की नीयत से 20-20 फुट की लगभग 500 लोहे की चादरें लगाकर और दीवार बनाकर ढक दिया। इस पर भूखण्डधारियों ने अपनी सजगता व तत्परता से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रेसवार्ता के दौरान चंद्रमोहन खत्री, प्रेमसुख बिश्नोई, जसपाल कौर, ज्योति घई, अनुपम यादव, आशीष गुप्ता, संगीता सेठी जे.के. जैन, संतोष जैन, राजेश मीणा, सोहन साहू, राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित हुए।

## दो पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत शास्त्री नगर थाना इलाके में अवैध हथियार रखने वाले सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से दो पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने शास्त्री नगर थाना इलाके में अवैध हथियार रखने वाले सक्रिय बदमाश मोहम्मद शाहरुख कुरैशी (31) निवासी हाजी कॉलोनी सीकर हाउस हाल शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार उसके पास से दो पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।

ARBIT it happens here...
राष्ट्रदूत
TUESDAY
05 March 2024
A-B



## Read an E-Book Week

E-books have been growing in popularity among readers. With E-books, you can keep all of your favourite books in one place and can carry your 'E-book device' with you anywhere, without having a backpack filled with paperback books. While some may prefer the authentic feel of paper instead of a touch screen, for those who love E-books, *Read an E-book Week* has everything to offer for book lovers and is an exciting time for great deals. With an *E-Book*, your entire library fits in your pocket! Plus, they're eco-friendly, cost-effective, and perfect for on-the-go reading.

#RESEARCH

# Vaping Increases Asthma Risk

The study identified an association between *e-cigarette* use and asthma in adolescents, who had never smoked conventional tobacco products.



*Vaping* increases the risk of asthma in adolescents, who have never smoked conventional tobacco products, a new study suggests.

Vaping, or the use of *electronic cigarettes* (e-cigarettes), among adolescents has grown dramatically over the past several years. Although e-cigarettes have fewer toxins than regular cigarettes, they still contain a mixture of harmful chemicals and raise the risk of respiratory diseases.

For the new study, published in *Preventive Medicine*, the researchers analysed data from a national survey of youth, to determine whether there is an association between 'vaping and asthma.' The researchers also sought to identify factors that may be associated with *e-cigarette use* in adolescents.


The team used data from the Youth Risk Behaviour Surveillance System, a national health dataset, set up by the Centers for Disease Control and Prevention, to track the health behaviours and outcomes of children and youth. This study used data collected between 2015 and 2019, that included information on e-cigarette use. The analysis included data on more than 3,000 adolescents, aged 13 to 17 in Texas and more than 32,000 adolescents in the United States, for comparison.


The survey asked respondents whether they had ever used an e-cigarette, how many days during the previous 30-day period, they had used one, and whether they had ever been told by a healthcare professional that they had asthma.

The study included information on respondent's gender, age, race and ethnicity, body mass index (BMI), and presence of depression symptoms. The analysis also included data on the use of other substances, such as conventional cigarettes, alcohol, and illicit drugs.

The study identified an association between *e-cigarette use* and asthma in adolescents, who had never smoked conventional tobacco products. This demonstrates that *vaping* increases the risk of asthma, independently from conventional tobacco product use, in adolescents.

The researchers also found evidence that some demographic factors, behaviours related to substance use, and the presence of depressive symptoms are associated with e-cigarette use.






Adolescents, who used conventional cigarettes, alcohol, and other substances, were more likely to use e-cigarettes, as were people with depression.

Additionally, Hispanic adolescents in Texas were, significantly, less likely to have used e-cigarettes than their non-Hispanic white peers. However, the researchers found no notable differences between racial and ethnic groups for the US, overall. More research is needed to identify factors that could be associated with lower e-cigarette use among Hispanic adolescents in Texas.

"Increasing knowledge about the harmful effects of e-cigarette use, implementing stricter regulations, and promoting alternative coping mechanisms for mental health are potential interventions to mitigate e-cigarette use," says lead author Taehyun Roh, assistant professor in the Epidemiology and Biostatistics department at the Texas A&M University School of Public Health.

Given the burdens, presented by asthma and the growing use of e-cigarettes in adolescents, the researchers are hopeful that these findings will help inform public health efforts to reduce e-cigarette use.




# Value for Time and Again

PART:1

These two were his fully-grown *millennial chicks* from a previous brood, who know what human millennials worked out, only in this generation. That it's easier to live off your parents than to work for your own living. *Hornbill youngsters* do that for a year or more, after they are fully fledged, until the parents finally kick them out, altogether. The interaction was fabulous to watch.





#JUNGLEBOOK





Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

He came with a lizard in his beak. A choice tidbit, most appreciated. But only if you're a *Sri Lanka Grey Hornbill* (*Ocyceros gingalensis*). The female lays up to four white eggs, in a tree hole, blocked off during incubation, with a cement made of mud, droppings and fruit pulp. There is only one narrow aperture, barely wide enough for the male to transfer food to the mother and chicks. These birds usually live in pairs or small flocks, consisting of up to five birds (2 adults and 2-3 juveniles). They are omnivores, observed consuming berries, fruits, insects and small lizards. It feeds mostly on figs, although occasionally, it eats small rodents, reptiles and insects.

We- my friend, Ifham Raji and I, were parked in our open *Toyota Hilux safari vehicle*, our cameras mounted on sandbags, placed on the roof of the cab and focused on the hole in the tree, which was the *Hornbill nest*. We could see the beak of the female from time to time as she threw out the waste from her nest, ensuring that it remained clean.

It was early morning and the forest was filled with birdsong. A *Shama* (*White-rumped shama-Copsychus Malabaricus*) alighted on a twig facing me, scarcely five feet away, and gave me a personal recital of his song. I wanted to photograph him but decided to let only my memory do the job, for the fear of scaring him away with my movement. The *Shama* has a black head, a brown waistcoat and a black tailcoat with two long tail feathers. On the back is emblazoned his white shield, on which he hasn't inscribed his coat of arms yet. The white shield, on the back, is very striking. But above all this, what impressed me was his 'attitude.' Confidence, curiosity, friendliness! *He came, he saw, he sang and he conquered my heart.*

Meanwhile, the *male Hornbill* came with his delicacy but looked extremely suspicious and skittish. I wondered whether we were the cause of his alarm or anything else, until I saw two other *Hornbills*, fully-grown juveniles, that flew in, as if they'd been lying in wait for him. One, which I think was the male, dive-bombed him, to try to make him drop his catch. That was fairly easily taken care of by the simple action of swallowing it. When this tactic didn't work, after trying it several times, the male gave up

> So, now there was the father, finally having got rid of his pesky brood, ready to feed his mate. But with what, I wondered. Because he had swallowed the *lizard* to save it from being eaten. Sounds oxymoronic but there it was! So, I watched. He looked all around. Called a few times to assure his mate that he still loved her. His raucous call, that can be music, only to a *female Hornbill*'s ears.

and went off into the forest. The female decided that the best way was to appeal to whatever nobility existed in the heart of her father, and simply begged. She did that so 'pathetically and effectively' that he eventually coughed up something for her. I say 'father' because that's who he was! These two were his fully- grown *millennial chicks* from a previous brood, who know what human millennials worked out, only in this generation. That it's easier to live off your parents than to work for your own living. *Hornbill youngsters* do that for a year or more, after they are fully fledged, until the parents finally kick them out, altogether. The interaction was fabulous to watch.

This is my greatest pleasure in *bird photography*, watching 'interaction' as birds afford you an opportunity that mammals and reptiles don't. Birds go about their lives as if you don't exist and allow you a glimpse into their lives. That's a privilege, which pays the patient, who value their time.

You may be surprised to see the use of the phrase, "value their time," in a context different from the usual. We imagine that our frenetic lifestyle is worthwhile and that the best use of time is to cram as much into it as possible, with no thought about what we get as a result. I believe that the best use of time is to consider the result, in whatever we propose to do with it, and then, spend the time only if the result warrants it. Time is not money. 'Time' is far more valuable than 'money.' Money can be earned, lost but replaced. Time is free, can be lost but never replaced. That's why I'm very careful with my time and consider sitting for six hours, watching a *Hornbill father* take care of his mate, while avoiding the raids of his children, one of the most beneficial uses of my time. That's how long it took us to get some decent photographs.

So, now there was the father, finally having got rid of his pesky brood, ready to feed his mate. But with what, I wondered. Because he had swallowed the lizard to save it from being eaten. Sounds oxymoronic but there it was! So, I watched. He looked all around. Called a few times to assure his mate that he still loved her. His raucous call, that can be music, only to a *female Hornbill's* ears. He flew from perch to perch, all around the nest-hole, to assure himself, from every angle, that the coast was clear. Then, he landed on the vertical trunk of the tree, on the lip of the nest-hole. Then, I loed and beheld. To my amazement, the lizard emerged. And after it, a large green beetle, a large black beetle, a large grey caterpillar, and one after another, a series of blackberries (not the phone, real ones). Not having been a *Hornbill* ever, in my career, nor privy to his loading sequence, I can't say if everything came out as it was ingested. But the *lizard* was last in, first out. Then he was off.

> It is nesting season and *Bulbuls* are busy building their nests. They are among the most vocal of birds and having this grass in its beak, didn't stop it from saying, "Excuse me, what, on earth, are you doing, simply sitting and watching that silly leopard, being drowsy? Don't you have other things to do?" Having got no response, he decided that he didn't have time to waste with me and flew off.

The second trip was a repeat of the first. We wait and wait. The *Shama* takes pity on us and returns to sing us another song. Then, the juveniles return to check out if dad is back with food. The male chick is chased out of another part of the forest by a highly aggressive and territorial *Golden Oriole*. The GO is one-sixth or less in size but has ten times his courage. So, throwing all dignity to the wind, the *Hornbill chick* makes haste with the GO in hot pursuit. All he had to do was to stand and say, "Okay, do your worst." And the *Oriole* would have come face-to-face with his limitations. But this is a world of deception, even for birds, and noise counts more than action.

I sensed something behind us. I had been listening to some movement in the forest, with an occasional branch breaking, and dry leaves gently rustling. Could be *junglefowl* or *monkeys*! But as I turned around, I saw the biggest *cow elephant* that I've ever seen, in this part of the world. *Sri Lankan elephants* are the biggest of Asian elephants and this one was proof.

She came out of the forest like a shadow, in total silence. She turned and looked at us, in the *safari jeep*, barely 20 meters from her. Then, she turned and walked away with 'elephantine dignity' that only elephants can muster. No aggression, no posturing. Someone who knows herself and her own power, and has no need to demonstrate it to anyone. Someone who is content, even to let those intruding into her space, to do so without protest, as long as they are respectful. Big question in my mind was what was she doing alone! Where was her family? We saw her twice more, both times alone. I wonder what that story is!

Meanwhile, the *Hornbill* returned. This time, regurgitating a series of red berries, one after another and passing them to his mate through the hole in the wall. It was amazing to see the precise nature of the sequence where he would bring out one at a time, run it up his long beak, and very delicately, drop it into the nest. I didn't see him actually feeding his mate nor did I see her take the fruit from his beak. But it all went into the nest-hole.

A *Barking Deer* cautiously made his way out of the forest on my right and hurriedly crossed the open patch of the road and entered the undergrowth on my left. My dilemma was whether to photograph him and risk disturbing the *Hornbill*. But he solved my dilemma by taking off again, on his never ending quest, to keep his spouse happy. Never saw anyone work so hard at this! Reminded me of the picture that I see every morning in my mirror.

The *jungle* is full of surprises and wonders for the one who takes the 'time to look.' As we were driving in search of the *leopard*, the king of *Wilpattu* and, indeed, *Sri Lanka*, we saw a small bird on its nest, incubating its eggs. It was so confident of its camouflage that it didn't budge, as I photographed it.

A *Sri Lankan Junglefowl* came out of the forest, followed by his hens. His blood-red comb, with the yellow blaze in the center, distinguishes him from the *Indian Red Junglefowl*, whom he resembles. He crowed to announce to the world that he was walking the earth and then, busied himself, scratching in the dirt.

As we were watching a *leopard*, sitting drowsily, through a gap in the bushes, a very busy *Red-vented Bulbul* landed on a twig near me, with a piece of grass folded like a bow tie in his beak. It is nesting season and *Bulbuls* are busy building their nests. They are among the most vocal of birds and having this grass in its beak, didn't stop it from saying, "Excuse me, what, on earth, are you doing, simply sitting and watching that *silly leopard*, being drowsy? Don't you have other things to do?" Having got no response, he decided that he didn't have time to waste with me and flew off.

Yeah! I know. Where's the scene of all this action? *Wilpattu National Park, Sri Lanka*.

**-To be continued**





rajeshsharma1049@gmail.com

#GUT HEALTH

# Tofu By-product 'Cookies' Offer Lots Of Fibre

Conversion of food by-products has garnered attention, globally, in recent years



Scientists report using *fermentation to create okara biscuits* are palatable and good for gut health.

The production of soy-based products like *tofu* results in a solid by-product known as *okara*. About 4.4 million tons of *okara* are produced each year in China, Japan, and Korea alone. Commonly used as livestock feed, *okara* is becoming an 'ingredient of interest' for food due to its high fibre content.


While okara could be a good source of dietary fibre at a low cost, its fibrous texture and lack of flavour mean that more must be done for it to become an 'appealing ingredient.'

To address this challenge, assistant professor Kim Jung Eun and her research team from the National University of Singapore, department of Food Science and Technology, under the Faculty of Science, embarked on a series of studies to improve the attractiveness of *okara* as a source of dietary fibre and to provide scientific evidence of the health benefits of okara.

"Conversion of food by-products has garnered attention, globally, in recent years as a way to achieve *sustainable food systems* through discovering alternative uses and value of these by-products. Our studies demonstrate the value of incorporating *nutritious okara* into foods, and regular consumption of okara can improve the quality of an individual's daily diet through meeting the recommended fibre intake while additionally providing health benefits," says Kim.

In an earlier study, published in LWT in 2020, Kim and her research team successfully enhanced the texture and flavour of *okara-containing biscuits* through fungal fermentation. Fermentation is common in food production, such as in bread and wine-making. Fungal fermentation breaks down large fibre molecules and undesirable flavour molecules in okara, producing biovalorised okara, which is characterized by nutritional improvements such as greater content of soluble fibre, free amino acids, along with greater anti-oxidant activity.

Biscuits, made with biovalorised *okara powder*, were sweeter, crispier, and less hard than biscuits made with regular, non-biovalorised okara.



In the follow-up study, 15 healthy, middle-aged participants alternated among consuming biovalorised okara, non-biovalorised okara, and control biscuits, that did not contain okara, over 16 weeks. The participants also recorded their three-day food intake, for the researchers to understand their dietary habits, during the study.

"We used fermentation with food-safe microorganisms to incorporate *okara* into a palatable food product. In our study, we provided our participants with okara that can be readily consumed in the form of biscuits, without major interference to their habitual lifestyle and diet," says Delia Lee, the first author of the study.

The research team found that participants, who ate biovalorised okara biscuits, had increased their total soluble fibre intake to the recommended levels. In contrast, participants, who ate regular biscuits, recorded nearly 10% lower soluble fibre intake.

Dietary fibre acts as 'food for our gut bacteria,' which break down dietary fibre to produce short-chain fatty acids (SCFA), which are molecules, essential for maintaining gut health as well as overall health status.

To determine whether biovalorised okara biscuits were beneficial to gut health, the NUS team analysed SCFA levels of the participants after consuming the biscuits. They discovered that consuming biscuits, with *biovalorised okara*, brought about significantly higher SCFA levels in the bloodstream, compared to consuming biscuits with non-biovalorised okara. This was paired with a reduction in secondary bile acids, which are known to be harmful to cells in the gut. The researchers also found that consuming biscuits, with biovalorised okara, increased the abundance of *Bifidobacterium*, a bacterium ubiquitous in the gut, which wields health-protective effects.


"We assessed the SCFA levels in both, the blood and fecal sources, to discover the presence of a higher concentration of SCFA, circulating in the blood, post-intervention compared to SCFA that is found in fecal samples, demonstrating potential anti-inflammatory health benefits," says Lee.

In this recent study, Kim and her team have obtained positive results to support the integration of *okara* into meals, to augment the nutritional diet quality. They also found that *biovolarisation* is an attractive processing option to enhance okara's nutritional profile.

"Based on our current study, we observed an improvement of gut health after regular consumption of *okara-containing biscuits*. We hope to further examine the effect of okara-containing foods in individuals with metabolic syndrome (MetS)," says Kim.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विद्युत तार चोरी के मामले में चार जने गिरफ्तार

## सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा



मसूदा पुलिस ने विद्युत पोल से तारों की चोरी करने के आरोप में चार जनों को गिरफ्तार किया।

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा पुलिस ने क्षेत्र में विद्युत पोल से तारों की चोरी करने के आरोप में चार जनों को गिरफ्तार किया। मसूदा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह राव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचन्द खारिया के निर्देशन में तथा वृताधिकारी वृत मसूदा राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना द्वारा विद्युत तार चोरी का खुलासा कर आरोपीयो को गिरफ्तार किया। 1 जनवरी को अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत खम्भों से विद्युत तार व ट्रॉसफार्मर से तेल चोरी के सम्बन्ध में पेश रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश आरम्भ की गई।

मुखबीर की सूचना पर संदिग्ध सम्पतसिंह पुत्र मदनसिंह को दस्तायाब किया जाकर पूछताछ की गई तो सम्पतसिंह द्वारा सहआरोपी विक्रमसिंह, नरेन्द्रसिंह उर्फ सोनू, अशोक सिंह, नैनूसिंह के साथ मिलकर सरहद ग्राम देवाजी के खेड़ा (दौलतपुरा द्वितिय) में विद्युत तार चोरी किया जाना कबूल किया। जिस पर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सम्पतसिंह पुत्र मदनसिंह निवासी ग्राम गोपला का नाका रामगढ़ पुलिस थाना मसूदा, विक्रम सिंह पुत्र मदनसिंह निवासी ग्राम गोपला का नाका रामगढ़ पुलिस थाना मसूदा, नरेन्द्रसिंह उर्फ सोनू पुत्र मांगूसिह निवासी गोपला का नाका रामगढ़ पुलिस थाना मसूदा एवं अशोक सिंह पुत्र कानसिंह निवासी रेल का बाडिया, पुलिस थाना मसूदा की गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। टीम में शामिल रहे मसूदा थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह राव, हैड कांस्टेबल जगवेन्द्र, कांस्टेबल सूरज, विजय, भोमाराम, बन्नाराम शामिल थे।

## टिकट चेकिंग में 40 हजार से अधिक यात्री पकड़े

**कोटा, (निसं)।** डीआरएम मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में मंडल के वाणिज्य विभाग ने अबतक वर्तमान

**■ कोटा रेल मंडल को 24.82 करोड़ जुर्माना राशि प्राप्त**

वित्तीय वर्ष के ग्यारह महीनों में 2023-24 में अप्रैल से फरवरी 2024 तक टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 4 लाख मामलों से 24.82 करोड़ रुपये अर्जित किये।

जिसमें बिना टिकट के 1.80 लाख मामले, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 2.2 लाख मामले एवं बिना बुक गये सामान के 445 मामले शामिल है। जबकि केवल फरवरी में कुल ऐसे मामले 40,423 पाए गये जिसमे बिना टिकट 12,889 मामले, अनुचित यात्रा 27,441 और बिना बुक वाले 93 मामले शामिल है। जिससे कोटा रेल मंडल को केवल फरवरी माह में टिकट चैकिंग से कुल 1.90 करोड़ रूपये जुर्माना राशि आर्जित हुई। इससे कोटा मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चैकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/जनसम्पर्क अधिकारी, कोटा नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# हिंसक जानवर ने बाड़े में बंधे पन्द्रह मवेशियों को मारा



कुमपुरा में वन्य जीव के हमला कर देने से 15 भेड़-बकरियों की मौत हो गई।

**मसूदा, (निसं)।** कुमपुरा में तड़के हिंसक वन्य जीव के हमला कर देने से 15 भेड़-बकरियों की मौत होने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। वन विभाग टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। ग्राम कुमपुरा निवासी मदन रविवार रात्रि को उसके घर से कुछ दूरी पर स्थित बाड़े में भेड़ बकरियों को बाँधकर घर आ गया था।

**■ वन विभाग टीम ने सभी मृत भेड़ बकरियों का पोस्टमार्टम कराया**

सोमवार तड़के बाड़े मे कोई हिंसक वन्य जीव घुस गया एवं बाड़े में बंधी भेड़ बकरियों पर हमला कर दिया। जिससे 13 भेडों एवं दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रात: जब मदन बाड़े में पहुँचा तो भेड़ बकरियों के क्षत विक्षत शवों को देखकर वह घबरा गया। उसके शोर मचाने पर आस पास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे एवं मामले की जानकारी वन विभाग की दी। जिस पर वनरक्षक हजारी लाल जाट वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटना स्थल के आस पास हिंसक वन्य जीव की तलाश की। जानकारी मिलने पर मसूदा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह राव व वन विभाग के रेंजर भी मौके पर पहुंचे। वन विभाग टीम ने सभी मृत भेड़ बकरियों का पोस्टमार्टम कराया।

ग्राम कुमपुरा मे बाड़े मे भेड़ बकरियों पर हमले को लेकर प्रथम दृष्टया पैंथर का हमला माना जा रहा है। साथ ही भेड़ बकरियों पर हमला करने का तरीका भी पैंथर जैसा होने से ग्रामीणों में भी आसपास पैंथर होने को लेकर भय व्याप्त होने लगा है। ग्राम कुमपुरा में हिंसक वन्य जीव के हमले से 15 भेड़ बकरियो की मौत हो जाने से पीड़ित परिवार ने क्षेत्रीय वनअधिकारी को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

# निर्माणाधीन कमरे में चाय बनाते समय फटा सिलेंडर

## हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में स्थित पारीक भवन में सोमवार की सुबह 7 बजे निर्माणधीन कमरे में मजदूरों द्वारा चाय बनाते वक्त सिलेंडर फट गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

**■ रोड पर आकर गिर गया था सिलेंडर, कमरा मलबे में तब्दील**

लेकिन सिलेंडर फटने से कमरा मलबे में तब्दील हो गया पारीक भवन में गायत्री ब्लॉक का निर्माण कार्य चल रहा है तथा ग्रेनाइट का काम करने वाले मजदूर निर्माणधीन एक कमरे में रूक रखे हे सोमवार की सुबह 7 बजे चाय बनाते वक्त सिलेंडर लीकेज होने के कारण बिस्तरों ने आग पकड़ ली मजदूर घबराकर कमरे से बाहर भाग कर आ गए। इसी दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से कमरा मलबे में तब्दील हो गया तो वहीं सिलेंडर के टुकड़े खिड़कियां और कांच दूर-दूर जाकर गिरे।

गनीमत रही कि पारीक भवन में शादी समारोह वाले सो रहे थे। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि नीचे ही शादी वालों के लिए नाश्ता और चाय बन रहा था लेकिन हादसा सुबह होने के कारण सभी शादी वाले अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि दूर-दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी और वही शादी समारोह वाले तेज विस्फोट की आवाज से घबरा कर जाग गए और अफरा तफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

वहीं मजदूर पप्पू ने बताया कि मैं कमरे में चाय बना रहा था कि इस दौरान सिलेंडर लीकेज होने के कारण बिस्तरों ने आग पकड़ ली। आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सभी मजदूर दौड़कर बाहर आ गए। इसी दौरान सिलेंडर फट गया और कमरा पूरा मलबे में तब्दील हो गया तो वही कमरे की खिड़कियां कांच दूर-दूर जाकर गिरे। शादी समारोह में मौजूद लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया।

## आबकारी टीम ने 52 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की

**श्रीकरणपुर, (कासं)।** आबकारी विभाग की ओर से गांव 29 एच एरिया में दबिश दी गई। इस दौरान वहां पर 52 लीटर हथकढ़ शराब जब्त करने के साथ 800 लीटर लाहन भी नष्ट किया गया।

कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपी मौके से भाग गया। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। प्रहराधिकारी विनोद कुमार सहू ने बताया कि गांव 29 एच एरिया में शराब माफिया सक्रिय होने की सूचना आ रही थी।

इस दौरान गांव के निकट एच माइनर नहर के किनारे मिला 800 लीटर लाहन नष्ट किया गया। वहीं एक जगह चालू भट्टी के साथ 52 लीटर हथकढ़ शराब भी बरामद की गई। कार्रवाई में सिपाही राजपाल लखेसर, बजरंग लाल, दीपक कुमार व पवन यादव आदि जाब्ता साथ रहा।

# सोसायटी की पेयजल समस्या को लेकर अधिकारियों को फटकार

**जोधपुर, (कासं)।** एक सोसायटी की पेयजल समस्या को लेकर अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश की पालना नहीं की तो हाईकोर्ट ने फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने अधिकारियों और सोसायटी के मैनेजर को साफ कहा कि अगली पेशी पर आप सजा के लिए तैयार रहना। मामला जोधपुर के भखरासनी स्थित सुशांत सोसायटी का है, जिसे 2003 में बसाया गया था। इसके बाद यहां के लोगों ने कई बार जेडीए (जोधपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी) से लेकर पीएचईडी के अधिकारियों के चक्कर काटे और जब सुनवाई नहीं हुई तो 2021 में हाईकोर्ट में पानी को लेकर याचिका लगाई।

सुशांत सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी तेज प्रकाश पाठक ने बताया कि अभी यहां करीब 300 परिवार रह रहे हैं। पानी की पाइप लाइन को लेकर जेडीए, पीएचईडी और बिल्डर अंसल प्रॉपर्टी के बीच 2008 में एमओयू हुआ था। जिसके अनुसार जेडीए ने डिमांड नोट जारी किया और 3 करोड़ रुपए डेवलपर की ओर से जेडीए में जमा करवा दिए गए। रुपए जमा होने के बाद भी जेडीए ने 13 साल तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं की। कई बार हम जेडीए के अधिकारियों के पास गए और इसके बारे में बताया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आखिर 2021 में जनहित याचिका दायर की गई और 23 दिसंबर 2023 की सुनवाई में हाईकोर्ट ने जेडीए के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए इसके निस्तारण के लिए कहा।

सेक्रेटरी पाठक ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जनवरी में जेडीए, पीएचईडी और सुशांत सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के बीच मीटिंग हुई लेकिन इस मीटिंग में जेडीए के अधिकारी पाइप लाइन को लेकर मुकर गए। एडवोकेट दीनदयाल चितलांगी ने बताया कि इसी मामले को लेकर आज सुनवाई थी। सुनवाई में इस मामले में कोई प्रोठोस नहीं दिखी तो हाईकोर्ट ने अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि बार-बार हाईकोर्ट के आदेशों की अवेहलना की जा रही है।

इस दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य सचिव, पब्लिक हेल्थ एवं इंजीनियरिंग विभाग के सचिव व जेडीए सचिव समेत पीएचईडी और इंजीनियरिंग विभाग के एसई के साथ अंसल प्रॉपर्टी के जनरल मैनेजर को आगामी पेशी 3 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। साथ में कहा कि आगामी पेशी पर आप तो सजा सुनने के लिए हाजिर रहे।

सोसायटी के सेक्रेटरी ने बताया कि यहां के लोग पिछले 20 सालों से परेशान है। जोधपुर शहर से भी ये प्रोजेक्ट करीब 15 किलोमीटर दूर है। हर बार यहां पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। हालात ये हैं कि यहां के लोग अपने खर्चे से पानी के टैंकर मंगवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार तो हालात ये भी हो गए कि दो-दो दिन तक पानी तक नहीं मिलता था। यहां के लोग नाराज भी थे। मैनेजर को बोला तो उन्होंने हमें एमाओयू के डॉक्युमेंट दिखा दिए। इसके बाद हम लोगों ने तय किया कि खुद ही जाकर अधिकारियों से मिलेंगे। लेकिन, उन्हें अपनी हर पीड़ा बताने के बाद भी समाधान नहीं किया। यहां तक कि हाईकोर्ट के आदेशों को भी हल्के में ले लिया और पानी की पाइप लाइन के लिए मना कर दिया।

## डकैत रणिया गैंग का साथी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार गोयल के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराध मुक्त राजस्थान सौ दिवीसय कार्य योजना के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी अशोक कुमारसिंह चम्पावत मय टीम द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान जगीयाराम उर्फ जगीया पुत्र मनसीराम बुम्बडिया निवासी कुकावास मांडवा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ माण्डवा पुलिस पर हथियारो सहित जानलेवा हमला कर हथियार लूटने वाली रणिया गैंग में शामिल होकर 11 माह से फरार था।



कोटपूतली के ग्राम देवता में एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में टीम गौ रक्षक सरपंच वीरेन्द्र गोठड़ी की ओर से एक बैड, 71 बर्तन, टेबल, कुर्सी, चौकी, पंखा, 5 सूट आदि का सहयोग करते हुए भात भरा गया। उल्लेखनीय है कि वीरेन्द्र गोठड़ी के नेतृत्व में विगत दो वर्षो से ''गरीब की बेटी हमारी बेटी'' मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत लगभग 120 शादियों में टीम द्वारा सहयोग किया जा चुका है। इस मौके पर कर्मपाल चेयरमैन नांगल चौधरी, संजू ठेकेदार थनवास, मनोज जोशी, विक्रम सरपंच, पवन चंदेला, मंगेज रावत, ख्यालीराम ठेकला आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** खेरोदा थाना क्षेत्र मेंहुए सडक हादसे में कार में सवार युवक की मौत हो गई तथा चालक घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरोदा थाना क्षैत्र में हुए सडक हादसे में उदयुपर से वाना की तरफ जा रही अनियंत्रित कार पलट गई। हादसे में कार में सवार भूपेन्द्रसिंह (28) पुत्र रामसिंह निवासी बरोड़िया की मौत हो गई तथा साथी कार चालक सुरेन्द्रसिंह घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई लक्ष्मणलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। 2 मार्च रात में कार चालक कार लेकर उदयपुर से वाना की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते वाना रोड़ पर हादसा हो गया।

# झोलाछाप द्वारा लगाए इंजेक्शन से बच्चे की हालत बिगड़ी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जहाजपुर के शक्करगढ़ में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से 18 महीने के मासूम की तबियत बिगड़ गई, जिसे जहाजपुर हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक विनय रेगर पिता भैरू लाल निवासी रेगर मौहल्ला शक्करगढ़ को बुखार आने पर भुआ आरती रेगर गांव में लगी प्राइवेट क्लीनिक पर ले गई। वहां पर झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से बच्चे के तान की बीमारी आ गई आनन-फानन में बच्चे को शक्करगढ़ चिकित्सालय ले गए। वहां के डाक्टर ने उसे जहाजपुर चिकित्सालय में रेफर कर दिया। चिकित्सालय में इसका इलाज जारी है। बुआ आरती रेगर ने बताया कि विनय को बुखार आने पर प्राईवेट क्लिनिक पर ले गई जहां पर पहले बच्चे को भाप लगाई गई फिर उन्होंने कहा कि उसको इंजेक्शन लगाना पडेगा तो उन्होंने इंजेक्शन लगाया। फिर हम बच्चे को लेकर शक्करगढ़ चिकित्सालय गये वहां से डाक्टरों ने जहाजपुर चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं बच्चे का जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है।



मासूम को जहाजपुर हॉस्पिटल रेफर किया गया।

# कर्ज और बीमारी से परेशान युवती ने फांसी लगाई

## मृतका के पिता ने बताया कि घर की पूरी देखभाल बेटी ही करती थी

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र के भगवानगंज में एक युवती ने कर्ज और बीमारी से परेशान होकर घर के अंदर बने मंदिर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला सामप्त कर ली। पिता ने बेटी को फंदे से उतार कर जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचा, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह अस्पताल पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

**■ मकान बनाने के लिए उसने रिश्तेदारों से 7 से 8 लाख रुपए उधार लिए थे**

भगवानगंज रामबाग निवासी युवती सारिका (32) पुत्री महेंद्र सिंह ने अपने घर के अंदर बने मंदिर में चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिता महेंद्र घर पर पहुंचे तो बेटी को फंदे पर लटका देखा। जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। पिता कैची से फंदा काटकर बेटी को जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामगंज थाने की एएसआई पूरणमल ने बताया कि भगवानगंज निवासी सारिका पुत्री महेंद्र सिंह ने घर पर सुसाइड किया है। मेडिकल जूरिस्ट की ओर से उन्हें इसकी सूचना दी गई थी।


मृतका के पिता महेंद्र सिंह ने बताया कि घर का पूरा देखभाल बेटी सारिका ही करती थी। वह एक प्राइवेट लैब में ऑपरेटर का काम करती थी। मकान बनाने के लिए उसने अलग-अलग रिश्तेदारों से करीब 7 से 8 लाख रुपए उधार लिए थे। इसके बाद उसने एक ठेकेदार से संपर्क किया था, सात महीने पहले ठेकेदार बिना मकान बनाएं 3 लाख रुपए लेकर गायब हो गया। मकान नहीं बनने और कर्ज से परेशान होकर वह डिप्रेशन में आ गई थी। ठेकेदार के खिलाफ रामगंज थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। पिता ने बताया कि काफी सालों से उसे माइग्रेन की बीमारी थी। उसकी लंबे समय से दवाइयां भी चल रही थी। लेकिन कुछ महीनों से वह ज्यादा परेशान रहने लग गई, एक महीने पहले ही उसे अस्पताल में भर्ती करवा कर इलाज करवाया था। बीमार रहने के कारण वह परेशान चल रही थी। हालांकि रामगंज थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# खेत में गांजे के पौधे बरामद किये

## तीन लाख 60 हजार रूपये बताई जा रही है कीमत

**भवानीमण्डी, (निसं)।** पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक खेत में उगे हुए गांजे के दस पौधे बरामद किये हैं जिनकी कीमत करीब तीन लाख 60 हजार रूपये बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर बताया कि रमेशचंद थानाधिकारी थाना भवानीमण्डी मय जाप्ता द्वारा आरोपी कालूराम बंजारा खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजा के 10 पौधे वजन सात किलो 200 ग्राम को बराम कर जप्त करने में सफलता मिली।

यह कार्यवाही चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं मनोज कुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी मय जाप्ता द्वारा मुखबीर की सूचना पर आरोपी कालूराम पुत्र भग्गा जाति बंजारा निवासी पालियाखेडी के खेत पर पहुंचे जहां कालूराम बंजारा ने अपने खेत में अवैध गांजे के 10 पौधे लगा रखे थे। अवैध गांजे के 10 पौधे वजन 7 किलो 200 ग्राम व बरामद कर जप्त किया जाकर कालूराम बंजारा के विरूद्ध धारा 8/2 एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।



भवानीमण्डी पुलिस ने एक खेत में उगे हुए गांजे के दस पौधे बरामद किये।

## अवैध अफीम की खेती करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** माण्डवा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध अफीम की खेती करने वाले को गिफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में अवैध अफीम के पौधे जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक यागेश कुमार गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के निर्देशन में माण्डवा थानाधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने 3 मार्च को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रूपणी खादरा गाव में मसरू पुत्र खातरू बुम्बडिया के खेत में पहुंच कर दबीश दी। जहां गेहूं की फसल के बीच अवैध अफीम के 8365 हरे पौधे मौजूद थे। जिसका वजन किया तो 2 क्विंटल 25 किलो 100 ग्राम था। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर अवैध अफीम के पौधे जब्त कर प्रकरण दर्ज कर मसरू पुत्र खातरू निवासी रूपणी खादरा को गिरफ्तार किया। मामले की जांच कोटड़ा थानाधिकारी अशोक कुमार को सौंपी है।

# ग्रामीणों ने रॉयल्टी नाका फूंका, कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई

## हमला करने वालों ने कर्मचारियों को जान से मारने, जिंदा जलाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी और पथराव भी किया

■ घटना को लेकर नाकाकर्मी ने थाने में केस दर्ज करवाया, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र के पुराना परासोली में नदी के नजदीक 29 फरवरी को स्थापित किये गये रॉयल्टी नाके को ग्रामीणों ने फूंक दिया। इतना ही नहीं, हमला करने वालों ने नाके पर तैनात तीन कर्मचारियों को जान से मारने, जिंदा जलाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकियां दी और पथराव भी किया। इस घटना को लेकर नाकाकर्मी ने थाने में केस दर्ज करवाया है।

आसींद पुलिस के अनुसार, धौलपुर जिले के मनोज पुत्र प्रतापसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि अम्बालाल गुर्जर, जमना लाल कुमावत, तेजू माली, लक्ष्मण, धर्मीचन्द बलाई, विक्रम सिंह राजपूत, महेन्द्र कुमार प्रजापत, नानू गुर्जर, गोवर्धन कुमावत, घनश्याम माली, कमलेश माली और अन्य 10-15 महिलाओं और ग्रामीणों को आरोपित बनाया है। मनोज ने रिपोर्ट में बताया कि वह करीब 8-9 महिने से बजरी लीज क्षेत्र में बतौर रॉयल्टी नाका कार्मिक जॉब करता है। आसीन्द में बजरी रॉयल्टी का ठेका मैसर्स अभिषेक चौधरी के नाम है। 29 फरवरी को ठेकेदार ने नदी क्षेत्र के किनारे पर नया रॉयल्टी निगरानी नाका स्थापित किया था। नाका पर परिवादी मनोज, रोहित राजपूत व धर्मपाल नायक को निगरानी ड्यूटी के लिए लगाया था। 29 फरवरी से ही वे, तीनों नदी क्षेत्र में स्थाई टेंट लगाकर वही रहकर ड्यूटी कर रहे थे। खाना-पानी भी टेंट में ही रख रखा था।

परिवादी का आरोप है कि एक मार्च को ये आरोपित नाके के पास आये और परिवादी सहित तीनों कार्मिकों को धमकाया कि ये नदी हमारे गांव की है। हम तुम्हे यहां से बजरी खनन नहीं करने देंगे। इसके बाद 3 मार्च को ये सभी आरोपित गिरोह बनाकर आये और आते ही चेक पोस्ट के टेंट को चारों ओर से घेर लिया। गाली गलौच कर धमकाने लगे। तीनों ने चारों ओर से स्वयं को घिरा देखा तो वहां से भागने लगे, इस पर उक्त आरोपितों ने उन पर पथराव किया, लेकिन तीनों कार्मिक जान बचाकर वहां से भाग गये। कर्मचारियों ने ठेकेदार व पुलिस थाने में सूचना दी। इस दौरान हमलावरों ने टेंट को उखाड़ दिया और उसके अंदर आग लगा दी। राशन का सामान व बिस्तर बिखेर दिया। आग से तंबू व बांस जलकर राख हो गये। परिवादी का आरोप है कि इन आरोपितों में से दो ने अपनी औरतों को आगे करते हुये कहा कि इन लोगों को पकड़ लो और झूठे मुकदमे में फंसा दो। आरोपियों ने परिवादी सहित अन्य कर्मचारियों को भी धमकियां दी। पुलिस ने मनोज की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

## अवैध बजरी माफिया के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

■ ग्रामीणों ने कहा कि अवैध बजरी माफिया हाथ पांव तोड़ने की धमकी दे रहे हैं

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आसींद उपखंड क्षेत्र के परासोली के ग्रामीणों ने उपखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। तहसील कार्यालय के सामने ग्रामीणों ने नारे लगाते हुए कहा कि अवैध बजरी माफिया अवैध बजरी खनन कर रहे हैं और ग्रामीणों को हाथ पांव तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। प्रदर्शन में ग्रामीणों ने बजरी माफिया पर आरोप लगाते हुए बताया कि बजरी माफिया अपनी वैध लीज क्षेत्र से बाहर आकर बजरी का दोहन कर रहे हैं तथा बजरी दोहन के दौरान बजरी माफिया के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ भी अभद्रता की जाती हैं,

ग्रामीणों द्वारा बजरी माफिया के कर्मचारियों को तकाजा देने पर गोली से मारने जैसी धमकी धमकियां देने के आरोप ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि कृषि कार्य के दौरान गुजरने वाले बजरी लीज ठेकेदार के कर्मचारी भी महिलाओं से अब अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान आसींद तहसीलदार भंवरलाल सेन ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेकर एक टीम गठित कर इस मामले पर लीज धारक को पाबंद किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की अबकी बार 400 पार की गारंटी को पूरा करना है : भूपेंद्र यादव

## अलवर से भूपेंद्र यादव को लोकसभा प्रत्याशी बनाने पर बधाई दी



भूपेंद्र यादव के दिल्ली आवास पर कार्यकर्ताओं को अलवर विधायक व मंत्री संजय शर्मा ने संबोधित किया। इस दौरान महंत योगी बालकनाथ, रामहेत यादव सहित विधायक व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ यादव ने जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सबको मिलकर प्रधानमंत्री मोदी की अबकी बार 400 पार की गारंटी को पूरा करने व विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए एक-एक घर जाकर वोट मांगने हैं

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी पहली सूची में अलवर से भारत सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाकर भेजा है। अलवर से भूपेंद्र यादव के नाम की घोषणा से नेताओं से लेकर आमजन के बीच चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। सोमवार को अलवर विधायक व राजस्थान सरकार में मंत्री संजय शर्मा किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रामहेत यादव, तिजारा विधायक महंत योगी बालकनाथ सहित लोकसभा क्षेत्र से नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली आवास पर पहुंचकर भूपेंद्र यादव को बधाई दी।

इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और फोटो खिंचवाई तथा भोजन किया। यादव ने जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सबको मिलकर प्रधानमंत्री मोदी की अबकी बार 400 पार की गारंटी को पूरा करने व विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए एक-एक घर जाकर वोट मांगने हैं। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भूपेंद्र यादव को अलवर से चुनाव लड़ाकर अलवर के विकास की उड़ान को पंख लगाने के साथ अलवर को देश के मानचित्र पर लाने के संकेत पहले ही दे दिए हैं। अलवर को भूपेंद्र यादव डायमंड की खान के रूप में मिले है।

अलवर विधायक व मंत्री संजय शर्मा ने कहा भाग्यशाली है अलवर के कार्यकर्ता जिन्हें भूपेंद्र यादव जैसे नेता मिलने जा रहे हैं। तिजारा विधायक महंत योगी बालकनाथ सहित अलवर जिले से पहुंचे नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। गौरतलब है कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का अलवर से गहरा रिश्ता भी है। भूपेंद्र यादव की बहन अलवर में रहती है और पिछले कई सालों से अलवर की जनता से बेहद करीबी बनाए हुए हैं।

राज्यसभा सांसद कोष से अलवर लोकसभा की प्रत्येक विधानसभा में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की अभिशंषा पर विकास के लिए बजट आवंटन किया है। गांवों को गोद लेकर विकास किया है। लोगों का मानना है कि अलवर को 10 साल बाद देश की राजनीति में बड़ा नाम रखने वाला नेता अलवर को मिलने वाला है। 10 साल पहले अलवर को भंवर जितेंद्र सिंह के रूप में अलवर का विकास करने वाला नेता मिला था। भंवर जितेंद्र सिंह कांग्रेस पार्टी में बड़ा नाम है। राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं, देश की संसद में मंत्री रह चुके हैं। अब देखने वाली बात यह होगी की भूपेंद्र यादव के सामने भंवर जितेंद्र सिंह खुद चुनाव लड़ते हैं या फिर किसी अन्य को प्रत्याशी बनवाते हैं।

## लोकसभा प्रभारियों की नियुक्ति

**जयपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के लिए ओबीसी सामाजिक सम्मेलन, युवा ओबीसी छात्रावास बैठक एवं युवा सम्मेलन लोकसभा प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है। ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने बताया कि महावीर सिंह चारण को श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, सुनील गहलोत को बीकानेर, भवानी सिंह चारण को चुरू, फूलचंद कुमावत को झुंझुनू, अंजू सैनी को सीकर, महेन्द्र सिंह पंवार को जयपुर ग्रामीण, रामेश्वर गुर्जर को जयपुर शहर, विनोद कुमार परिहार को दौसा, सुनीता चैधरी को अलवर, महेन्द्र यादव को भरतपुर, शक्ति रथ सिंह को करौली-धौलपुर, अनुराग जांगिड़ को टोंक-सवाईमाधोपुर, सुनील यादव को अजमेर, पुष्कर तेली को राजसमंद, चन्द्रभान गुर्जर को नागौर, शशि प्रकाश प्रजापत को पाली, सहीराम विश्नोई को जोधपुर, राजेन्द्र जांगिड़ को बाड़मेर, जगताराम देवासी को जालौर-सिरोही, चन्द्रशेखर सोनी को उदयपुर, जगदीश सुथार को बांसवाड़ा, हिंगलाज चारण को चित्तौड़गढ़, नन्दलाल गुर्जर को भीलवाड़ा, हीरालाल परिहार को कोटा-बूंदी और राधेश्याम बैरागी को झालावाड़ लोकसभा का प्रभारी लगाया गया है।

# बारिश, ओलावृष्टि से बढ़ी ठिठुरन वाली ठंड

## तापमान में भारी गिरावट

■ फाल्गुन माह में भी फसलों पर बर्फ की चादर नजर आने लगी

**श्रीगंगानगर/सूरतगढ़,** (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश और ओलावृष्टि ने इलाके के लोगों को ठिठुरन वाली ठंड का अहसास करवा दिया है। दिनभर करारी धूप खिलने के बावजूद सर्द हवा कंपकंपी छुड़ाती रही। बारिश और ओलावृष्टि से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 22.6 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट के साथ 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

उत्तर भारत में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में पारा एकबार फिर जमाव बिंदू पर पहुंच गया है। फाल्गुन माह में भी फसलों पर बर्फ की चादर नजर आने लगी है। क्षेत्र में दो दिन से बादलवाही व हल्की बरसात के बाद अलसुबह फसलों पर बर्फ की चादर जमी नजर आई। दिनभर सर्द हवाएं नश्तर की भांति चुभती महसूस हुई। तेज हवाएं चलने से भी फसलें औंधी गिरने लगी हैं। इससे गेहूं, सरसों, चना आदि फसलों में दाना खराब होने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग की मानें तो, आगामी तीन दिन तक सर्दी के तेवर तीखे बने रहने के आसार हैं।

सूरतगढ़, पहाड़ों में बर्फबारी से क्षेत्र में मौसम परिवर्तन हुआ और सर्दी के तेवर फिर से तीखे हो गए। यहां पाला पड़ने की स्थिति रही। ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों पर बर्फ जम गई। दिनभर ठण्डी हवाओं के दौर से एक बार फिर ठिठुरन बढ़ गई। मौसम में बदलाव के कारण पाळा पडने का खतरा देखते हुए किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई।

सिद्धुवाल, क्षेत्र में मौसम के पलटने से किसानों की चिंता बढ़ गई। दिनभर तेज हवाओं का दौर जारी रहा। वही, अलसुबह तूड़ी पर बर्फ जम गई। मौसम परिवर्तन से फसलों को नुकसान होगा। इससे किसान वर्ग चिंतित नजर आ रहे हैं।

## पेपरलीक मामले में महिला एसआई हिरासत में

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। पुलिस उप निरिक्षक परीक्षा को लेकर पेपर लीक के तार किशनगढ़ से भी जुड़े हुए है। एसओजी की टीम पुलिस ट्रेनिंग सेंटर (आरपीटीसी) किशनगढ़ में ट्रेनिंग कर रही महिला सब इंस्पेक्टर विश्नोई को हिरासत में लेकर जयपुर ले गई। हालांकि स्थानीय पुलिस को कार्यवाही की भनक तक नहीं लग सकी। पुरा मामला वर्ष 2021 पुलिस उप निरिक्षक परीक्षा से जुडा हुआ है। दरअसल पुलिस की गिरफ्त में आया पेपर लीक गैंग के सदस्य हर्षवर्धन मीणा ने पूछताछ के दौरान चौकाने वाले खुलासे करने के साथ इसके आवास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर एसओजी टीम संभावित ठोर ठिकानों पर छापामार कार्यवाही कर रही है। अंडर ट्रेनिंग एसआई पेपरलीक गैंग के सदस्य हर्षवर्धन मीणा ने अपनी पत्नी के स्थान पर भी डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास कराई थी। पर वह फिजिकल टेस्ट के दौरान बाहर हो गई थी।

# जैसलमेर में "भारत-शक्ति युद्धाभ्यास" 12 मार्च को

■ भारतीय सेना की ताकत को देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 12 मार्च को पोकरण आ सकते हैं

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में स्थित एशिया की सबसे बड़ी पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारत की तीनों सेनाएं सबसे बड़ा युद्धाभ्यास भारत-शक्ति नाम से 12 मार्च को करने जा रही है। इस युद्धाभ्यास में तीनों सेनाएं भारत में निर्मित हथियारों की ताकत का प्रदर्शन करेंगी। भारतीय सेना की इस ताकत को देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 12 मार्च को पोकरण आ सकते हैं। इस युद्धाभ्यास में सिर्फ स्वदेशी तरीके से विकसित किए गए वेपन हथियार और सिस्टम को शामिल किया जाएगा। पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 12 मार्च को होने जा रहे युद्धाभ्यास में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। इस युद्धाभ्यास के दौरान आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा देखने को मिलेगी।

सैन्य सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस युद्धाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सैन्य नेतृत्व को सैन्य मामलों में रणनीति-आधारित क्रांति विकसित करने को कह सकते हैं। जिसके तहत भारत, भारतीय भूगोल एवं इसके सुरक्षा खतरों से निपटने की रणनीति शामिल हो। ऐसा कहा जा रहा है कि भारत शक्ति नाम के इस युद्धाभ्यास में भारत में तैयार डिफेंस प्लेटफॉर्म और नेटवर्क आधारित सिस्टम को टेस्ट किया जाएगा। इससे युद्धाभ्यास से स्वदेशी हथियारों की ताकत के बारे में भी पता चलेगा।

पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाले युद्धाभ्यास में तेजस लड़ाकू विमान के अलावा के-9 आर्टिलरी गन, स्वदेशी ड्रोन, पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर्स और शॉर्ट रेंज की मिसाइलें देखने को मिलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आव्हान के बाद से ही देश की तीनों सेनाएं भारतीय सेना के जरिए विकसित सुरक्षित मोबाइल टेलीफोनी जैसी टेक्नोलॉजी के विकास पर केंद्रित हो गई हैं।

"भारत-शक्ति युद्धाभ्यास" में स्वदेशी कम्युनिकेशन और नेटवर्क की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। जिससे इस बात का पता लगाया जा सके कि क्या दुश्मन देश युद्ध के हालात में उन्हें हैक कर सकता है या नहीं। इसके साथ ही भारत शक्ति युद्धाभ्यास में तीनों सेनाओं को एक साथ काम करने का मौका मिलेगा। आमतौर पर तीनों सेनाएं अलग-अलग तरीके से काम करती हैं।

गौरतलब है कि भारतीय सेना सौ फीसदी स्वदेशी बन चुकी है। भारत सरकार अब भारतीय नौसेना और वायुसेना को भी स्वदेशी बनाने पर जोर दे रही है। केंद्र सरकार का उद्देश्य है कि पनडुब्बी निर्माण और एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफेक्चरिंग में भी स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल किया जाए। वर्तमान में सरकार को एयरक्राफ्ट इंजन या फिर कुछ सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमानों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है।


**MUNICIPAL CORPORATION KOTA-SOUTH, KOTA, RAJASTHAN**

Rajeev Gandhi Bhawan, Dusshera Ground, CAD Circle, Kota
email : nnksouth@gmail.com, website : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Tel Ph. No. : 0744-2502142
No :- NNK/South /Fire / 2024 /730-742 Date : 01-03-2024

**E-Tender**

Municipal Corporation Kota South invites on line tender from placement agency/firm/contractor for below mentioned work (Supply Work of Heavy Vehicle Driver (Experienced & Trend) 12 Months (30 Nos.) Amount 60.00 Lacs Detailed tender document can be download form website www.sppp.rajasthan.gov.nic.in, e-proc.rajasthan.gov.in and www.rajasthan.gov.in/nnks.

UBN No. DLB2324SLOB34825
राज.संवाद/सी/23/14171 Additional Commissioner

**Office of the Executive Engineer, PHED, PDR, City Div. II, Bikaner**

No. 2973-91 Date: 28.02.2024

**Notice Inviting Bid: 64-70/2023-24**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 06.03.2024 upto 06.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the Bids of Rs. 196.11 Lacs.
UBN No. PHE2324WSOB13931, PHE2324WSOB13932, PHE2324WSOB13933, PHE2324WSOB13935, PHE2324WSOB13936, PHE2324WSOB13938 & PHE2324WSOB13939
जल सीमित है, इसकी बचत करें।
DIPR/C/1946/2024 Executive Engineer PHED, PDR City Div. II, Bikaner

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-करौली।**

क्रमांक-ई.ई/करौली/निविदा/2023-24/3641-3660 दिनांक- 29.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/2023-2024**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान राज्य के करौली में सडक एवं भवन कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए" "बी" एवं "सी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/l www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB Code- PWD2324A4834
S.No. UBN NO.
1 PWD2324WSOB20907
DIPR/C/1806/2024
(नगेन्द्र कुमार महावर) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड करौली

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-टोडाभीम**

क्रमांक-ई.ई/टी.डी.एम/अनु.-III(TA)/निविदा/2023-24/2437-2446 दिनांक- 29.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 14/2023-2024**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला गंगापुर सिटी में सडक कार्य करवाने के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से वार्षिक दर अनुबन्ध करने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र मुं प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/l www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN NO.
1. PWD2324WSRC20878, 2. PWD2324WSRC20882, 3. PWD2324WSRC20884,
4. PWD2324WSRC20885, 5. PWD2324WSRC20886, 6. PWD2324WSRC20887
(के.के. मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम (मो.नं. 9772551400)
DIPR/C/1958/2024


## शगुन के 2.51 लाख रूपये लौटाए

**जयपुर।** शादी में मिले शगुन के 251000 वापस देकर सम्मान के तौर पर एक रुपया रखकर राजपूत समाज में मिसाल कायम की। रतनगढ़ चूरू के रहने वाले रतन सिंह राठौर के सुपुत्र किशन सिंह की शादी नाथूसर नांगल श्रीमाधोपुर निवासी चंचल कंवर पुत्री उम्मेद सिंह शेखावत से हुई जिसमें कन्या पक्ष की तरफ से वर पक्ष को 251000 रुपए नगद शगुन के तौर पर दिए गए जिसे वर पक्ष ने स सम्मान वापस लौटा कर 1 रुपया शगुन का रखकर राजपूत समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ एक मिसाल कायम की।

# सीनियर सैकण्डरी की बोर्ड परीक्षाएं शुरू

## परीक्षाएं शुरू होने के दौरान परीक्षार्थियों में काफी उत्साह नजर आया



परीक्षा समाप्ति के बाद केन्द्र से बाहर आते हुए परीक्षार्थी।

**फुलेरा,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा जारी उच्च माध्यमिक कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो चुकी है। इसके चलते कस्बे की जोबनेर रोड स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी पांचूराम प्रजापति ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर प्रथम दिवस 464 में से 460 परीक्षार्थी उपस्थित होकर परीक्षा दी है।

इसी क्रम में हलवाई बाजार रेलवे स्टेशन के निकट संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की केन्द्राधीक्षक नविता वर्मा ने बताया ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा केन्द्र पर 240 में से कुल 239 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि परीक्षा प्रथम पारी में प्रात: 8:30 बजे से प्रात: 11:45 बजे तक संपन्न करवाई गई। जिसमें दोनों परीक्षा केन्द्रों पर राजकीय और गैर राजकीय विद्यालय के कुल 699 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। जबकि उक्त दोनों केन्द्रों पर कुल 704 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड किये गये थे।

इसके साथ ही महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के केन्द्राधीक्षक डॉ. संजय यादव ने बताया कि परीक्षाओं को लेकर विभागीय नियमों की पूर्ण पालना की जा रही है। इसके चलते परीक्षार्थियों को गहन जांच के उपरांत एवं मूल प्रवेश पत्र के आधार पर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षाएं शुरू होने के दौरान परीक्षार्थियों में काफी उत्साह नजर आया। परीक्षार्थी फरहान खान रोहित जैन, रोहित बागवानी और अभिषेक गहलोत ने बताया कि बोर्ड द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर ही प्रश्न पत्र आया था। जिससे हमें प्रश्नों को समझने में आसानी रही और प्रश्न पत्र हल किया। वहीं परीक्षा देने के पश्चात परीक्षा केन्द्र के बाहर विद्यार्थियों ने अपने टीचर्स के साथ पेपर के बारे में विचार विमर्श करते हुए नजर आए। इस मौके पर बच्चों के साथ कई शिक्षक और अभिभावकगण नजर आये।

## परीक्षा में दो फर्जी परीक्षार्थी व एक नकलची पकड़ा

■ जोधपुर के औसियां में दो फर्जी परीक्षार्थी पकड़ में आए

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में सोमवार को जोधपुर के औसियां में दो फर्जी परीक्षार्थी पकड़ में आए। नकल का एक मामला सामने आया है। इन सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि नकल रोकने के लिए तैयार टीम ने नागौर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनेल में आकस्मिक चौकिंग के दौरान एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय औसियां जोधपुर में नकल के दो प्रकरण पकड़े गए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी के स्थान पर उपस्थिति पत्रक पर वीक्षक द्वारा हस्ताक्षर करवाते वक्त हस्ताक्षर संदेहपूर्ण लगने पर परीक्षार्थी पर संदेह हुआ। इसकी सूचना पर्यवेक्षक को दी गई। पर्यवेक्षक ने केन्द्राधीक्षक को अवगत करवाने पर जांच में पाया गया कि परीक्षार्थी फर्जी आधार कार्ड बनाकर उपस्थित हुआ है।

इसके बाद टीम द्वारा सघन तलाशी में एक और फर्जी परीक्षार्थी की पहचान की। इसमें मूल परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य फर्जी परीक्षार्थी के रूप में उपस्थित हुआ। इन दोनों परीक्षार्थियों का नियमानुसार बयान दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर पुलिस थाना औसिंया में मुकदमा दर्ज करवाकर दोनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश पैनलिस्ट की नई टीम की घोषणा

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा ने अपने मीडिया योद्धाओं की नई टीम को मैदान में उतार दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर रविवार देर रात को प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश पैनलिस्ट की नई टीम बनाई गई है, इसके साथ ही प्रदेश कार्यालय प्रभारी का नाम भी सूची मे जारी किया गया है। वहीं, प्रदेश कार्यालय प्रभारी का जिम्मा मुकेश पारीक को दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश के बाद जारी की गई सूची में कुलदीप धनकड़, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रामलाल शर्मा, अशोक सैनी, पूजा कपिल मिश्रा, अभिमन्यु सिंह राजवी, राजकुमार वर्मा, माधोराम चौधरी, राखी राठौड़, पंकज मीणा आदि को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।


**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, फोन नं: 0141-2700459
क्रमांक :- F-5(1)(187)RCSCE/Civil/SMSA/NIT 2023-24/2023/Vol-47/D-9614 दिनांक :- 01/03/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 29 (सिविल)/2023-24**
**(राजकीय विद्यालयों/के.जी.बी.वी./नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा, STARS Project 2023-24, स्वच्छ भारत कोष, पी.एम.श्री. वर्ष 2023-24, नाबार्ड, एवं DMFT, मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना एवं अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत 266 राजकीय विद्यालयों/के.जी.बी.वी./नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु राशि रू. 6152.91 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 2.16 लाख से 412.25 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अप्लकालीन ई-निविदाऐं 04/03/2024 प्रात: 10.00 बजे से 11/03/2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। UBN :- RSE2324WSOB02748

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/23/14179 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

**कार्यालय नगर परिषद डूंगरपुर (राज.)**

(का) :- 02964-232459, फैक्स :- 02964-233690,
Email Id:-npd.dpr@gmail.com
क्रमांक:- स्टोर/न.प.डूँ/2023-24/4961 दिनांक :-28.02.2024

**निविदा सूचना संख्या 22/2023-24**

नगरपरिषद् डूँगरपुर के ओर से कार्य के अनुभवी एवं स्थानीय व्यवसायीयों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in/www.sppp.raj.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | : | 1 कार्य |
| निविदा की लागत | : | 15.00 लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत 24000/- |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | : | 28.02.2024 प्रात: 11.00 बजे से 11.03.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | : | 28.02.2024 प्रात: 11.00 बजे से 11.03.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| कार्यालय में डी.डी.जमा कराने की तारीख | : | 12.03.2024 दोपहर 2.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | : | 13.03.2024 प्रात: 11.00 बजे से |

NIB code DLB2324A9247 & UBN NO. DLB2324SLOB34246
सभापति आयुक्त
राज.संवाद/सी/23/14169

## संक्षिप्त

### टिंकू सिंह हुए सम्मानित



टिंकू सिंह

**कोटपूतली, (निसं)।** राजधानी जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित यूथ कॉन्फ्रेंस सम्मान समारोह में ग्राम पाथरेडी निवासी टिंकू सिंह शेखावत को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर घनश्याम सिंह, ऋषभ यादव, राकेश शर्मा, केशव शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**मनोहरपुर, (निसं)।** उपखंड कार्यालय सहायक अभियंता (वि) मनोहरपुर में सोमवार को लाइनमैन दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दीपक मिश्रा सहायक अभियन्ता (वितरण) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के मुख्य आतिथ्य व राकेश कुमावत कनिष्ठ अभियंता (वि) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता (वि) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर, कनिष्ठ अभियंता (वि) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड चंदवाजी, कनिष्ठ अभियंता (वि) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खोरा लाड खानी के कर्मचारी थे।

### पाड़ों से भरी पिकअप जब्त

**उनियारा/चौरु, (निसं)।** अलीगढ़ थाने के नवनियुक्त थानाधिकारी सुरेश कुमार चौधरी पदभार ग्रहण करने के बाद एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। दो दिन पहले ही थाना प्रभारी ने पुलिस जाप्ते के साथ दबिश देकर 8सटोरियों को गिरफ्तार किया। अलीगढ थाना प्रभारी सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक टोंक संजीव नैन के आदेशानुसार विगत रात्रि को गस्त के दौरान टोंक सवाई माधोपुर हाईवे मार्ग जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देश पर की गई नाकाबंदी के दौरान करीब दो दर्जन पाडों से भरी पिकअप के साथ दो जने पिकअप चालक मुकेश पुत्र भोलू जाति भोपा 19 साल निवासी रुणिजा थाना डबलाना जिला बून्दी तथा जितेन्द्र पुत्र रामनिवास जाति भोपा (नाईक) 21 साल निवासी रुणिजा थाना डबलाना जिला बून्दी को गिरफ्तार किया।

### स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय एलबीएस पी.जी.महाविधालय में मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के तहत सोमवार को एनएसएस के तत्वाधान में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सोना गुर्जर प्रथम, प्रतिभा द्वितीय व राखी दहिया तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। इस मौके पर प्रो. उर्मिल महलावत, सुरेश कुमार यादव, डॉ. पदमा मीणा, प्रो. देशराज यादव, प्रो. रघुवीर सिंह, प्रो. योगेश यादव, प्रो. सुधीर यादव, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. शुभलता यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### तीन ईकाइयों को बंद कराया

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जल भराव की समस्या को देखते हुए भिवाडी में रीको व पॉल्यूशन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर की जा रही सर्वे की कार्रवाई के दौरान रीको की ड्रेन में केमिकल युक्त गंदा पानी छोडने पर भिवाडी औद्योगिक क्षेत्र की तीन इकाईयों का बंद करने के आदेश निकल गए हैं। इससे पूर्व में भी भिवाड़ी की सात इकाइयों को बंद करने आदेश किए गए हैं। जिला कलेक्टर शुक्ला ने बताया की सीईटीपी बंद पाइप लाइन से नहीं जुडने वाली औद्योगिक इकाइयों व औद्योगिक इकाइयों द्वारा रीको की ड्रेन में गंदा पानी छोडने पर भिवाडी की रामा पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, आरवीएस व सुपर माइका कंपनी को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

### रामकुमार कस्वा होगें नये ए.एस.पी.

**मालपुरा, (निसं)।** सोमवार को जारी की गई अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक स्तर के अधिकारियों के स्थानान्तरण व पदस्थापन सूची में रामकुमार कस्वा को मालपुरा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक पद पर पदस्थापित किया गया। बीते दिनो जारी सूची में भरत लाल मीणा को मालपुरा एएसपी के पद पर लगाया गया था।

# अधिकारी तय समय सीमा में लक्ष्य हांसिल करें : कलेक्टर

■ 100 दिवसीय कार्य योजना का लिया ब्यौरा



**कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, जिले में संचालित विकास कार्य, 100 दिवसीय कार्य योजना, बजट घोषणा, विभागीय फ्लैगशिप योजना, सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का निपटारा, मेरा अस्पताल मेरा वार्ड, सीएमआईएस पोर्टल, जिलों द्वारा राज्य स्तर पर निर्णयाथ प्रेषित प्रकरणों आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके विभाग के अंतर्गत संचालित आवश्यक सेवाओं से संबधित विकास एवं मरम्मत के कार्यों, बजट घोषणाओं से संबंधित चल रहे निर्माण कार्यों, 100 दिवसीय कार्य योजना एवं फ्लैगशिप योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को तय समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये। वहीं 181, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निपटारा भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी विभागाधिकारियों को निर्देश दिए की सभी विभाग अपने-अपने विभागों में चल रहे विकास कार्यों की सूची प्रदान करें जिससे उनका निरीक्षण किया जा सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अंतर विभागीय मुद्दों का नोट बनाकर कलेक्ट्रेट ऑफिस में दें तथा इन मुद्दों की चर्चा मंडे मीटिंग में करें जिससे उनका समाधान त्वरित गति से हो सके। उन्होंने सीएमएचओ को अस्पतालों में पिछले महीने में हुई डिलीवरी, इनएक्टिव तथा अनयूज्ड मशीनों की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को पालनहार तथा पेंशन योजना के भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में होने वाली साईकिल वितरण के स्टेटस के बारे में पूछा तथा बच्चों को जल्द ही साईकिलों का वितरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम योगेश कुमार डागुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, ट्रेजरी ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा, डीएसओ संदीप मेहता, पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता होतीलाल यादव, आ सीडीएस उपनिदेशक कीर्ति बालौरिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी नितिन कुमार, एसडीएम बृजेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सफाईकर्मियों को उपहार और मिठाई बांटी

**अलवर, (निसं)।** सेवानिवृति के बाद एक शिक्षिका ने नवाचार करते हुए शहर के सभी सफाई कर्मचारियों को मिठाई और नगद राशि सहित उपहार प्रदान किए। शिक्षिका राजकुमारी अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंदीपुरा में वरिष्ठ अध्यापिका पद से सेवानिवृति पर अपने परिवार के साथ सोमवार से पूरे शहर में जहां भी सफाई कर्मी मिले, उनको मिठाई, नगद राशि और उपहार प्रदान किए। उस समय सडक के किनारे झाडू लगा रहे श्रमिक हैरान हो गए,जब एक परिवार ने उन्हें बडे सम्मान से यह उपहार प्रदान किए। इस वितरण में इनके पति नरसी अग्रवाल, बेटा आशीष अग्रवाल और पुत्रवधू भी साथ थी। इनका यह अभियान मंगलवार को भी चलेगा। समाजसेवी नरसी अग्रवाल का कहना है कि किसी भी समारोह में हम उस व्यक्ति को भूल जाते हैं जो हमारे लिए अपना जीवन जोखिम में डालकर हमें स्वस्थ्य रखता है। ईनाम और पुरस्कार का असली हकदार भी वही है।

# सी.एम.एच.ओ. ने आंतेला सी.एच.सी. का निरीक्षण किया



**सीएमएचओ कोटपुतली बहरोड डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने सीएचसी आंतेला व पावटा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

**पावटा, (निसं)।** नवनियुक्त सीएमएचओ कोटपुतली बहरोड डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आंतेला व पावटा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया।

रविकांत जांगिड नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएचसी आतेला का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए संस्था पर समय पर साफ सफाई किए जाने तथा इसकी मॉनिटरिंग हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए। ओपीडी व आईपीडी में आने वाले मरीजों का शीघ्र ओपीडी रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए। आपातकाल में आने वाले मरीजों का तुरंत उपचार प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए वार्ड में भर्ती मरीजों से संस्था पर मिलने वाली निशुल्क दवाइयां एवं जांच के बारे में जानकारी ली तथा सभी स्टाफ को यूनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

सीएससी पर राउंड क्लॉक ड्यूटी लगाई जाने के निर्देश दिए गए। वही सीएचसी पावटा विजिट की गई जिसमें विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई सीएमएचओ द्वारा क्षेत्र में मौसमी बीमारियों कि पहले से कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए गए। चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक सभी दवाइयां एवं जांच करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद चिकित्स्क कक्ष, प्रसव कक्ष, जच्चा-बच्चा वार्ड सहित आपातकालीन कक्ष, दवाखाना, वार्ड, टीकाकरण आदि का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों मौजूदगी की जांच भी की।

जच्चा बच्चा वार्ड में डिलीवरी के लिए आई जननी से उनके आहार के संबंध में जानकारी ली। वही गुणवत्तापूर्ण स्वच्छ पौष्टिक आहार जच्चा बच्चा वार्ड की भर्ती महिलाओं को उपलब्ध करने के निर्देश दिये। वही जच्चा बच्चा वार्ड मे महिलाओ के बेड पर छत से गिर रहे प्लास्टर व चूने को लेकर नाराजगी जताते हुए मरमत के निर्देश दिये। इस निरीक्षण के दौरान बीसीएमएचओ सुनील मीणा, नोडल प्रभारी रविकांत जांगिड, डॉ. अशोक जाट, डॉ. सौरभ सहित चिकित्सा टीम व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 100 दिवसीय कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा

**दूदू, (निसं)।** जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने सोमवार को उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं 100 दिवसीय कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलेक्टर ढाका ने उद्यानिकी विभाग की फार्मपौंड योजना, बीज मिनीकिट योजना, प्याज भंडारण ढांचे, संरक्षित खेती के तहत स्थापित पॉलीहाउस व ग्रीनहाउस, कृषि विभाग की नैनो यूरिया, परंपरागत कृषि विकास योजना, वर्मीकंपोस्ट, तारबंदी योजना, कृषि यंत्र योजना, प्रधान मंत्री फसल बीमा के तहत जिले में फसल मुआवजे की प्रगति, योजनाओं की स्वीकृति, संचालित योजनाओं की जिले में भौतिक प्रगति,लाभार्थियों की संख्या, योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्राप्त सब्सिडी सहित विभिन्न बिंदुओं व 100 दिवसीय कार्य योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये साथ ही जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत जिले में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त कर स्थान व कार्यों की सूची तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को मध्यनजर रखते हुए जिले में टैंकर से पेयजल आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाने, खराब हैंडपम्प एवं ट्ययूबवैल की मरम्मत कर कार्यशील करने, गंभीर पेयजल की समस्या वाले स्थानों को चिन्हीकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के दौरान विद्युत आपूर्ति रखने के निर्देश दिए तथा पीएम सुर्य घर योजना के तहत जिले में आवन्टित लक्ष्यों व विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार समय पर योजना का क्रियान्वयन शुरू करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम रतन लाल योगी, जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता मोहन सिंह, कृषि विभाग के के.के. मंगल, आरके सोनी, उद्यानिकी विभाग के मोहन बाना, जेविवीएनएल के जेपी बैरवा, जन स्वास्थ्य विभाग के पीएल मीणा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वस्थ्य शरीर ही कार्यक्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेगा : नितिन दुराफे

■ 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का समापन
■ राष्ट्रीय सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन
■ बेस्ट डब्ल्यूटीआई के लिए अनिल डागी को भी पुरस्कृत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की ईकाइ कोटपूतली सीमेन्ट वर्क्स में सोमवार को 53 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। मुख्य अतिथि ईकाइ प्रमुख नितिन दुराफे ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा की जानकारी देते हुये कहा कि हर क्षेत्र में तकनीकी चेंज हो रही है और इन तकनीकियों का उपयोग सुरक्षा के क्षेत्र में किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर ही कार्य क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने संदेश दिया कि हमें सभी राष्ट्रीय सुरक्षा की पालना कर्मठता के साथ करनी चाहिये। सुरक्षा नियमों की पालना करने में अल्ट्राटेक सीमेंट अग्रणी रहती है। उन्होंने बताया कि कोटपूतली सीमेंट वर्क्स में सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किये जा रहे है तथा सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को लीडर बताया और कारखाने के विकास में भागीदार बताया।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमें सीखना चाहिए एवं कारखानों को सर्वोत्तम बनाने के लिये निरन्तर कार्य करते रहना चाहिये। उन्होंने सभी कामगारों एवं अधिकारियों के सुरक्षित भविष्य की कामना की। सुरक्षा विभाग के संजीव चौधरी ने सुरक्षा शपथ दिलाई। सुरक्षा विभागाध्यक्ष चन्द्रशेखर पाण्डे ने सुरक्षा सप्ताह के दौरान की जाने विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का महत्व बताते हुए सबको सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की बात कही। राजवीर ने इस माह के थीम-हॉट मटेरियल हैडलिंग की जानकारी दी। उपाध्यक्ष वित्त योगेश कुमार मल्होत्रा ने कहा कि हमारे कारखाने की मशीनों के अच्छे रख-रखाव के कारण मशीनें बहुत कम खराब हुई है। जिसका प्रत्यक्ष संबंध सुरक्षा से है।

उन्होंने कारखाना परिसर में उच्च तकनीकी के द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये किये गये प्रयासों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सुरक्षा प्रतिदिन अभ्यास किया जाने वाला विषय है। इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। विधुत विभाग की टीम के कर्मचारियों के द्वारा नाटक मंचन किया गया। अंत में विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। साथ ही बेस्ट डब्ल्यूटीआई के लिए अनिल डागी को भी पुरूस्कृत किया गया। संचालन अश्विन ने किया। इस अवसर पर सभी विभाग अध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व कामगार मौजूद रहे।

# चौथे दिन भी बंद रहा मंडी व्यापार, विधायक से मिला प्रतिनिधि मंडल

■ समस्याओं के समाधान के लिए मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा



**भगवान लक्ष्मीनारायणजी के मंदिर में आयोजित बैठक में अनिश्चितकालीन मंडी व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया।**

**निवाई, (निसं)।** कृषि उपज मंडी में पल्लेदारों द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर चौथे दिन सोमवार को भी मंडी व्यापार बंद रहा। व्यापारी के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर सोमवार को कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायणजी के मंदिर में मंडी व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई।

अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया व संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि बैठक में उक्त मामले की निन्दा करते हुए आरोपितों को मण्डी से बर्खाश्त करने व शीघ्र गिरफ्तार करने सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। इस दौरान आरोपितों को गिरफ्तार व बर्खाश्त नहीं करने तक मंडी व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया। इस घटना को लेकर सोमवार को मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा, रामावतार घाटी, केदार खंडेलवाल, शिवप्रकाश पारीक, रामस्वरूप चौधरी, पारस शिवाड, सुनील अग्रवाल सहित कई पदाधिकारियों ने विधायक निवास पर पहुंचकर विधायक रामसहाय वर्मा से चर्चा करके आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करवाने की मांग की। जिस पर विधायक वर्मा ने थानाधिकारी हरिराम वर्मा से फोन पर चर्चा करके आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कृषि मंडी सचिव किशोरकुमार सोनी को उक्त सभी आरोपितों को मंडी से बर्खाश्त करने के निर्देश दिए। विधायक वर्मा से सभी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर व मंडी से बर्खाश्त कर दिया जाएगा।

व्यापारियों ने मंडी सचिव सोनी से मंडी में प्याऊ पर लगी टंकियों की मरम्मत, सुलभ काम्पलेक्स की सफाई, खराब पडे सीसी टीवी केमरो को ठीक करवाने, मंडी परिसर में चारों ओर सडक निर्माण करवाने, सूअरों को मंडी परिसर से बाहर करवाने सहित विभिन्न मांगों को ज्ञापन सौंपा।

इस पर मंडी सचिव किशोरकुमार सोनी ने व्यापारियों की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान शिवप्रकाश पारीक, मुरारी पण्डा, रामेश्वर चौधरी, राधामोहन खंडेलवाल, कमल पहाडी, घनश्याम शर्मा, राजेन्द्र कुमार, अभय जैन, भागचंद, राकेश पहाडी, धर्मचंद, पदमचंद जैन, सत्यनारायण चौधरी, श्रीराम यादव, ओमप्रकाश अग्रवाल, पवन पारीक, कजोडराम, योगेश जैन, राजेन्द्र चौधरी, दीपक गुप्ता व बुद्धराम चौधरी सहित कई व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## श्रमिकों से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली पलटी

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के चांदसेन गांव के पास श्रमिकों से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली सोमवार को अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रोली में सवार तीन महिला श्रमिक घायल हो गये। जिन्हे मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ति करवाया गया। मिली जानकारी मे सामने आया कि चांदसेन वनक्षेत्र में चल रहे चार दिवारी निर्माण कार्य में लगे कारीगर व श्रमिक शाम को ट्रेक्टर-ट्रोली से घर लौट रहे थे। सडक के घुमाव पर अनियंत्रित हो ट्रोली पलट जाने से सवार श्रमिक सीता पत्नी रामचन्द्र रेगर, गीता पत्नी काना रेगर, जसोदा पत्नी जगदीश रेगर निवासी चांदसेन घायल हो गये। शेष अन्य श्रमिक बाल-बाल बच गये। घायलीं को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिये भर्ति करवाया गया। वही रविवार की देर शाम को दडावट गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सांवरा पुत्र बन्नालाल निवासी डोकरिया घायल हो गया। जिसे मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। वही कलमंडा गांव मे कृषि कार्य के दौरान परसाराम बैरवा पुत्र नारायण बैरवा की मौत हो गई। डिग्गी अस्पताल मे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

## सार-समाचार

### जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लिया

**राजगढ़, (निसं)।** टहला बाईपास पर लायंस क्लब की रीजनल कॉन्फ्रेंस मानस में जरूरतमंद की सेवा की थीम पर त्याग एवं समर्पण को जीवन का लक्ष्य बनाए रखने का वक्ताओं ने आव्हान किया। रीजन चेयरपर्सन वीरेंद्र शर्मा की ओर से मेहमान क्लब पदाधिकारियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार भव्य अभिनंदन किया। हिंडौन महुआ दौसा एवं करीब दर्जन भर क्लबों के पदाधिकारी अभूतपूर्व स्वागत के कायल हो गए। चेयरपर्सन वीरेंद्र शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में क्लबो की ओर से संचालित सेवा गतिविधियों की सराहना करते कार्यकाल में मिले अनूठे सहयोग को अविस्मरणीय बताया। कार्यक्रम में प्रांतपाल ओपी गगगड एवं मुख्य वक्ता मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन रोशन सेठी ने लायंस क्लब की ओर से वर्ष पर्यंत संचालित गतिविधियों एवं उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। सेवा के महत्व पर अनेक प्रसंगों के माध्यम से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को लाभान्वित किया। इससे पूर्व क्लब के अध्यक्ष खेमसिंह आर्य, संयोजक मदनलाल शर्मा,एनएल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, दीनदयाल ताम्बी, सह प्रांत पाल सुधीर बाजपेयी, शारदा दाधीच सहित अन्य अतिथियों का भाव पूर्ण स्वागत किया गया। महुआ एवं बांदीकुई को श्रेष्ठ क्लब सहित अनेक अवार्ड वितरित किए गए। विजन चेयरपर्सन वीरेंद्र शर्मा एवं शारदा शर्मा को लायन विभूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीणा, मीना खंडेलवाल, रूपनारायण शर्मा, नंदलाल बैरवा, भूपेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा ठेकेदार, अजय यादव, गिर्राज प्रजापत, उमेंद्र दाधीच, डॉ केएम गुप्ता, जिनेंद्र जैन, संजय राजस्थानी,अशोक शर्मा, रामनिवास मीणा सहित अनेक क्लब सदस्य एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएल वर्मा ने किया।

### टोंक एस.डी.एम. ने पद संभाला

**टोंक, (निसं)।** टोंक उपखंड के नवनियुक्त उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने सोमवार को एसडीएम टोंक का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यरत अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों से उपखंड की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर पूर्व उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, निजी सहायक मंजीत कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार यादव, हनुमान प्रसाद, रामविलास सैनी एवं सीमा शर्मा समेत अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### टोडारायसिंह पालिकाध्यक्ष आरोपों से बरी

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह नगरपालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी को सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को घूस के लगे आरोपों से राहत प्रदान करते हुये बरी किया। न्यायालय के जारी आदेशों के बाद सैनी को शुभचिन्तकों ने बधाई दी। स्थानीय विधायक, कार्यालय सचिव, एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी को बीते दिनो षडयंत्र पूर्वक लाखों रूपयों की रिश्वत मामले में फंसाये जाने के बाद स्वायत शासन विभाग द्वारा पद से निलम्बित किया गया था। न्यायपालिका का दरवाजा खटखटकाने के बाद बीते दिनो न्यायालय ने उनका निलम्बन बहाल कर पुन: पालिका अध्यक्ष का पदभार सैनी को सौंपा गया था। रिश्वत मामले में हाईकोर्ट से भरत लाल सैनी को बहाल किये जाने के जारी आदेशों से भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड पडी साथ ही मामले के विरूद्ध विपक्षियों द्वारा दायर की गई एसएलपी को भी सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर भरत लाल सैनी को राहत पहुंचाई है।

### आग से पांच ट्रोली चारा जलकर राख

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के ढोला का खेडा गांव में सोमवार की दोपहर एक भूखण्ड में रखे चारे के ढेर में आग लग गई। आग लगने से पांच ट्रोली चारा राख के ढेर में तब्दील हो गया। मिली जानकारी में सामने आया कि ढोला का खेडा निवासी गणेश शर्मा के खाली भूखण्ड में चारे का ढेर रखा था। पास के ही मकान पर छज्जे की रैलिंग पर वैल्डिंग के दौरान गिरी चिंगारी से चारे के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसमे तकरीबन पांच ट्रोली कडबी व घास जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची मालपुरा नगरपालिका दमकल की सहायता से फायरमैन महेन्द्र, रमेश व अकरम ने मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों द्वारा भी अपने स्तर पर ही पानी के टैंकरों की सहायता से समय रहते आग पर काबू पा लेने से पास के बाडो में बडी तादात में रखे चारे व ईंधन सहित पास में बने आवासीय मकानों को सुरक्षित बचा लेने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। डिग्गी थाना पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच नुकसान की जानकारी ली।

### महिलाओं को प्रशिक्षण दिया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भगवान लड्डू गोपाल की पोशाक, झूला, श्रृंगार आदि सामान बनाने की बीस दिवसीय ट्रेनिंग सहकारी समिति के सभागार में प्रारंभ की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डीडीएम नाबार्ड सीकर एमएल मीणा, जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनू के सचिव राजेश अग्रवाल, सहकारी के अध्यक्ष श्याम सुंदर पूनिया, शशिबाला स्वामी, चांदनी शर्मा राजीविका ने अपने अपने विचार रखे। सहकारी के व्यवस्थापक मालीराम निठारवाल व सहायक व्यवस्थापक एस कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान श्रीपाल कंवाडिया ब्लॉक कार्डिनेटर रोहित पारीक, रोहित सैन सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला पर्यावरण सुधार समिति जिला समन्वयक रामवतार पारीक ने किया।

### अपना घर आश्रम द्वारा छह को आश्रय

**टोंक, (निसं)।** 23 वर्षों से मानव सेवा को समर्पित अपना घर आश्रम भरतपुर द्वारा टोंक जिले में असहाय, विमंदित, आश्रयहीन लावारिस लोगों को रेस्क्यू अभियान के प्रथम दिन 6 को अजमेर आश्रम भेजा गया। अजमेर सम्भाग प्रभारी नरेंद्र तिवाडी एवं टोंक हेल्प लाइन प्रभारी भगवान भण्डारी ने बताया कि 2 दिवसीय अभियान में प्रथम दिन एक व्यक्ति उनियारा से, एक डिग्गी, चार देवली से कुल 6 व्यक्तियों को रेस्क्यू कर टोंक लाया गया। इन्हें भोजन करवा आश्रम की एम्बुलेंस में रवाना किया गया। टोंक हेल्पलाइन प्रभारी समाज सेवी भगवान भण्डारी ने बताया कि 5 मार्च को भी विशेष अभियान के तहत अपना घर आश्रम की टीम मय संसाधनों के टोंक ही रहेगी। आम जन को कही भी कोई लावारिस आश्रयहीन विमंदित महिला-पुरुष नजर आए तो 941420209 पर सूचना कर इस सेवा यज्ञ में सहयोग करे साथ ही भविष्य में भी इस नम्बर पर इस प्रकार की सूचना देकर अभियान को सफल बनायें।

# सांभर का कन्या महाविद्यालय पूर्णतया आचार्य विहीन

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में गत वर्ष से संचालित हुआ राजकीय कन्या महाविद्यालय में सात विषयों के सहायक आचार्य के पदों पर स्थाई भर्ती करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं होने से दूर दराज से आकर शिक्षा अर्जित कर सुनहरे भविष्य का सपना संजोए बालिकाओं के भविष्य पर सवालिया निशान भी खडा हो गया है, वहीं अभिभावकों में भी इस बात को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है।

जानकारी अनुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय (राजसेस के अधीन) खोला गया था जिसमें स्वीकृत 7 पदों के विरूद्ध 7 गेस्ट फैकल्टी में पूर्णत्या अस्थाई तौर पर जिन सात विषयों के सहायक आचार्यों को नियुक्तियां दी गई थी उनका कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त हो चुका है तथा इन सभी को आयुक्तालय के आदेश अनुसार हटा दिया गया है। ऐसी स्थिति में प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के विधार्थियों का अध्ययन व अध्यापन कार्य प्रभावित हो चुका है तथा विधार्थियों के भविष्य पर भी तलवार लटक चुकी है। कन्या महाविद्यालय में गैस फैकल्टी में कार्यरत सहायक आचार्यों को हटाए जाने के बाद अंग्रेजी, चित्रकला, भूगोल, इतिहास, हिंदी, गृह विज्ञान व राजनीतिक विज्ञान विषयों की पढाई पूरी तरह से ठप हो चुकी है और यहां पर अब एकमात्र पदस्थापित प्राचार्य के भरोसे कन्या महाविद्यालय संचालित हो रहा है। भाजपा नेता अनिल कुमार गट्टानी ने बताया कि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा को भी पत्र लिखकर यहां पर खाली पडे पदों पर शीघ्र नियुक्ति करवाने हेतु निवेदन किया है। हमें उम्मीद है इसके शीघ्र सकारात्मक परिणाम आएंगे।



अगर खिलाड़ी दो और सीजन इस तरह के शेड्यूल में खेलते रहेंगे तो जल्द ही देश भर में कई खिलाड़ी चोटिल रहेंगे। अगले साल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को ज्यादा गैप रखने पर विचार करना चाहिए। - शार्दुल ठाकुर

भारतीय टीम के ऑलराउंडर, रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच ज्यादा दिन का गैप रखने की मांग करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ पैट कमिंस



**सनराइजर्स** हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को में अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। टीम ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। कमिंस साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह लेंगे। मार्करम की कप्तानी में पिछले सीजन टीम 10वें नंबर पर रही थी। सनराइजर्स ने इससे पहले अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया था। साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह अब न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन बॉलिंग कोच की भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 2 खिताब जीते। टीम ने नवंबर में भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# मुंबई 48वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में

## दो बार की चैम्पियन तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया, शार्दुल प्लेयर ऑफ द मैच



नई दिल्ली, 4 मार्च। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे सेमीफाइनल मैच में सोमवार को मुंबई ने तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम मुंबई 48वीं बार फाइनल में पहुंच गई। इससे पहले मुंबई 41 बार चैंपियन और छह बार रनर-अप रही। टीम ने आखिरी खिताब 2016 में जीता था।

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने मैच में शतक लगाया। उनकी यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली सेंचुरी रही। इसके साथ ही उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में भी इतने ही विकेट लिए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मुंबई और तमिलनाडु के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला गया। शनिवार को मुंबई के खिलाफ तमिलनाडु की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी चुनी। मुंबई की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन पर ही ढेर हो गई। उनके जवाब में मुंबई ने पहली पारी में 378 रन बनाए। वहीं तमिलनाडु की टीम दूसरी पारी में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह मुंबई को पारी और 70 रन से जीत मिली।

**मुंबई के सामने तमिलनाडु की पहली पारी फेल :** मुंबई की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन ही बना पाई। तमिलनाडु की तरफ से टॉप स्कोरर विजय शंकर रहे। उन्होंने 44 रन बनाया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 43 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से पहली पारी में तुषार देशपांडे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर, मुशीर खान और तनुष कोटियान को 2-2 विकेट मिले। मोहित अवस्थी को एक विकेट मिला।

मुंबई ने पहली पारी में 378 रन बनाया। टीम के लिए शार्दुल ठाकुर ने सेंचुरी लगाई। 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे शार्दुल ने 105 बॉल पर 109 रन बनाए। उनके अलावा सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान 55 रन बनाकर आउट हुए। तमिलनाडु के लिए कप्तान साई किशोर ने 6 विकेट लिए। कुलदीप सेन ने 2 विकेट झटके। जबकि संदीप वॉरियर और वाशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला।

# भारत-पाक टी-20 वर्ल्ड कप मैच का टिकट 1.86 करोड़ का

## 9 जून को न्यूयॉर्क में मुकाबला, भारत-कनाडा मैच के टिकट की कीमत भी दोगुनी



### टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में 23 अक्टूबर को मेलबर्न में भारत और पाकिस्तान टीम की भिड़ंत हुई थी

नई दिल्ली, 4 मार्च। अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में टी-20 वर्ल्ड कप होना है। टूर्नामेंट में 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में लीग मैच होना है। यह मैच पहले ही सोल्ड आउट हो चुका है। यानी इसके सारे टिकट बिक चुके हैं। अब कुछ री-सेल वेबसाइट्स पर मुकाबले के टिकट 1.86 करोड़ रुपए तक में बिक रहे हैं।

अमेरिका की न्यूज वेबसाइट टुडे के मुताबिक स्टबहब और सीटगीक जैसी वेबसाइटों पर भारत-पाक मैच की री-सेल टिकटें लाइव हो रही हैं। स्टबहब पर सबसे सस्ते टिकट की कीमत इस समय 1,259 अमेरिकी डॉलर यानी 1.04 लाख रुपए है। वहीं सीटगीक पर सबसे महंगे टिकट का दाम 1 लाख 75 हजार डॉलर है। इसमें 50,000 डॉलर की फीस एड करके टिकट कुल 2 लाख 25 हजार डॉलर का है। भारतीय करेंसी में यह रकम 1.86 करोड़ रुपए होती है। री-सेल टिकट उन टिकटों को कहा जाता है जिसे ऑफिशियल मीडियम से किसी ने खरीद रखा है और फिर इसे अन्य प्लेटफॉर्म पर बेच रहा हो। अमेरिका में इस तरह टिकट बेचना कानूनी रूप से मान्य है। भारत बनाम पाकिस्तान मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत और पाकिस्तान के सभी लीग मैच अमेरिका में होंगे टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के दो मुकाबलों के टिकट सोल्ड आउट हो चुके हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा भारत-कनाडा मुकाबला भी शामिल है। भारत के शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क में खेले जाएंगे। चौथा मैच फ्लोरिडा में होगा।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता चिली ओपन का खिताब

सैंटियागो, 4 मार्च। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को 3-6, 6-0, 6-4 से हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता। रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट 3-6 से अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए 6-0, 6-4 से लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने मैच के बाद कहा, मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा। इसलिए, मैं बस अपनी टीम के साथ इसका आनंद लूंगा क्योंकि हमने यहां आने के लिए और उच्च रैंकिंग हासिल करने के लिए कई वर्षों से संघर्ष किया है।

### राधा यादव और जेमिमा रोड्रिग्ज के बीच हुई बातचीत

नई दिल्ली, 4 मार्च। राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। वहीं जेमिमा के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा और वह 10 गेंदों में सात ही रन बना पाई और आउट हो गई। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर



मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं। दिल्ली कैपिटल्स से महिला प्रीमियर लीग 2024 में 3 मार्च को गुजरात जायंट्स के खिलाफ 25 रनों से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और पुख्ता कर दिया है। दिल्ली कैपिटल्स की जीत के बाद महिला प्रीमियर लीग के आधिकारिक अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिग्ज और राधा यादव के बीच बातचीत हुई है। राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। राधा यादव ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ चार ओवर में महज 20 रन खर्चकर तीन विकेट चटकाए। वहीं जेमिमा के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा और वह 10 गेंदों में सात ही रन बना पाई और आउट हो गई। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं।

### टी-20 मुकाबले में श्रीलंका ने दिया बांग्लादेश को 207 रनों का लक्ष्य

सिलेट, 4 मार्च। सदीरा समराविक्रमा की नाबाद 61 रन, कुसल मेंडिस 59 रनों की अर्धशतकीय पारी और चरिथ असलंका की 44 रनों की तूफानी पारी की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां सिलेट अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो चार रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में कामिंडु मेंडिस भी 19 बनाकर पवेलियन लौट गये। कुसल मेंडिस और सदीरा समराविक्रमा ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। कुसल मेंडिस ने 36 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बनाये।

# 5 वां टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह



नई दिल्ली, 4 मार्च। इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं।

धर्मशाला के स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए, टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी।

धर्मशाला के स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69 विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती हैं।

टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है, लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है।

रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने पिछला मैच खेला था। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम को प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। इनकी बैटिंग भी बहुत शानदार है। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है। बुमराह ने सीरीज के 3 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। इसके बावजूद अगर कुलदीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला तो फिर आकाश दीप को बाहर बैठाया जाएगा। ऐसे में अगर पहले गेंदबाजी आई तो टीम इंडिया के लिए 3 स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में रखना रिस्की ऑप्शन हो जाएगा।

### नेपाल के कुशल ने बाउंड्री पर कूदकर गेंद रोकी और नीदरलैंड के बैटर को रन आउट किया

नई दिल्ली, 4 मार्च। नेपाल और नीदरलैंड्स के मुकाबले में नेपाल टीम के फील्डर कुशल भुर्तेल ने बाउंड्री पर ऊपर कूद कर छक्का बचाने के साथ ही बैटर को रन आउट भी कर दिया। दरअसल नेपाल में त्रिकोणीय सीरीज खेली जा रही है। इसमें नेपाल के अलावा नीदरलैंड्स और नामीबिया ट्राई सीरीज में खेलने वाली अन्य दो टीमें हैं। पारी की आखिरी ओवर में भुर्तेल ने सिक्स को रन आउट तब्दील कर दिया

सीरीज के पांचवा मुकाबला नेपाल और नीदरलैंड्स के बीच खेला जा रहा था। नीदरलैंड्स की पारी का आखिरी ओवर नेपाल की ओर दीपेंद्र सिंह ऐरी कर रहे थे। ऐरी ने ओवर की तीसरी गेंद फुल टॉस बॉल फेंकी, अनुभवी खिलाड़ी रोलोफ वैन डेर मर्वे ने लॉन्ग-ऑन की ओर एक शॉट मारा।

शुरुआत में, यह शॉट छक्के के लिए सीधा बाउंड्री पार करता नजर आ रहा था, लेकिन भुर्तेल ने गेंद को बाउंड्री पार करने से पहले ही ऊपर कूदकर इसे रोक दिया। भुर्तेल इस दौरान बाउंड्री के बाहर गिर गए, उसके बाद उन्होंने तेजी से उठकर गेंद को विकेटकीपर आसिफ शेख की ओर थ्रो किया। तभी किंग्मा डबल की तलाश में क्रीज से बहुत दूर निकल गए थे। आसिफ शेख ने बिना समय बर्बाद किए गिल्लियां उखाड़ दीं, जिससे विवाम किंग्मा सिर्फ चार रन पर रन आउट हो गए।

# राहुल लंदन से भारत लौटे, मेडिकल एक्सपर्ट्स से परामर्श लेने गए थे



नई दिल्ली, 4 मार्च। राहुल को हैदराबाद टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में इंजरी की शिकायत आई थी। भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल लंदन में मेडिकल जांच कराने के बाद भारत लौट आए हैं। राहुल ने लंदन में टॉप मेडिकल एक्सपर्ट्स से परामर्श लिया। फिलहाल वे रिहैब के लिए बेंगलुरु में की नेशनल क्रिकेट अकादमी में हैं।

राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। उन्हें दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ के ऊपरी हिस्से की मांसपेशी) में इंजरी की शिकायत आई थी। इस समय वे 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, उन्हें मैदान पर वापसी करने के लिए से रिटर्न टू प्ले सर्टिफिकेट लेना होगा। पिछले साल सर्जरी करा चुके है राहुल : केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए। इसके बाद से बाकी तीन मैचों में वह नहीं खेल सके।

उन्हें हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल ही उनकी सर्जरी हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। वहीं मैनेजमेंट टीम में उनकी दोहरी भूमिका को देखते हुए कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। राहुल वर्ल्ड कप में भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने टीम इंडिया के पिछले साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज में भी विकेटकीपिंग की थी।



### भारतीय टेबल टेनिस टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर रचा इतिहास

नई दिल्ली, 4 मार्च। भारत की महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने आगामी ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। रैंकिंग के आधार पर महिला और पुरुष टीम को पेरिस ओलंपिक में जगह मिली है। मौजूदा समय में भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम 15वें और महिला टेबल टेनिस टीम 13वें स्थान पर हैं। दरअसल टीम ने पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# यश ठाकुर की नाबाद 97 रनों की पारी ने विदर्भ को संभाला

नागपुर, 4 मार्च। यश राठौड़ की नाबाद 97 रनों की पारी की मदद से रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विदर्भ ने छह विकेट पर 343 रन स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। सोमवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में छह विकेट के नुकसान पर 343 रन बना लिए हैं और उसकी बढ़त 261 रनों की हो गई। विदर्भ ने आज सुबह एक विकेट पर 13 रन के स्कोर आगे खेले हुए धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा किया। कप्तान अक्षय वाडकर 77 रन, अमन मोखाड़े 59 रन, करुण नायर 38 रन और ध्रुव शोरे 40 रन बनाकर आउट हुए। यश राठौड़ ने 165 गेंदों में 12 चौकों की मदद से नाबाद 97 रन बनाये। आवेश खान और कुलवंत खजरोलिया को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल हिमांशु मंत्री की 126 रनों की शतकीय पारी की मदद से रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने 252 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए विदर्भ के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 82रनों की बढ़त बना ली। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में मध्यप्रदेश के आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी कर मुजाहिरा करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर ढ़ेर कर दिया था।


## कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सा.नि.वि. सम्भाग भरतपुर

क्रमांक-अमुअ/भरत/त.स./2023-24/डी-2274 दिनांक-26.02.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 29/ (पीएमजीएसवाई वित्तीय प्रोत्साहन)/2023-24

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना (वित्तीय प्रोत्साहन) के अन्तर्गत सडक नवीनीकरण हेतु मय पांच साल की मरम्मत के लिए प्रतिशत दर के अनुसार कुल 05 पैकेज अनुमानित लागत राशि रू. 474.86 लाख के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से अल्पकालीन ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in व www.pwd.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in व www.pmgsytendersraj.gov.in पर देखा जा सकता है। इछुक संवेदकों को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट www.pmgsytendersraj.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

NIB: PWD2324A4729, UBN: PWD2324WSOB20508, PWD2324WSOB20512, PWD2324WSOB20513, PWD2324WSOB20514, PWD2324WSOB20515

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
सानिवि संभाग भरतपुर

DIPR/C/1720/2024

## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड, दौसा

E-mail: eedausa@gmail.com

क्रमांक- निविदा/2023-24/3300 दिनांक- 29.02.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2023-2024

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खण्ड, दौसा के विभिन्न कार्यो की अनुमानित लागत 290.00 लाख रू. है, के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2024 दोपहर 12.00 बजे से दि. 07.03.2024 सायं 06.00 बजे तक बेची जाकर दि. 08.03.2024 को अपरान्त 3.00 बजे, खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है या सम्पूर्ण निविदाऐं नहीं खोली जा सकती तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को सम्पूर्ण या कोई भी कार्य की निविदा बिना किसी कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। निविदा से संबंधित कार्यो का विवरण वेबसाइट www.waterresources.rajasthan.gov.in, & www.dipr.rajasthan.gov.in & http://sppp.raj.nic.in व कार्यालय हाजा के नोटिस बोर्ड पर कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

UBN NO.: WRD2324WSOB02049, WRD2324WSOB02050, WRD2324WSOB02051, WRD2324WSOB02052, WRD2324WSOB02053, WRD2324WSOB02054, WRD2324WSOB02055, WRD2324WSOB02056, WRD2324WSOB02057, WRD2324WSOB02058, WRD2324WSOB02059, WRD2324WSOB02060, WRD2324WSOB02061

अधिशाषी अभियंता
जल संसाधन खण्ड, दौसा

DIPR/C/1867/2024

राजस्थान सरकार

## कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-F.32(B)(1)(ए.पी.)EX/L/2024-25-03000-Part File (7)/608 दिनांक-04.03.2024

### मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों के वर्ष 2024-25 के लिये अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा क्रमांक प.4/(1)वित्त/आब/2024 दिनांक 01 फरवरी 2024 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2024-25 के प्रावधानानुसार मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in अथवा https://eauction.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | नीलामी की दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1 | 09 मार्च, 2024 | प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक |

1 ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://excise.rajasthan.gov.in अथवा https://eauction.rajasthan.gov.in से अपने SSO ID के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रक्रियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर "Citizen" केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।

2 कम्पोजिट दुकानों का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in अथवा https://eauction.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।

3 नीलामी के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश व इनमें संशोधन https://excise.rajasthan.gov.in अथवा https://eauction.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

4 ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।

5 नीलामी की अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेगी।

DIPR/C/______/2024 आबकारी आयुक्त, राजस्थान

# 4.4 करोड़ की पैनल्टी "अंडर-प्रोटेस्ट" भरना स्वीकार किया टोंक के बजरी खनन लीज़धारियों ने

## लीज़धारियों का कहना है कि, उन्होंने पैनल्टी की राशि इस शर्त पर भरी है कि, विभाग उनका पक्ष सुने और तर्कसंगत फैसला ले

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 4 मार्च। राज्य के खनन विभाग की ओर से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध बजरी खनन रोकने के लिए जनवरी माह में अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के दौरान खनन विभाग ने टोंक जिले में बजरी खनन कर रहे लीज़धारियों का औचक निरीक्षण किया था और पाया था कि लीज़धारियों के पास घोषित 'स्टॉक पाइल' से कई अधिक टन बजरी थी।

इस संदर्भ में विभाग द्वारा उक्त खनन लीज़धारियों के खिलाफ 31 जनवरी और 1 फरवरी को अतिरिक्त स्टॉक को सीज़ करने और पैनल्टी लगाने के आदेश पारित किए गए थे। खनन विभाग द्वारा 12 फरवरी को उक्त लीज़धारियों को 'शो-कॉज़ नोटिस' भी भेजा गया था। विभाग की इस कार्यवाही के खिलाफ लीज़धारी प्रदीप सेठी और अमन सेठी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उक्त मामले पर सुनवाई करते हुए दोनों लीज़धारी याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह पैनल्टी लगाने के आदेश पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं लेकिन पैनल्टी की राशि, जो करीब 4.4 करोड़ रूपये बताई जा रही है, को विभाग में जमा करेंगे बशर्ते विभाग उनके पक्ष को सुने और फिर तर्क संगत निर्णय करे कि किसी भी कानून का उल्लंघन किया गया है या नहीं।

■ अदालत ने विभाग को याचिकाकर्ता, बजरी खनन लीज़धारी का पक्ष सुन कर 15 दिन में फैसला देने को कहा है। अदालत के आदेश में यह भी तय है कि, याचिकाकर्ता लीज़धारी विभाग के निर्णय को हाई कोर्ट में पुनः चुनौती दे सकते हैं।

न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने विभाग को कहा है कि वह याचिकाकर्ताओं को 'शो-कॉज़ नोटिस' पर अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का समय दे और फिर 15 दिन में जांच कर अपना निर्णय लें। अदालत के आदेश से यह भी स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता विभाग के निर्णय को हाईकोर्ट में पुनः चुनौती दे सकते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा व वरिष्ठ ए.के. शर्मा पैरवी के लिए पेश हुए थे। और यह याचिकाएं अधिवक्ता संदीप सिंह शेखावत की ओर से दायर की गई थीं। संदीप सिंह शेखावत ने बताया कि विभाग द्वारा जब्त की गई बजरी की मात्रा अंकित करने में बार-बार बदलाव किए गए, जिससे पैनल्टी की राशि पहले 80 करोड़ रूपये बताई गई थी फिर उसे घटा कर 15 से 17 करोड़ रूपये बताया गया और अंतः यह राशि 4 से 6 करोड़ रूपये के बीच बताई गई। उन्होंने कहा कि विभाग ने बजरी का घनत्व (डैन्सिटी, जिसके अनुसार पैनल्टी तय की जाती है) जाँचने में भी गलतियां कीं।

उन्होंने कहा कि इस घनत्व की जांच केवल एन.ए.बी.एल. द्वारा प्रमाणित लैब में की जा सकती है और इस नियम की भी यहां पालना नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जब तक यह मामला अदालत में लंबित रहता, तब तक उन्हें खनन गतिविधि की अनुमति नहीं मिल पाती और उनकी लीज़ अवधि का समय जाया होता रहता। इसलिए याचिकाकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शित करते हुए पैनल्टी की राशि भरी है और अब अपना पक्ष विभाग के समक्ष रखेंगे।

# भारतीय वैज्ञानिक ने खोजा नया बैक्टीरिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 मार्च। असम के मूल निवासी एवं न्यूजीलैण्ड की ऑकलैण्ड यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट व अनुसंधानकर्ता डॉ. बिकिरम परदेसी और उनकी टीम ने एक नए बैक्टीरिया की खोज करने के लिए भारी सराहना मिली है। वह दिल्ली के अग्रणी पत्रकार एवं घनश्याम परदेसी के पुत्र हैं। घनश्याम परदेसी व स्टेट्समैन, द टैलीग्राफ, यू.एन.आई. और मेनस्ट्रीम मीडिया से जुड़े हुए थे। उनकी मां दीपिका परदेसी गुवाहाटी शिफ्ट हो गई थीं और डॉ. बिकिरम की शिक्षा-दीक्षा भी गुवाहाटी में ही हुई।

डॉ. बिकिरम परदेसी ने भारत के प्रतिष्ठित मायक्रो बायलॉजिस्ट डॉ. आनंद मोहन चक्रबार्ती के सम्मान में नए खोजे गए इस बैक्टीरिया का नाम "चक्रबरतायेला" रखा है। यह बैक्टीरिया ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड के समीपवर्ती महासागर में एक मछली की आंतों में पाया गया और कोरल सरवाइवल में अहम् भूमिका निभाता है।

यह उल्लेखनीय खोज "इन्टरनैशनल जर्नल ऑफ सिस्टैमिक एण्ड इवोलूशनरी माइकोबायलॉजी" में छपी है। इससे ना केवल बैक्टीरिया की नई प्रजातियों की उपस्थिति के बारे में पता चलता है, बल्कि यह अपने आप में एक नये वंश या अन्य शब्दों में प्रजातियों का एक समूह है।

# 'सदन में वोट देने के एवज में रिश्वत लेने पर सांसदों, विधायकों को कोई संरक्षण नहीं'

## सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक मामले में अपने ही फैसले को पलटते हुए कहा कि, रिश्वत खोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं

नयी दिल्ली, 04 मार्च। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को संसदीय 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि, रिश्वतखोरी विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया।

पीठ ने माना कि, संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है।

■ सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 1998 के पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार के कार्यकाल संसद में वोट देने के एवज में झारखंड मुक्ति के नेताओं द्वारा रिश्वत लिए जाने के मामले में दिया है।

सात सदस्यीय पीठ ने कहा, हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज को नष्ट कर देती है। पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से, 1998 के जे.एम.एम. रिश्वत मामले के नाम से चर्चित मामले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के बहुमत के फैसले से असहमति जताई। पीठ ने कहा कि, राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले विधायक पर भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 3:2 के बहुमत फैसले में व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के लिए संसद में मतदान के लिए रिश्वतखोरी के खिलाफ मुकदमा चलाने से सांसदों को छूट दी गई थी।

सात सदस्यीय पीठ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन की याचिका पर 5 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 'अखबारी कागज़ से 5 प्रतिशत सीमा शुल्क हटाया जाए'

नयी दिल्ली, 04 मार्च। इंडियन न्यूज़पेपर सोसाइटी (आई.एन.एस.) ने सरकार से अखबारी कागज पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुये कहा है कि, यह देश में प्रिंट मीडिया उद्योग के अस्तित्व के लिये जरूरी है।

आई.एन.एस. ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, दुनिया भर के साथ-साथ भारत में भी कई न्यूज़प्रिंट मिलों ने या तो अपना परिचालन निलंबित कर दिया है या फिर न्यूज़प्रिंट उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे देश भर में न्यूज़प्रिंट की आपूर्ति की निरंतरता को लेकर चिंता की लकीरें खिंच गयी हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि, यदि यह शुल्क वापस ले लिया जाता है, तो

■ इंडियन न्यूज़ पेपर सोसायटी ने कहा कि, 5 प्रतिशत सीमा शुल्क हटाना प्रिंट मीडिया के लिए बेहद जरूरी है।

प्रिंट मीडिया उद्योग को बहुत राहत मिलेगी। इससे प्रकाशकों को अपनी परिचालन लागत को अधिक प्रभावी ढंग से व्यवस्थित करने और जनता के लिये विश्वसनीय समाचार और सूचना का निरंतर प्रसार सुनिश्चित करने में सहूलियत होगी।

आई.एन.एस. के अनुसार, अखबारी कागज की कीमत और उपलब्धता की मौजूदा स्थिति वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, तार्किक पेचीदगियों, रुपये के मूल्यह्रास और अखबारी कागज पर प्रचलित सीमा शुल्क जैसे विभिन्न कारकों के संयोजन के कारण है। इससे देश में प्रकाशकों पर भारी बोझ पड़ गया है। रुपए की कीमत में कमी आने से प्रिंट मीडिया क्षेत्र जैसे आयात-निर्भर उद्योगों पर दबाव बढ़ गया है।

आई.एन.एस. ने कहा है वह इन हालातों के मद्देनजर सरकार से अपील करती है कि, अखबारी कागज़ पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करे। जिससे प्रिंट मीडिया बिना किसी अन्य बोझ के सुचारू रूप से चल सके।

## बैंगलोर में बम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं, जिन्होंने एन.ओ.सी. दी है? क्या वे ऐसी रिपोर्ट देने के लिये अधिकृत हैं? हम सारी जांच करेंगे।" भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यसभा चुनाव में पार्टी के नेता नसीर हुसैन की जीत का उत्सव मनाते हुए, विधानसभा के बाहर "पाकिस्तान जिन्दाबाद" के कथित नारे लगाने का विरोध कर रही है। भाजपा ने कहा, "विधानसभा के बाहर जिसने "पाकिस्तान जिन्दाबाद" के नारे लगाने शुरु किये थे, वह एफ.एस.एल. रिपोर्ट में स्पष्ट हो चुका है। कर्नाटक कांग्रेस तथा उत्सवी फेक न्यूज फैक्ट्री की मुखिया, प्रियंका खड़गे को अब अपने देशद्रोही कृत्य को स्वीकार करना चाहिये और विधानसभा के बाहर दंडवत होकर जनता से माफी मांगनी चाहिये।"

# 'आप आम आदमी नहीं है, एक मंत्री हैं, आपको परिणाम पता होना चाहिए'

## सुप्रीम कोर्ट ने उदयनिधि स्टालिन को सनातन धर्म पर टिप्पणी के लिए फटकारा

नयी दिल्ली, 04 मार्च। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की, उनके सनातन धर्म विरोधी कथित बयान के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज मुकदमों को एक जगह करने का निर्देश देने की उनकी याचिका पर सुनवाई के दौरान खिंचाई की और कहा कि, एक मंत्री के रूप में उन्हें परिणामों के बारे में पता होना चाहिए था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू से कड़ा रुख अपनाते हुए स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से मौखिक रूप से कहा कि, उन्हें राहत के लिए संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए। पीठ ने हालांकि, वरिष्ठ

■ जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू से ही कड़ा रूख अपना रखा और कहा, आपने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दुरूपयोग किया है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी।

अधिवक्ता सिंघवी के द्वारा, विभिन्न मामलों में अदालत के रुख का हवाला देते हुए राहत की गुहार के बाद याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई के लिए सहमति जताई।

पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, "आपने (स्टालिन) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग किया। आपने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अनुच्छेद 25 के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया और अब आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं?"

पीठ ने (स्टालिन के सनातन धर्म वाले बयान पर) कहा, "आप आम आदमी नहीं हैं, आप एक मंत्री हैं, आपको परिणाम पता होना चाहिए। आपने जो कहा क्या उसके नतीजे आप नहीं जानते।" उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे हैं। आरोप है कि उन्होंने दो सितंबर 2023 को सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन के संबंध में आयोजित एक बैठक में कथित तौर पर हिंदू धर्म के खिलाफ नफरत भरा भाषण दिया था।

उनके वकील सिंघवी ने अदालत के समक्ष कहा कि इस मामले में स्टालिन के खिलाफ उत्तर प्रदेश, बेंगलुरु, पटना, जम्मू और अन्य राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। यह अभियोजन पक्ष का उत्पीड़न है। वरिष्ठ वकील ने मुकदमों को एक जगह करने के लिए अर्नब गोस्वामी, मोहम्मद जुबैर, अमीश देवगन, नूपुर शर्मा के मुकदमों से संबंधित शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों का भी हवाला दिया।

## लालू यादव का मोदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था कि "यदि नरेन्द्र मोदी का स्वयं का कोई परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं? वह राम मंदिर को लेकर डींग हांकते रहते हैं, लेकिन वह सच्चे हिन्दू नहीं हैं। हिन्दू परम्परा में अपनी मां के स्वर्गवास पर पुत्र को अपनी दाढ़ी और सिर के बाल कटाने पढ़ते हैं और अपनी मां के निधन पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।" कांग्रेस नेताओं ने भी इस विवाद में कूदते हुए तर्क दिया कि भाजपा के अभियान से संकेत मिलता है कि भाजपा के नेता संघ परिवार के प्रति अपनी निष्ठा को बदलकर अब "मोदी परिवार" के प्रति कर रहे हैं।

कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि "भाजपा अब परिवारवाद के बारे में बात नहीं कर सकती।" मध्य प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा के जीवन मूल्य और सिद्धांत बदल गए हैं। ये हर किसी को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले ये लोग कहते थे कि उनके लिए देश प्रथम है, फिर पार्टी को प्रथम बताने लगे और फिर नेता को। पहले यह संघ परिवार हुआ करता था, अब यह मोदी परिवार है।"

इन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि "विपक्ष प्रधानमंत्री से ईर्ष्या रखता है। हम वर्षों से देखते आ रहे हैं कि विपक्ष ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना के साथ प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपमानजनक व अप्रिय बयानबाजी करता रहा है। मैं हर किसी को यह याद दिलाना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है।"

# वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग से ई.डी. के सवालों का जवाब देंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, 4 मार्च। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के ताजा समन का जवाब देते हुए कहा था कि वह, 12 मार्च के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने के लिए तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल से पूछताछ के लिए एजेंसी तैयार नहीं है।

ज्ञातव्य है कि, दिल्ली शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल से ईडी फिजिकली पूछताछ करना चाहती है। इससे पहले मुख्यमंत्री को 8 बार ईडी

■ ई.डी. दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को 8 बार सम्मन भेज चुका है, पर केजरीवाल एक बार भी ई.डी. के दफ्तर नहीं पहुंचे।

द्वारा समन जारी किया जा चुका है, लेकिन केजरीवाल एक भी बार ईडी के दफ्तर नहीं पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ का कोई भी प्रावधान नहीं है। इस मामले पर भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाल ने बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल बेतुका है कि जिस व्यक्ति पर शराब घोटाले का मास्टरमाइंड होने का गंभीर आरोप है, अब वह तय करेगा कि वह कब पेश होगा। केजरीवाल जिस तरह से ईडी के सामने पेश होने की बात कह रहे हैं, कानून में ऐसा कभी सुना नहीं गया है। जब अन्ना हजारे के संरक्षण में अरविंद केजरीवाल थे, तो वो कहते थे कि पहले इस्तीफा फिर जांच की जाए।

## मायावती इण्डिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को शामिल किया जा सकता है और आगामी लोकसभा में उत्तर प्रदेश में उन्हें 25 सीटें आवंटित की जाएगी जबकि समाजवादी पार्टी 38 पर एवं कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ सकती है।

खबर है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अखिलेश को मनाया कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संयुक्त रूप से संघर्ष करने व उसे चुनावों में परास्त करने के लिए बसपा गठबंधन में साथ लेना चाहिए।

ऐसे भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सोनिया गांधी 9 मार्च को संयुक्त गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में मायावती के नाम की घोषणा कर सकती है। हालांकि, इस मामले में अब तक बहुजन समाज पार्टी की तरफ से कुछ भी संकेत नहीं दिया गया है।

इस कयास के पीछे सूत्रों का कहना है कि इंडिया गठबंधन की कई सहयोगी पार्टियां राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, जबकि सभी सहयोगी दल मायावती को इस शीर्ष पद के लिए दलित नेता के बतौर स्वीकार करने को तैयार हो जाएंगे।

# शाजापुर में आज राहुल गांधी का रोड शो

भोपाल, 04 मार्च। मध्यप्रदेश के शाजापुर में 5 मार्च को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। कांग्रेस की जानकारी के अनुसार, गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 5 मार्च को सुबह

■ राहुल की न्याय यात्रा इन दिनों मध्य प्रदेश में है। रोड शो के बाद राहुल गांधी अगले दिन उज्जैन जाएंगे और महाकाल मंदिर में दर्शन करेंगे।

8.30 बजे पचौर में स्वागत होगा, तत्पश्चात् सुबह 9.30 बजे सारंगपुर में स्वागत होगा। पूर्वान्ह 11.30 बजे से शाजापुर टंकी चौराहा से एचपी पेट्रोल पंप तक रोड-शो के बाद दोपहर 12 बजे मक्सी में न्याय यात्रा का स्वागत होगा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने बताया कि दोपहर भोज के दौरान दोपहर 12.30 बजे विद्या संस्कार इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मक्सी जिला शाजापुर में दोपहर भोज के साथ-साथ परीक्षार्थी संवाद और पत्रकार वार्ता होगी। न्याय यात्रा का अगला पड़ाव कायथा, विजयगंज मंडी होते हुये उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगा, जहां राहुल गांधी महाकाल मंदिर में दर्शनार्थ हेतु जायेंगे।

## शाहबाज़ ने पाक के प्र.मंत्री पद की शपथ ली

इस्लामाबाद, 04 मार्च। पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोमवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पाकिस्तान के 24वें निर्वाचित प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने समारोह में नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री को पद की शपथ दिलाई।

## चुनाव के बाद चुनावी बॉण्ड की जानकारी देगा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एस.बी.आई. से चुनावी बॉन्ड के मूल्य, उनका मूल्य व भुनाने की तारीख का ब्यौरा मांगा था।

सर्वोच्च न्यायालय ने इसके लिए 6 मार्च की तारीख दी थी। अगर इस अवधि को बढ़ाकर 30 जून किया जाता है तो इसका अर्थ होगा कि जब तक जानकारी सामने आएगी तब तक चुनाव नतीजे घोषित हो चुके होंगे। स्पष्ट रूप से यह कदम भाजपा को बचाने के लिए उठाया गया है जो कि चुनावी बॉन्ड पाने वालों में सबसे ऊपर है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि जानकारी जुटाने और उसे मैच कराने में काफी समय लगेगा। गत माह सुप्रीम कोर्ट ने अपने एतिहासिक फैसले में सत्तारूढ़ पार्टी को भारी झटका देते हुए राजनैतिक फंडिंग की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया और कहा कि यह बोलने और अभिव्यक्ति की आज़ादी के अधिकार और सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। चुनावी बॉन्ड योजना 2017-18 के बजट में राजनैतिक दलों को आर्थिक सहायता देने के लिए घोषित की गई थी।

## '15 जून तक मुख्यालय खाली करे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश की घोषणा करते हुए पार्टी को अपना मुख्यालय रिक्त करने के लिए 15 जून की अंतिम तारीख दी है। पार्टी को वैकल्पिक स्थान के लिए केन्द्र सरकार के भूमि व विकास कार्यालय में आवेदन करने की अनुमति प्रदान की गई है।

फरवरी में, शीर्ष अदालत ने यह देखा कि आप के कार्यालय ने ज़मीन पर अतिक्रमण किया हुआ है कोर्ट ने हैरानी व्यक्त की और नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि आप पार्टी उस भूमि पर अतिक्रमण कर रही है जो मूल रूप से दिल्ली हाई कोर्ट को उसके बुनियादी ढांचागत विस्तार के लिए आवंटित की हुई थी। मामले की सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने कहा "कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। और एक राजनीतिक दल उस भूमि पर कैसे जमकर बैठ सकता है? बिना कब्जे वाला भाग हाई कोर्ट को अवश्य दिया जाना चाहिए।

पार्टी ने आरोपों से इनकार किया और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने शीर्ष अदालत को गुमराह करने के लिए गलत जानकारी पेश की है।

पार्टी के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि "आम आदमी पार्टी इस आरोप का पुरजोर और स्पष्ट रूप से खंडन करती है कि पार्टी का दिल्ली में राउज़ एवेन्यू कोर्ट स्थित पार्टी मुख्यालय अतिक्रमण की हुई भूमि पर बनाया हुआ है। यह बहुत ही भयावह स्थिति है कि केन्द्र सरकार ने माननीय सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने के लिए कोर्ट में असत्य तथ्य प्रस्तुत किए हैं। हम इस मामले से संबंधित उचित दस्तावेज माननीय अदालत के समक्ष पेश करेंगे जिससे स्पष्ट रूप से पता चल जाएगा कि आम आदमी पार्टी को तथाकथित भूमि दिल्ली सरकार द्वारा आवंटित की गई थी। ध्यान देने वाली बात यह है कि यही भूमि वर्ष 1992 में आई.ए.एस. व तीन मंत्रियों को आवंटित की गई थी। कुछ भी हो, यहां किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है।"

# "भद्रलोक" की बगावत का संकेत है, न्यायाधीश गांगुली की "जुडिशिएरी"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन तब वामपंथियों के दबदबे के साथ राजनीति के "प्लबिअनाइजेशन" की प्रक्रिया शुरु हो गई थी। कुछ ऐसे लोगों के पास सत्ता की वास्तविक ताकत थी जो पूर्व के नेताओं की तरह अभिजात्य पृष्ठभूमि अर्थात "भद्रलोक" से नहीं थे। लेकिन उनका शैक्षणिक स्तर बेहतरीन था। उस समय के कुछ विद्वानों ने तो आंदोलन में भाग लिया था। इसी के साथ इसमें भी काई संदेह नहीं है कि कुछ ऐसे लोग भी आगे आए जिन्हें अभिजात्य वर्ग के मूल्यों से कोई मतलब नहीं था।

वाम मोर्चा की प्लबिअन राजनीति ने बहुत जल्दी ही अगली पीढ़ी के नेताओं की चोरी में बदल गई। अगर कोई एक व्यक्ति, भद्रलोक राजनीतिज्ञों के वर्ग के शिखर पर पहुंचे थे, वह थे समृद्ध, सुशिक्षित और नामी वकील सिद्धार्थ शंकर रे। रे विख्यात वकील सी.आर. दास के नाती थे जो कलकत्ता हाई कोर्ट के 1920 के दशक में सफलतम वकीलों में से एक थे। उन्होंने अपने एक कैबिनेट सहयोगी को भ्रष्टाचार के कारण जेल भेजा था। रे ने अपनी राजनीति की शुरुआत वामपंथियों के साथ की थी, पर वे बाद में कांग्रेस की मुख्यधारा की राजनीति की तरफ झुक गए थे।

फिर बदलाव हुआ क्योंकि वामपंथी दल सत्ता में आ गए थे। इसमें उच्च स्तर पर तो अभिजात्य वर्ग के लोग थे, पर पार्टी के निचले स्तर के लोग मामूली पृष्ठभूमि के थे। इनमें से कई बेहद गरीब थे और उनके पास आर्थिक सम्बल नहीं था। इसका अर्थ यह नहीं है कि गरीब तबके से आए लोग पूरी तरह से भ्रष्ट हों, ये जरूरी भी नहीं है। गरीब वर्ग से कुछ नेता व राजनीतिज्ञों का आचरण बेहद उच्च था और उन्हें वित्तीय गड़बड़ी का दोषी नहीं ठहराया जा सकता था।

यह प्राचीन आदर्श था और जिसमें गरीबी को बहुत ज्यादा महिमा मंडित किया गया था, पर अब यह पुराना हो गया है। आपने सुना ही होगा। "सादा जीवन उच्च विचार" जैसे वाक्य पर आज के माहौल में इनका मज़ाक उड़ाया जाता है। वामपंथी शासन के

■ पर, इस स्थिति में आमूल परिवर्तन आया, ममता बनर्जी के आगमन से। वे साधारण मध्यवर्गीय परिवार की युवती थीं तथा उनके राजनीतिक समर्थक भी इसी पृष्ठभूमि से थे। अपने समर्थकों की निष्ठा व वफादारी पाने के लिये ममता बनर्जी का "गिव अवे" (मिल बैठक कर सरकारी धन व सुविधाएं बांटने) का कल्चर शुरू हो गया, जिसका हाई पॉइंट था, "संदेशखाली" प्रकरण।

■ पर, अब पदासीन हाई कोर्ट के जज व पार्टी के शक्तिशाली महारथी का इस्तीफा इस "मिल बांट" कर खाने के खिलाफ बगावत का संकेत है, जो "भद्रलोक" सभ्यता व मान्यताओं की वापसी चाहता है, जहां जनता, राजनीतिक नेताओं को आदर व कुछ श्रद्धा से भी देखती थी।

बाद के दिनों में कुछ पार्टी तत्वों द्वारा निजी तौर पर आर्थिक फायदा कमाए जाने के बारे में अफवाहें उड़ी थी जो कि वाम मार्चा के शुरुआती दिनों में टॉप पर था।

लेकिन जब तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई और इसने अपनी पकड़ बना जी तब तक भारी परिवर्तन देखने को मिला। ममता बनर्जी खुद भी अच्छे समृद्ध परिवार से नहीं आईं थी।

उन्होंने समर्थन और सहानुभूति हासिल करने के लिए "देने" की राजनीति शुरु की और दुख की बात है कि अपने समर्थकों में उन्होंने जो लालच पैदा किया था उस ने समूची पार्टी का लपेटे में ले लिया। यह सब इसलिए हुआ क्योंकि निजी तौर पर सत्ता हासिल करने के अलावा उनकी कोई राजनीतिक विचारधारा नहीं थी। सत्ता हासिल करने और सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की ललक में वो पूरी तरह से "देने" (पैसे बांटने) की राजनीति पर बहुत ज्यादा निर्भर हो गईं। चूंकि बंगाल की अर्थव्यवस्था पहले ही ठप्प हो गई थी और सम्मान के साथ आजीविका कमा पाने की संभावनाएं बहुत कम रह गईं थी। उन हालात में जो भी लाभ पहुंचाया गया उसे आभार के साथ स्वीकार किया गया। अब लोग बहुत बेसब्री से इन तोहफों की प्रतीक्षा करते हैं, चाहे ममता बनर्जी को ये अपनी जेब से ही क्यों न देने पड़े। यही नहीं अपने भाषणों में भी वो हमेशा यही कहती हैं कि किस तरह से वो लोगों को रुपए बांटती हैं।

उनकी नीति विहिन राजनीति का दूसरा प्रमुख घटक है लोकतांत्रित प्रक्रिया को कमज़ोर बनाना और संस्थानों पर नियंत्रण कर लेना। उन्होंने अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य प्रशासन को हथियार बनाया है और चुनाव व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए वे पुलिस का भी इस्तेमाल करती है। इस प्रक्रिया का चरम हाल ही में तब दिखा जब वरिष्ठ मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी करने और आम लोगों पर हमले करने की बातें सामने आईं। अब वे इतनी शक्तिहीन हैं कि इसमें दखल नहीं दे सकतीं। क्योंकि चुनाव जीतने के लिए वे इन्हीं तत्वों पर निर्भर हैं।

जिस घटना ने जनता का सब्र तोड़ दिया वह थी संदेशखाली की घटना, जिसने तृणमूल के कट्टर समर्थकों में भी बगावत पैदा कर दी जैसे तापस रॉय उन्होंने हिंसा व डराने धमकाने की कई घटनाओं पर से पर्दा उठाया। तापस तृणमूल के शुरुआती दिनों में पार्टी में थे।

अब जस्टिस गांगुली ने अपराधिक राजनीति और खुले आम चोरी के खतरों के खिलाफ उठ खड़े होने की बात कही है। उन्होंने शिक्षित मध्यम वर्ग से राजनीति में आने व अपने हाथों में नियंत्रण लेने की अपील की।

## तीसरी बार संसद का चुनाव लड़ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाते हैं। पहली बार भाजपा ने केरल और उत्तर प्रदेश से मुसलमान को टिकट दिया

■ क्या इस बार टिकट वितरण में मोदी द्वारा उदारवादी सोच अपनाने को मजबूर होने का कारण, जमीनी स्थिति है और तेजस्वी यादव की पटना में इण्डिया गठबंधन के लिये आयोजित विशाल रैली। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शरद पवार की पार्टी व शिव सेना (उद्धव ठाकरे) की बढ़ती पकड़ ने भाजपा को सचेत किया है कि, छवि परिवर्तन बिना 400 सीट का लक्ष्य पाना कठिन है।

है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि, आगे भी मुसलमानों को और टिकट दिए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि, पटना में तेजस्वी यादव की भारी रैली के बाद, भाजपा को बिहार में कुछ सीटें खोने की चिंता है और महाराष्ट्र को लेकर भी यही चिंताएं हैं, जहाँ उद्धव ठाकरे, शरद पवार का गठबंधन जमीनी स्तर पर बहुत मजबूत है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908